
सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 08 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 66, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 7.51 अंकों की गिरावट

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स दो दिनों की बढ़त के बाद 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 पर बंद हुआ। } 14

## अमित शाह ने भाषा को लेकर स्टालिन पर निशाना साधा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा प्रदान करने को कहा तथा तमिल भाषा की भी सराहना की। } 16

संक्षेप

### ईडी ने कई राज्यों में की छापेमारी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुखौटा कंपनियों के जरिए भारत से विदेशों में कथित तौर पर करोड़ों रुपये अवैध तरीके से भेजे जाने से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत शुक्रवार को कई राज्यों में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह मामला राजस्थान के जयपुर में काम करने वाले कुछ लोगों के खिलाफ सीमा शुल्क विभाग की शिकायत से जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि छापे जयपुर, उदयपुर और अजमेर, मुंबई, सूरत और नोएडा में मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुखौटा या फर्जी कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपये के कथित अवैध धनप्रेषण की जांच के तहत कुछ कारोबारियों और उनसे जुड़े लोगों के परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

### बुलंदशहर : सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

बुलंदशहर (उप्र)। बुलंदशहर जिले के ककोड़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ककोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत दस्तूरा गांव के रहने वाले रिंकू (25), सचिन (27) और सचिन का साला डब्बू (19) हलवाई का काम करते थे और वे गौतमबुद्धनगर में आयोजित एक विवाह समारोह में खाना बनाने गए थे। उसने बताया कि जब वे शुक्रवार को मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस लौट रहे थे और रास्ते में बुलंदशहर ककोड़ मार्ग पर एक कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में रिंकू, सचिन और डब्बू की मौके पर ही मौत हो गयी।

### बलिया में संत रविदास की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के पकड़ी थाना क्षेत्र के उससा गांव में कथित तौर पर कुछ लोगों ने संत रविदास की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार उससा गांव में बृहस्पतिवार को रात्रि संत रविदास की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रतिमा के दाहिने हाथ की कोहनी और अंगुली को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त किया है। शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीणों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त स्थिति में देखा तो पुलिस को घटना की जानकारी दी।

## मुम्बई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को जल्द लाया जायेगा भारत

### अमेरिकी अदालत ने खारिज की प्रत्यर्पण पर रोक वाली अर्जी

एजेंसी

नई दिल्ली। न्यूयॉर्क। अमेरिका की शीर्ष अदालत ने मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी। राणा (64) वर्तमान में लॉस एंजिलिस के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में बंद है। उसने अमेरिका के शीर्ष अदालत के एसोसिएट जस्टिस और नौवें सर्किट के सर्किट जस्टिस के समक्ष रोक लगाने की आपात अर्जी दायर की थी।

शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर छह मार्च 2025 को जारी एक नोट में कहा गया है, अर्जी न्यायाधीश (एलेना) कगन द्वारा अस्वीकार की गई। यह अर्जी अमेरिका की शीर्ष अदालत की एसोसिएट जस्टिस एलेना कगन के समक्ष पेश की गई थी। भारत ने कहा कि वह 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के वास्ते अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है। पिछले महीने वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी देने की घोषणा की थी। मोदी-ट्रंप वार्ता पर भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान में भी इसका जिक्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुद्रा योजना के तहत दिये 32 लाख करोड़ रुपये : मोदी

### बजट में प्रस्तावित 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट से वेतनभोगी वर्ग, छोटे व्यवसायी व श्रमिकों को होगा लाभ

एजेंसी



सूरत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि मुद्रा योजना के तहत केंद्र ने 32 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिनके पास शून्य सीटें हैं, वे इस राशि के शून्य नहीं गिन सकते हैं।

गौरतलब है कि कांग्रेस पांच फरवरी को दिल्ली में हुए विधानसभा चुनावों में अपना खाता खोलने में विफल रही, जहां भाजपा को जीत मिली। यह लगातार तीसरी बार है, जब दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। मोदी ने कहा कि एक समय था जब गरीबों को अपने छोटे व्यवसाय के लिए कर्ज लेने के लिए बैंक में प्रवेश करने की भी अनुमति नहीं थी। उन्होंने कहा, बैंक ऋण के बदले गारंटी मांगते थे। गरीब व्यक्ति गारंटी कहां से जुटाएगा? इसलिए गरीब मां के बेटे मोदी ने हर गरीब का गारंटर बनने का फैसला किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025-26 के आम बजट में प्रस्तावित 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट से वेतनभोगी वर्ग, छोटे व्यवसायी और श्रमिकों को लाभ होगा। उन्होंने गुजरात में सूरत खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमने अब तक मुद्रा योजना के तहत गरीब नागरिकों को 32 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया है। जो लोग हमें गाली देते हैं, जिनके पास शून्य सीटें हैं, वे 32 लाख करोड़ रुपये में शून्य नहीं गिन पाएंगे। केंद्र सरकार ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों को किफायती दर पर कर्ज देने के लिए 2015 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शुरू की थी। मोदी ने कहा कि सूरत में शुरू किया गया अभियान खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दूसरे जिलों के लिए प्रेरणा बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पांच करोड़ फर्जी राशन कार्ड को खत्म करके सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुव्यवस्थित किया है। उन्होंने कहा कि सूरत में प्रशासन ने करीब 2.25 लाख नए लाभार्थियों की पहचान की है। अब उन्हें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र का लक्ष्य देश के हर परिवार को कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए उचित पोषण देना है। मोदी ने कहा भारत के लोग लगभग 50 वर्षों से गरीबी हटाओ का नारा सुनते-सुनते थक चुके थे। हर चुनाव अभियान में यह नारा लगाया गया, लेकिन कोई भी गरीबी को दूर नहीं कर पाया। मेरी सरकार ने पिछले 10 ...शेष पृष्ठ 14 पर

# काशी-अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी : योगी

### ○ फूलों और लड्डूमार होली के जरिये किया रंगोत्सव का आगाज ○ यमुना भी गंगा की तरह होंगी निर्मल और अविरल

मधुसूदन शर्मा



मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। सीएम योगी ने आश्वासन दिया कि मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, नंदगांव, गोवर्धन और बलदेव सहित ब्रज क्षेत्र में अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज की तरह तेजी से विकास होगा।

बरसाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों एवं लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पांच हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा एवं आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता का प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुंभ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला। जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलंबियों ने महाकुम्भ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुम्भ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है। योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिना भेदभाव के होगी प्रगति, किसी का भी नहीं होगा तुष्टीकरण : सीएम

दिलीप सुराना

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि नए भारत में सभी को बिना किसी भेदभाव के सुरक्षा और प्रगति के अवसर मिलेंगे, लेकिन किसी का तुष्टीकरण नहीं होगा।

आगरा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत एक हजार युवाओं के बीच ऋण वितरण के लिए आयोजित कार्यकम को मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। योगी ने आगरा मंडल के 1,000 युवाओं को शुक्रवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऋण का चेक एवं उप्र ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) के प्रशिक्षणार्थियों को टूल किट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि युवा देश की ऊर्जा के प्रतीक हैं। आज 1,000 नये युवा उद्यमी प्रदेश और देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए तत्पर होकर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए महाकुम्भ-2025, प्रयागराज की चर्चा की। उन्होंने कहा कि कुंभ ने उत्तर प्रदेश को आस्था के पांच कॉरिडोर दिए हैं और यह पंच तीर्थ आज आस्था के साथ-साथ आजीविका के भी आधार बने हैं। उन्होंने कहा कि इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विधायक अब्बास अंसारी को मिली अंतरिम जमानत

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी को राज्य के गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में अंतरिम जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को लखनऊस्थित अपने सरकारी आवास में रहने का निर्देश दिया और कहा कि उन्हें मऊमें अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से पहले प्राधिकारियों से पूर्व अनुमति लेनी होगी। पीठ ने अंसारी से कहा कि वह अदालत की पूर्व अनुमति के बिना उत्तर प्रदेश न छोड़ें और अदालतों में पेश होने से एक दिन पहले पुलिस अधिकारियों को सूचित करें। शीर्ष अदालत ने पुलिस से अंसारी से संबंधित जमानत शर्तों के अनुपालन पर छह सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट देने को कहा। अंसारी को अन्य आपराधिक मामले में 4 नवंबर 2022 को हिरासत में लिया गया था, लेकिन 6 सितंबर 2024 को गैंगस्टर अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पीठ ने कहा कि उन्हें गैंगस्टर अधिनियम के मामले को छोड़कर सभी आपराधिक मामलों में जमानत दी गई है। पिछले साल 18 दिसंबर को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आतंकवाद बेहद गंभीर चुनौती : जयशंकर

### आतंकवाद के खिलाफ भारत-आयरलैंड के साझा दृष्टिकोण को किया रेखांकित

एजेंसी



लंदन। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आयरलैंड में यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन में अपने संबोधन में कहा कि संघर्ष आज एक प्रमुख मुद्दा है और भारत का मानना है कि मतभेदों को बातचीत एवं कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए।

जयशंकर ने विदेश नीति के विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे और आतंकवाद के खिलाफ भारत-आयरलैंड के साझा दृष्टिकोण को रेखांकित करने के लिए जून 1985 में एयर इंडिया विमान पर हुए आतंकवादी हमले का संदर्भ दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि पश्चिमी कॉर्क में आयरिश गांव अहाकिस्ता, कनिष्क बम विस्फोट आपदा का गवाह है, जिसमें 329 लोगों की मौत हो गई थी। ये घटना आयरलैंड के तट पर हुई थी। जयशंकर ने कहा संघर्षों के बारे में एक विशेष बात, क्योंकि यह आज भारत के लिए एक बहुत ही प्रमुख मुद्दा हैअ हमारा हमेशा से यह मानना रहा है कि इस युग में मतभेदों को युद्ध के मैदान में नहीं सुलझाया जा सकता और न ही सुलझाया जाना चाहिए। वह गुरुवार को भारत का विश्व के प्रति दृष्टिकोण विषय पर अग्रणी आयरिश शोध संस्थान में छात्रों, शिक्षाविदों और प्रवासी समुदाय के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। जयशंकर ने कहा, संघर्ष के बारे में बात करते हुए, आतंकवाद का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वायुसेना का लड़ाकू विमान हरियाणा में दुर्घटनाग्रस्त

एजेंसी

चंडीगढ़। भारतीय वायुसेना का एक लड़ाकू विमान हरियाणा के पंचकूला जिले में शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पायलट विमान को जमीन पर किसी भी बस्ती से दूर मैदान में ले गया और इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है।

पंचकूला जिले के रायपुररानी के थाना प्रभारी ने फोन पर बताया भारतीय वायुसेना का विमान पंचकूला जिले के पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लेकिन पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया। भारतीय वायुसेना का एक परिवहन विमान शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि एएन-32 विमान के चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने बताया कि विमान को घटनास्थल से निकाला जा रहा है।

## मातृशक्ति के बिना राष्ट्र का विकास असंभव

### धामी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को दीं शुभकामनाएं

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज अथवा राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। भारतीय संस्कृति में शक्ति की पूजा की जाती रही है, मातृशक्ति समाज की मार्ग दर्शक के साथ ही प्रेरणा का स्त्रोत भी है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बेहतर भविष्य के लिए उनका वर्तमान संवारने के लिए राज्य सरकार द्वारा कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत तथा उत्तराखण्ड सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्राविधान किया गया है। प्रदेश में अब तक 01 लाख लखपति दीदी बनाई जा चुकी है। अगले वर्ष तक यह लक्ष्य 2.50 लाख करने का रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने समान नागरिक संहिता लागू कर राज्य की जनता से किया वादा पूरा किया है। यह महिलाओं के सम्मान से जुड़ा कानून भी है। कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं की आर्थिकी को मजबूती प्रदान की जा रही है।

रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:21 | 4:55 | 6:11 | 5:09 |



आज का मौसम

अधिकतम : 31.06 डिसे.

न्यूनतम : 16.04 डिसे.

भीतर पढ़ें


- बजट को नवंबर तक 60 फीसद तक व्यय करें (पृष्ठ-02)
- फरवरी तक 14076.13 करोड़ अधिक मिले (पृष्ठ-02)
- विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 638.69 अरब डॉलर (पृष्ठ-14)
- सोना 89,000 से नीचे चांदी में 500 रुपये तेज (पृष्ठ-14)
- ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए 109 करोड़ मंजूर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

### 2023 में 748 मौतों की तुलना में 2024 में 1,081 लोगों की गयी जान

# विश्व आतंकवाद में दूसरे नम्बर पर पाकिस्तान

एजेंसी



इस्लामाबाद। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (जीटीआई) 2025 की रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान में आतंकवाद बढ़ता जा रहा है जिससे यह वर्ष 2024 में दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बन गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में आतंकवाद से होने वाली मौतों में 45 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में 748 मौतों की तुलना में 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 1,081 हो गया। यह आकंड़े वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से मौत में सबसे तेज वृद्धि में से एक हैं। पूर्व में इस सूचकांक में पाकिस्तान चौथे स्थान पर था। पाकिस्तान में आतंकी हमलों की संख्या भी वर्ष 2023 में 517 से बढ़कर 2024 में 1,099 हो गई। यह संख्या पहली बार 1,000 का आंकड़ा पार कर गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान लंबे समय से यह दावा करता रहा है कि प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान में हमले करने के लिए कर रहे हैं। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि पाकिस्तान में आतंकवाद में बढ़ोतरी और काबुल में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बीच महत्वपूर्ण संबंध है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान में सक्रिय आतंकवादी गुटों ने विशेष रूप से पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर अपने हमले तेज किए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि टीटीपी देश में सबसे घातक आतंकवादी समूह बना हुआ है जो आतंकवाद से संबंधित सभी मौतों में से 52 फीसदी के लिए जिम्मेदार है। प्रतिबंधित संगठन टीटीपी ने वर्ष 2024 में कुल 482 हमले किए जिनमें 558 लोग मारे गए। बीते वर्ष के मुकाबले टीटीपी के हमलों की संख्या दोगुनी हो गई, वहीं मौतों में 90 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार अफगान तालिबान के वर्ष 2021 में सत्ता में लौटने के बाद से टीटीपी को अधिक स्वतंत्रता और सीमा पार सुरक्षित ठिकाने मिले हैं जिससे इसे हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने की खुली छूट मिल गई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पाकिस्तान में आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा रहे। यह दोनों क्षेत्र अफगानिस्तान की सीमा से लगे हैं। वर्ष 2024 में पाकिस्तान में 96 फीसदी से अधिक आतंकी हमले और मौतें इन्हीं प्रांतों में दर्ज किए गये। रिपोर्ट में प्रतिबंधित बलूचिस्तान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने की तैयारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्रालय ने देश के 60 बड़े स्टेशनों के बाहर स्थायी प्रतीक्षालय क्षेत्र का निर्माण कराने का फैसला किया है। एक बयान के जरिये यह जानकारी दी गई। यह निर्णय नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर कथित रूप से अत्यधिक भीड़ के कारण मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत के करीब एक महीने बाद आया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां रेल भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके देश के उन प्रमुख स्टेशनों पर लागू किए जाने वाले भीड़ नियंत्रण के उपायों पर चर्चा की जहां समय-समय पर भारी भीड़ होती है। बयान में कहा गया है, वर्ष 2024 के त्योहारी मौसम के दौरान सूरत, उधना, पटना और नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर बनाए गए प्रतीक्षालय क्षेत्रों में बड़ी भीड़ को रखा जा सकेगा। यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर तभी जाने दिया जाएगा, जब ट्रेन आएगी। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के नौ स्टेशनों पर की गई इसी तरह की व्यवस्था भी कारगर साबित हुई। इन अनुभवों के आधार पर स्टेशन के बाहर स्थायी प्रतीक्षालय क्षेत्रों का मॉडल तैयार किया जाएगा। बयान के अनुसार, नयी ...शेष पृष्ठ 14 पर

○ 60 बड़े स्टेशनों के बाहर स्थायी प्रतीक्षालय क्षेत्र का निर्माण कराने का फैसला

C M Y K

# सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले 107 दुग्ध उत्पादक पुरस्कृत

## 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार से किया गया सम्मानित, 44 दुग्ध उत्पादकों को मिला नंदबाबा पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने वर्ष 2023-24 में प्रदेश के सर्वाधिक दुग्ध आपूर्तिकर्ता 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल

- **हाइवे के आसपास विचरण करने वाले गौवंशों के गले में लगायी जायेगी रेडियम पट्टी : धर्मपाल सिंह**

पुरस्कार और गाय के सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले 44 दुग्ध उत्पादकों को नन्दबाबा पुरस्कार से आज यहां इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया। पुरस्कृत सभी 107 दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, पुरस्कार स्वरूप धनराशि, प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से भारतीय गोवंशीय देशी गाय के दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है और गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सिंह ने दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध समितियों के माध्यम से व्यवसाय करने का आह्वाहन किया और कहा कि समितियों के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय करके और डेयरी व्यवसाय अपनाकर किसान एवं पशुपालक अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। कार्यक्रम में



गोकुल पुरस्कार के अंतर्गत लखनऊ दुग्ध संघ के लखीमपुर-खीरी जनपद निवासी एवं वेलवा मोती समिति के वरूण सिंह को 230862.0 ली. दुग्ध आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार और बरेली दुग्ध संघ के जनपद बदायू के कुवाडान्डा के हरविलास सिंह को 72140.00 ली. दुग्ध आपूर्ति के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इन दोनों दुग्ध उत्पादकों को क्रमशः 2 लाख रुपये एवं 1.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि तथा शेष अन्य चयनित लाभार्थियों को जनपद स्तरीय पुरस्कार के तहत 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार नंदबाबा पुरस्कार के तहत लखनऊ दुग्ध संघ के जनपद रायबरेली के निवासी एवं दुग्ध समिति लालूपुर खास के लाभार्थी नरेन्द्र कुमार को 14361 ली. दुग्ध आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करते हुए पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। इनके अलावा जनपद स्तरीय पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई।

इस अवसर पर सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पुरस्कृत 107 दुग्ध उत्पादकों में से 36 महिला लाभार्थी है, जो दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में महिलाओ की भागीदारी का एक सशक्त उदाहरण है। इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के. रविन्द्र नायक ने कहा कि यूपी में स्वरोजगार को बढ़ाने में, दुधारू पशुओं के पालन में दुग्ध विकास विभाग अपनी महत्वूपर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। वर्तमान में दुग्ध उत्पादन में यूपी देश में प्रथम स्थान पर है किन्तु दुग्ध उत्पादन में अन्य प्रदेशों की तुलना में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता कम है, जिसमें वृद्धि करने की आवश्यकता है। प्रमुख सचिव ने बताया कि गोकुल पुरस्कार के तहत दुग्ध विकास के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के लिए कृषकों को प्रोत्साहन देने के लिए गोकुल पुरस्कार का वितरण प्रत्येक वित्तीय वर्ष में किया जाता है। गोकुल पुरस्कार के चयन के लिए वे ही दुग्ध उत्पादन पात्र होते है, जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 5000 ली. या इससे अधिक दूध दुग्ध समिति में आपूर्ति किया गया हो।

नन्दबाबा पुरस्कार के लिए भारतीय गोवंश की गाय के सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले वे ही उत्पादक पात्र होते हैं, जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष में कम से कम 1500 लीटर या उससे अधिक दूध दुग्ध समिति में आपूर्ति किया गया हो।

## कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए मिली वित्तीय स्वीकृति

लखनऊ। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए फसल कृषि कर्म, फसल बीमा तथा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का संगत राज्यांश नेशनल क्रॉप इन्श्योरेंस प्रोग्राम योजनान्तर्गत सब्सिडी में प्राविधानित धनराशि 55000 लाख रुपये के सापेक्ष प्रस्तावित धनराशि राज्यांश एक अरब बयासी करोड़ पच्चान्बे लाख चालीस हजार मात्र की वित्तीय स्वीकृति सरकार द्वारा दी गई है।

# प्रदेश के सभी जिलों में जेडीयू के लगेंगे कार्यक्रम : अनूप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय लखनऊ में सम्पन हुई। बैठक में पार्टी के मंडल सयोजक/सह संयोजक, प्रवक्तागण, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष/संयोजक एवं प्रमुख्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने किया।

बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में सांगठनिक कार्यों को विस्तार पूर्वक रखा, जिसको प्रदेश अध्यक्ष ने गम्भीरतापूर्वक सुनकर, उनके जुड़ी समस्याओं का समाधान भी किया। बैठक में निर्णय लिया गया की वर्ष 2026 में पार्टी प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को मजबूती से लड़ेगी और 2027 विधानसभा चुनाव के लिए एक जिले से दो विधानसभा क्षेत्र को चुनकर उसमे मजबूती से तैयारी करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में जिला इकाई के गठन की प्रक्रिया में गति लायी जाए। इसी क्रम में 21 मार्च को प्रयागराज में पार्टी का कार्यक्रम होगा जिसमे की सभी पदाधिकारियों समेत प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। अगला कार्यक्रम बलिया के जिला इकाई के बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। बैठक में पार्टी की महिला प्रदेश अध्यक्ष पूनम सिंह, प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह, भैया हरिशंकर, संजय कुमार सिंह, सुभाष पाठक, अभिषेक चौधरी, अभिषेक राय, विजेंद्र निशांक, कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, प्रदेश सचिव जय प्रकाश पटेल, प्रवीण चौधरी, ओम प्रकाश गुप्ता, विधि प्रकोष्ठ संयोजक तेन सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक पवन गुप्ता, दलित प्रकोस्ठ संयोजक संजय धनकर, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ संयोजक ओम प्रकाश उपाध्याय, प्रदेश प्रवक्ता डॉ केके त्रिपाठी, कुंवर अजय सिंह, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष मंजर अब्बास, उपाध्यक्ष आसिफ रजा, शिव प्रसाद जैस्वाल, मनीष कश्यप, रजत सिंह, डॉ जीतेन्द्र सिंह, राकेश सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# विधवाएं होली खेलकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करायेंगी नाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उल्लास-उमंग और रंगों का पर्व होली इस बार वृंदावन में एक अलग आभा में सराबोर दिखेगा और सरकार के प्रयासों से यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। प्रदेश सरकार ने इसकी जानकारी दी।

मथुरा-वृंदावन की होली तो वैसे भी जगत प्रसिद्ध है, मगर इस बार यहां की होली केवल आनंद ही नहीं सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक समरसता एवं सामाजिक परिवर्तन के सम्मानित क्षण बनकर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने जा रही है। सरकार की एक योजना में कहा गया है कि यूपी सरकार के प्रयासों से यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। इसमें कहा गया है कि इस क्रम में, वृंदावन के सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग होली पर विधवाओं की होली-2025 के तौर पर एक भव्य आयोजन कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में प्रयास करेगी। ऐसे में, इस बार होली का त्योहार न केवल विधवाओं की बेरंग जिंदगी में खुशियों का रंग घोलने का माध्यम बनेगा बल्कि इतिहास व विश्व रिकॉर्ड में दर्ज होने के साथ ही समाज में सशक्त संदेश देने का माध्यम भी बनेगा। विधवाओं की होली एक अनूठा सांस्कृतिक उत्सव है। परंपरागत रूप से, भारत में विधवाओं से होली जैसे त्योहारों सहित संसारिक सुखों को त्यागने की अपेक्षा की जाती थी, लेकिन भगवान कृष्ण के दिव्य प्रेम से जुड़े शहर वृंदावन में यह एक क्रांतिकारी बदलाव के तौर पर देखा जाता है। हर साल, वृंदावन के विभिन्न आश्रमों से हजारों विधवाएं होली पर खुद को जीवंत रंगों, संगीत और भक्ति में सराबोर कर लेती हैं। योजना के अनुसार, इस समारोह में पारंपरिक लोक गायन, लोक नृत्य, भक्ति गीत जैसी प्रस्तुतियां भी होंगी।

आयोजन में ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल होगा तथा इसमें अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों, मीडिया तथा भक्तों की भागीदारी होगी। इस आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए एक विशिष्ट टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा जिससे उन्हें विभिन्न पहलुओं की विवेचना समेत प्रमाणन प्रक्रिया को पूरा करने में भी आसानी होगी।



# गर्दन और पीठ दर्द के लिए जन जागरूकता शिविर आयोजित

प्रमुख संवाददाता

हल्द्वानी (उत्तराखंड)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में आज एक जनजागरूकता सत्र का आयोजन किया, जिसमें बढ़ते गर्दन और पीठ दर्द के मुद्दों पर चर्चा की गयी। इस जागरूकता सत्र का उद्देश्य आम जनता को रीढ़ की हड्डी से जुड़ी आम बीमारियों के कारणों, रोकथाम और उपचार के बारे में शिक्षित करना था।

इस सत्र का नेतृत्व मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. मनीष गर्ग ने किया। सत्र के दौरान मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. मनीष गर्ग ने कहा कि आजकल की जीवनशैली, गलत मुद्रा (बैड पोस्चर) और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण गर्दन और पीठ दर्द की समस्या तेजी से बढ़ रही है। हल्द्वानी क्षेत्र से भी कई मरीज गंभीर स्थिति में हमारे पास पहुंचते हैं। इस समस्या से बचने के लिए कुछ आसान उपाय अपनाए जा सकते हैं, जैसे- सही तरीके से बैठना, लंबे समय तक काम करते समय नियमित अंतराल पर ब्रेक लेकर स्ट्रेचिंग करना, प्रतिदिन 30-40 मिनट टहलना या किसी भी प्रकार का योग करना। ये सभी उपाय गर्दन और पीठ दर्द की गंभीर समस्याओं से बचाव में सहायक हो सकते हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज, समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और सभी के लिए विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। अस्पताल विभिन्न शहरों में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# जहां महिलाओं के साथ भेदभाव दिखे तो उसके खिलाफ आवाज उठायें : राधा रतूड़ी

देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम महिलाओ को समानता का अधिकार देने का संकल्प लें। सभी को प्रतिज्ञा करनी होगी कि यदि हम अपने आसपास, परिवार या समाज में कहीं भी महिलाओं के प्रति किसी प्रकार का भेदभाव दिखे तो उसके खिलाफ आवाज उठायेंगे। यह विचार प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्यक्त किये। उत्तराखंड सचिवालय संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि महिलाओ की शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार के लिए विशेष प्रयास कर पूरे समाज और देश में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। विकसित भारत, सशक्त उत्तराखंड विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें अपनी आधी आबादी को बराबरी का अधिकार देते हुए कार्यबल में शामिल करना होगा। यदि हमें जीएसडीपी को दुगना करने का लक्ष्य जल्द पूरा करना है तो अधिक से अधिक महिलाओं को भी वर्कफोर्स से जोड़ना होगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों तथा होमगार्ड को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सचिवालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# अजय राय ने वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

## महिला दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं के पहुंचे आवास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महिला दिवस की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की तीन वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं को उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश की आधी आबादी (नारी शक्ति) को बधाई देते हुए कहा कि एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र महिलाओं की सहभागिता के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक गौरवशाली इतिहास रहा है, आजादी की लड़ाई हमारी देश की आधी आबादी नारी शक्ति बढ़ चढकर भागीदारी निभाई है। एक तरफ जहां रानी लक्ष्मीबाई और बेगम हजरत महल ने 1857 में आजादी का बिगुल फूंका दूसरी तरफ भारत कोकिला सरोजनी नायडू ने आजादी की लड़ाई को एक दिशा दी।

अरूणा आसफ अली, कस्तूरबा गांधी, कमला नेहरू, सुचिता कृपलानी से लेकर ऊषा मेहता तक एक लंबी फेहरिस्त है। महिला नेत्रियों की जिन्होंने भारत को आजाद कराने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी कांग्रेस ने हमेशा आधी आबादी को उचित स्थान दिया फिर वह चाहे प्रथम महिला राष्ट्रपति का हो, प्रधानमंत्री का हो, राज्यपाल का हो या प्रथम महिला मुख्यमंत्री का हो। राय ने कहा कि 1992 में हुए 73 और 74 वें संशोधन द्वारा पंचायतों और निकाय चुनावों में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देकर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का समुचित सम्मान किया है और आज भी अपनी उसी गौरवशाली परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। इसी क्रम में आज हमनें कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ महिला नेत्री अनुसुईया शर्मा जो सन 1975 से, बेगम इशरत रसूल जो कि सन 1978 से एवं सुशीला सोनकर जो सन 1980 से कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई हैं, उन्हें उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, पंकज तिवारी, विजय बहादुर, संजय सिंह, आशुतोष मिश्रा, विजय पाण्डेय मौजूद रहे।



# पात्र परिवारों को दिया जाये पीएम आवास का लाभ : मनोज कुमार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित ऐसे परिवारों जिनके पास घर नहीं है, उनका सत्यापन कराते हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का पोर्टल आगमी 30 मार्च तक खुला है, यह पात्र परिवारों को लाभ दिलाने का एक बड़ा अवसर है। सभी बीडीओ को इस कार्य में लगाकर

- **मुख्य सचिव ने की वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठक**
- **आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द करायें पूरा**

सत्यापन कराकर शीर्ष प्राथमिकता पर शामिल कराया जाये, एक भी पात्र परिवार योजना से वंचित नहीं रहना चाहिये। मुख्य सचिव ने ये निर्देश शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती की समीक्षा के दौरान उन्होंने भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी इस कार्य को स्वयं देखेंए निचले स्तर पर न छोड़े। उन्होंने जिलाधिकारियों को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के विभिन्न स्तरों पर लम्बित आवेदनों की समीक्षा करने और यथाशीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष द्वारा 9 जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं को 1 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक की क्षतिपूर्ति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला संचालन समिति की स्वीकृति के उपरांत प्रदान की जाती है। इस कोष में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है। समिति द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का नियमित अनुश्रवण किया जाए। यदि किसी चिकित्सक द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस किये जाने की जानकारी की पुष्टि होती है, तो उक्त चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव को शासन को उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि डीएम सर्किल रेट प्रत्येक वर्ष माह अगस्त में रिवाइज करने की व्यवस्था है। सर्किल रेट मार्केट रेट के आसपास होना चाहिये। ऐसे जनपद जहां कई वर्षों से डीएम सर्किल रेट का पुनरीक्षण नहीं हुआ है, वहां प्राथमिकता पर सर्किल रेट के पुनरीक्षण की कार्यवाही पूर्ण करायी जाये। बैठक में बताया गया कि जनपद मथुरा, बस्ती, मऊ, देवरिया, बिजनौर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन सम्बन्धी समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। मुरादाबाद एवं प्रयागराज जनपदों में आंशिक तथा शेष 68 जिलों में ऑनलाइन परियोजनावार प्रमाण पत्रों के शत प्रतिशत ऑनलाइन सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। 53 जनपदों में अभ्यर्थियों के अभिलेखों के भौतिक सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी हैए शेष 17 जनपदों में भौतिक सत्यापन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।



# भाजपा सरकार लुटेरे और हत्यारों के साथ खड़ी : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में ठगों और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। अपराधी, हिस्ट्रीशीटर और ठग सत्ता से गठजोड़ कर आम जनता को लूट रहे है। सरकार लुटेरे और हत्यारों के साथ खड़ी है।

सरकार सदन से सड़क तक जनता को अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों के अवैध कारनामों और वसूली की कहानियां सुनाती नहीं थकती। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार हो रहा है जब सरकार प्रदेश की जनता को ठगने वाले ठगों और दबंगों का महिमा मंडन कर रही है। महाकुंभ में दूसरों की सक्सेस स्टोरी क्यों सुना रहे हैं। क्या महाकुंभ में उनकी अपनी कोई सफलता की कहानी नहीं है। क्या सरकार खुद असफल हो गयी है जो अपराधियों की कहानी सुना रही हैं। अगर सुनानी है तो सरकार अपनी सच्ची कहानी सुनाए लेकिन सच्चाई तो यह है कि सरकार की अपनी कोई कहानी नहीं है। उन्होंने कहा कि पाताल खोजी पहले पता कर लिया करें फिर महिमा मंडल करें। पहले निवेश के नाम पर ठग से हजारों करोड़ का एमओयू कर लिया। अब नामजद के नाम की सदन में बंद आखों से तारीफ कर दी इसीलिए भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद है। अपराधियों की ठगी और लूट को भाजपा विकास समझती है। अगर सच में एक परिवार ने महाकुंभ में अकेले 30 करोड़ कमाएं हैं तो सरकार ये भी बताए कि जीएसटी कितना मिला। अखिलेश यादव ने कहा कि पवित्र महाकुंभ में यह तो सत्ता संरक्षण में श्रद्धालुओं के साथ लूट की एक कहानी है। भाजपा सरकार के संरक्षण में न जाने कितने ठगों और लुटेरों ने श्रद्धालुओं की आस्था का दोहन किया। इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। सरकार के ब्रांड एम्बेसडर नाविक को लेकर खबरों के माध्यम से जो कहानियां आ रही हैं। वह हैरान करने वाली है। इसी कहानी से भाजपा सरकार की नीति और नियत का पता चल जाता है कि वह कैसे चल रही है?



संक्षेप

## रैली निकालकर शिविरार्थियों ने किया जागरूक

प्रतापगढ़। लीलापुर क्षेत्र के साहबगंज स्थित कुंवरि बाबा पारसपाल सिंह के शिविरार्थियों ने शुक्रवार को जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता, सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण तथा शिक्षा के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के प्रबंधक कमलेश बहादुर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। प्रबन्धक कमलेश बहादुर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए लोगों में आपसी भाईचारे में मजबूती भी हुआ करती है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह, दुर्गेश प्रताप सिंह, गणेश प्रताप सिंह, सरिता त्रिपाठी, शालिनी सिंह, राकेश शुक्ल, तासीर अहमद, संतोष सिंह, अरविन्द त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## सांगीपुर पुलिस ने रंगदारी के दो आरोपियों को दबोचा

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने रंगदारी मांगने के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे शिवगुलाम पूरब देउम निवासी राजेन्द्र मिश्र के पुत्र विजय कुमार मिश्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बीती छः मार्च की शाम दो बाइक से पांच लोग घुइसरनाथ मार्ग पर स्थित उसके मैरिज हॉल पर पहुंचे। आरोपियों ने यहां मौजूद पीड़ित के पिता पर तमंचा लहराते हुए पांच हजार की रंगदारी मांगी। मामले में पुलिस ने तीन नामजद व दो अज्ञात समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चौकी इंचार्ज घुइसरनाथ धाम इन्द्रेश प्रजापति ने शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर गौहानी तिराहा के पास से दो आरोपी कुशांक मिश्र निवासी दीवानगंज एवं शिवम मिश्र निवासी लेबुड़ा भवानीगढ़ को धर दबोचा। एसओ मनीष तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह दिन में बारह बजे सांगीपुर के राजमतीपुर स्थित सावित्री सिंह पब्लिक कालेज तथा दो बजे रामगंज स्थित कमला शिक्षा निकेतन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी अपरान्ह तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे।

## 7 करोड़ की लागत से 59 परियोजनाओं का लोकार्पण

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल के नेतृत्व में सम्बंधित भाजपा जनप्रतिनिधियों व नेता प्रतिपक्ष/ विधायक इंटवा माता प्रसाद पाण्डेय व जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर0 पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन सीडीओ जयेंद्र कुमार के मौजूदगी में 7 करोड़ की लागत से 59 परियोजनाओ का लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत के सहयोग से 07 करोड़ की लागत से 69 परियोजनाओ का (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जन आरोग्य मन्दिर एवं साधन सहकारी समिति) का कराये गये जीर्णोद्धार का लोहिया कलाभवन में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक इटवा/ नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा लोकार्पण किया गया। इस मौके पर तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बेटे ने अपनी मां को भाला मारा, मौत

शाहजहांपुर। जिले के गनपतपुर गांव में एक युवक ने अपनी मां की भाला मार कर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने शुक्रवार को बताया कि थाना निगोही क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गनपतपुर गांव में रहने वाला विनोद कुमार शराब का आदी है और नशे में वह अक्सर घर में लड़ाई झगड़ा करता है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम को नशे में विनोद पत्नी को पीट रहा था और जब उसकी मां नैना देवी (60) बीच बचाव करने आई तो विनोद ने मां पर भाला से प्रहार कर दिया।

# अवैध नर्सिंग होम व मेडिकल सेंटरों पर होगी कार्रवाई

एसपी. सिंह परिहार / रमेश मिश्रा

श्रावस्ती। जहां जनमानस के स्वस्थ्य स्वास्थ्य को लेकर योगी सरकार तहे मन से गंभीर रही है। मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाये मुहैया हो इसके लिए यशस्वी मुख्यमंत्री योगी नें खजाने का मुंह खोल रखा है। आधुनिक उपकरणो और औषधियों का रेलम पेल कर रखा है। इससे इतर ठग बाजों की एक लम्बी जमात अवैध मेडिकल स्टोर, डाइग्नोसिस सेंटर, नर्सिंग होमों झोलाछाप जिसमें विशेष कर बंगाली डॉक्टरों नें जिले में जाल बिछा कर मरीजों के लिए यमराज बन कर असहाय जनता का खुले आम शोषण कर रहें हैं।

योगी सरकार नें जिसको रोक थाम का जिम्मा सौंपा वह हाकिम ठग बाजों के खेमे में खिल खिला रहें हैं। बहुत दिनों के बाद लाचार, पंगु, बीमार, अस्वस्थ, स्वाथ्य मोहकमे की आबो हवा का रुख बदलते दिखाई देने लगा है। इस मूल चूक परिवर्तन के मूल में हैं सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह। जी हां! शासन सरकार की मनसा तथा जन स्वास्थ्य को धरातलिए परवान चढ़ाने को लेकरमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार सिंह कितना संवेदनशील हैं इसकी महज एक माह की कार्यशाली पर चछुपात खुद व खुद बया कर रही है।

सीएमओ ने जिस अंदाज व दृढ़ इच्छा शक्ति से जनपद में पांच नामी ग्रामीण नर्सिंग होम मेडिकल स्टोरों के विरुद्ध कार्रवाई कर बंद करा कर कार्यवाही किया वह गागर में सागर भर दिया। जनपद में कई दर्जन अवैध रूप से मानक विहीन संचालित नर्सिंग होम, डायग्नोसिस सेंटर, मेडिकल स्टोर, सीएमओ के रडार पर हैं। किसी समय ऐसे व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर कार्यवाही की गाज गिर सकती है। सीएमओ के अप्रत्याशित कार्रवाई को लेकर अफरा तफरी मची है। वहीं दूसरी तरफ सीएमओ श्री सिंह नेभी बगैर लाग लपेट के सीधे सीधे ऐलान कर दिया है कि उनकी कार्यवाही तब तक नहीं रुकेगी जब तक जनपद में उन सभी अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर, नर्सिंग होम, तथा डायग्नोस्टिक सेंटरों को सील कर संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं हो जाती है।

22मई 1997 में श्रावस्ती जनपद के सृजन होने के बाद स्वास्थ्य मोहकमे में अल्प अवधि में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम मेडिकल स्टोर के विरुद्ध इतनी बड़ी कार्रवाई कभी नहीं हुई है। 16 दिसंबर 2024 को डॉक्टर अशोक कुमार सिंह जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी का वागडोर संभाला। एक माह तक उन्हें विभाग का नब्ज टटोलने में लग गया। जनपद में अवैध रूप से संचालित अवैध नर्सिंग होम डायग्नोस्टिक सेंट्रो मेडिकल स्टोर के बारे में जानकारियां एकत्र किया। फरवरी में कार्यवाही को अमली जामा को पहनानेका अंजाम देना प्रारंभ किया। उन्होंने पांच नामी गिरामी नर्सिंग होमो मेडिकल स्टोर को सील कर शासन सरकार तथा लोक हितार्थ के मंसूबो का सीधा संदेश दिया। सी. एम. ओ. डॉ अशोक कुमार सिंह के इस अप्रत्यासिक धुआंधार कार्यवाही को लेकर हड़कंप मच गया। सीएमओ श्री सिंह अभी तो इस कार्रवाई को सिर्फ ट्रेलर बताते हुए कहते हैं की असली पिक्चर तो अभी बाकी है।

### बोले सीएमओ! रडार पर हैं ऐसे लोग



श्रावस्ती। बेबाक टिप्पणी और दृढ़ इच्छा शक्ति के धनी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मेडिकल सेंटरों व डायग्नोस्टिक सत्रों में बराबर झाला का जाम है श्री सिंह ने कहा कि वह व्यवस्था उनके रडार पर है अवैध संचालकों के विरुद्ध उनका अभियान भी शुरू हो गया है परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं ऐसे पांच स्थानों पर कार्रवाई हुई है। थोड़ा समयऔर लगेगा सब कुछ ठीक हो जाएगा। शासन सरकार की मंसा और लोकहित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मानक भिन्न अवैध रूप से मेडिकल स्टोर, डायग्नोस्टिक सेंटर, क्लिनिक का संचालन होते हुए पाए गया तो निश्चित रूप से वे बंद भी होंगे और साथ ही साथ मेरा पक्का वादा है कि वे बड़ी ईमानदारी और निष्पक्षता से नियम अनुसार ऐसे संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। परिणाम चाहे जो भी हों वे यह कलुषित धंधा किसी भी कीमत पर नहीं चलने देंगे।

### नीम हकीम बने खतरे जान

श्रावस्ती। न कोई चिकित्सा में डिग्री न डिप्लोमा। न एलोपैथ, आयुर्वेद, अथवा होम्योपैथी में न कोई पावर का वैध अभिलेख ही। न हीं यह बहुरुपिये चिकित्सा क्षेत्र के किसी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई हेतु रूबरू होकर डिग्री हासिल किया। बावजूद इसके डॉक्टर का अवैध चोला पहनकर डाइग्नोसिस सेंटर खोल कर अल्ट्रासॉउन्ड शुरू कर दिया। क्लिनिक खोली नर्सिंग होम खोला, मेडिकल स्टोर खोल नाना प्रकार के व्याधियों से त्रस्त मरीजों का उपचार शुरू कर दिया। ऐसे नीम हकीम मरीजों के जी का जंजाल बन गए हैं। अब इनके लिए बहुत बुरी खबर है। सी. एम. ओ. डॉ अशोक कुमार सिंह नें जनपद में अवैध रूप से संचालित संचालको के विरुद्ध सुनामी सारीखा मोर्चा खोल दिया है। ऐसे संचालकों एवं नीम हकीमो के शब्ज बाग में फंसने वाले मरीजों की जिंदगी तो अब ऊपर वाले के हाथ में ही है। ऐसे अनुभवहीन कथित नीम हकीमों जिसमे विशेष कर बंगाली डाक्टरों के क्लिनिको की जिले में बाढ़ सी आ गई है। शहर, कस्बे, चौक, चौराहों, से लेकर गांव देहातों में अवैध मेडिकल स्टोरों के संख्या का आकलन करना भूसैले में सुई खोजने सारीखा है। इसको रोकने को लेकर विभाग के जिम्मेदार हुक्मरान कितना संजीदा और सक्रिय है जो शायद किसी से छुपा नहीं। चंद सिक्कों के खनक के आगे जिम्मेदारान अपने कर्तव्यों से विमुख होकर नीम हकीमों के आगे घुटने टेक दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के हुक्मरानों को नीम हकीम के क्लिनिको के आकर्षण बोर्ड के सामने रूबरू होकर भी सच्चाई से निर्लज्जता से मुँह मोड़ लेते है। इन कपटी डायग्नोसिस सेंटर संचालको के चक्र ब्यूह में भोले भाले फंसकर इलाज कराने पहुंच जाते हैं। इन्हें क्या पता कि जो शख्स डॉक्टर के रूप में उनके सामने भगवान स्वरूप है वह डॉक्टर नहीं बल्कि वास्तव में एक यमराज है। अब इस कुब्यवस्था के दमन के लिए सी. एम. ओ. को शायद सूबे के मुखिया योगी नें भेजा है। जो बड़े ही सिद्दत डॉ अशोक कुमार सिंह अभियान को परवान चढ़ा रहें हैं।

### अल्ट्रासाउंड के नाम पर छले जाते हैं मरीज

श्रावस्ती। जिले में अल्ट्रासाउंड प्रतिष्ठानों की एक लंबी फेरहिस्त है जिसमें बहुधा मानक विहीन और नियमों के लक्ष्मण रेखा को ग्रास करते हैं। बताया जाता है कि न्यूनतम मरीजों का अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट द्वारा ही किया जाना चाहिए लेकिन ऐसा होता नहीं है किसी भी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर रेडियोलॉजिस्ट नहीं होता है बावजूद इसके अनटेंडो द्वारा मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया जा रहा है। बात तो यही है कि अल्ट्रासाउंड करने वाला अनटेंड अनुभवहीन होता है तो दूसरी तरफ अल्ट्रासाउंड लिखने वाला और रिपोर्ट देखकर उपचार करने वाला भी नीम हकीम भी। उन्हें श्रेणी का गुरु भाई होता है। जिनके गलत जाँच और दवा के प्रतिकूल प्रभाव मरीज को भुगतना ना पड़ता है। गलत दवाओं के सेवन से मरीज का स्वास्थ्य ठीक होने के वजायअन्य नानाप्रकार के व्याधियोंके दंश को झेलना पड़ जाता है। सवाल सीधा क्या स्वास्थ्य विभाग के लंबरदारों ने कभी इसका आंकड़ा लगाया कि जितने अल्ट्रासाउंड के सेंटर जनपद में संचालित हो रहे हैं, क्या उतने रेडियोलॉजिस्ट जनपद में है भी या नहीं ? यदि नहीं तो इन कुकुरमुत्ते की तरह पनप रहे हैं इनके विरुद्ध कार्रवाई करने की जगह संरक्षण क्यों? सी. एम. ओ. द्वारा जिस अंदाज से कार्यवाही को परवान चढ़ा रहें हैं ऐसे में आम जनमानस में आशा और उम्मीद की आशा जगी है। जनपद में ऐसे मानकविहीन अवैध डायग्नोस्टिक सेंटरों की संख्या सैकड़ो पार है। अब इस महत्वपूर्ण समस्या पर पूर्ण समाधान के लिए सीएमओ डॉक्टर अशोक कुमार सिंह की नजरे मेहरबान हुई है और वह स्वयं इसका कमान संभाल लिया है सम्पूर्ण परिणाम तो अभी नियति के गर्भ में गोते लगा रहे हैं।

### मेडिकल स्टोरों पर भी अब भर्ती किए जाते हैं मरीज

श्रावस्ती। जनपद में चलने वाले कितने मेडिकल स्टोर जो संचालित हो रहे हैं जो मानक को पूरा करते हैं स्वास्थ्य विभाग के पास इसका सही आंकड़ा नहीं जनपद में अनगिनत ऐसी भी मेडिकल स्टोर है जिस पर कोई भी डिप्लोमा धारी फार्मसिस्ट नहीं बैठता है। ऐसे मेडिकल स्टोरों से किसी फार्मासिस्ट का दूर-दूर तक कोई वास्तव भी नहीं होता है लेकिन ऐसे अवैध मेडिकल स्टोर सरे आम संचालित होते ही रहे हैं साथ ही तमाम ऐसे मेडिकल स्टोर में संचालकों द्वारा मरीज भर्ती कर ड्रिप चढाने इलाज करने का गोरख धंधा जोरों पर किया जा रहा है।

## प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक का व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण



बलरामपुर। जनपद में प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक डॉ0 जितेन्द्र कुमार का व्यवहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार द्वारा उनके कन्धे पर स्टार लगाकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ दी गयी।

## महिलाओं बालिकाओं को पुलिस कर रही जागरूक



बलरामपुर। महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्राविधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर सशक्त किया गया। महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में कानूनी प्राविधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

## एसडीएम चेंबर में पिस्टल से अचानक हुई फायरिंग, हड़कंप



प्रतापगढ़। जिले की पटटी तहसील में एसडीएम चेंबर में शुक्रवार को अचानक फायरिंग से हडकंप मच गया। गोली चलते ही चेंबर में अफरातफरी मच गयी। एसडीएम के साथ वहां मौजूद अधिवक्ता जान बचाने के लिए भागते दिखे। वहीं जानकारी मिलने पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश सिंह समेत अफसरों ने एसडीएम के चेंबर में हुई घटना की छानबीन में मशक्कत करते दिखे। वहीं पुलिस ने घटना को लेकर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। शुक्रवार को दोपहर करीब पौने बारह बजे एसडीएम तनवीर अहमद चेंबर में शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। इस बीच में अधिवक्ताओं के बीच किसी मामले मे आपसी कहासुनी होने लगी। अचानक एक अधिवक्ता ने पिस्टल निकालकर फायर झोंक दिया। गनीमत यह थी कि एक अधिवक्ता ने सूझबूझ का परिचय देते हुए फायरिंग करने वाले वकील का हाथ ऊपर कर दिया। इससे गोली छत से जा टकरायी और वहां मौजूद लोग बाल बाल बच गये। सूचना मिलते ही पटटी कोतवाल आलोक कुमार फोर्स के साथ वहां पहुंचे। हालांकि तब तक फायरिंग करने वाला आरोपी अधिवक्ता वहां से भाग निकला। घटना में पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ता मनीष तिवारी की तहरीर पर आरोपी विकास श्रीवास्तव के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि अधिवक्ता मनीष तिवारी साथी अधिवक्ता रवि सिंह, विमलेश तिवारी, आशीष तिवारी, प्रदीप पाठक सहित अन्य अधिवक्ताओं के साथ एक गांव में विवादित प्रकरण पर अपना पक्ष एसडीएम के समक्ष रख रहे थे। इस बीच ऐलाही गांव निवासी अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव पुत्र नरेन्द्र श्रीवास्तव पैरवी का विरोध करते हुए गालीगलौज करने लगे। उन्हें मना करने पर अचानक विकास ने जेब से अवैध पिस्टल निकालकर मनीष पर तान दी और धमकाया कि इस मामले में पैरवी पर जान से मार देंगे। इसी बीच विकास श्रीवास्तव ने पिस्टल का ट्रिगर दबा दिया। तब तक वहां मौजूद अधिवक्ता रवि सिंह ने पिस्टल वाले हाथ को ऊपर कर दिया तो इससे पिस्टल से निकली गोली छत से जा टकरायी। एसडीएम की सूचना पर पटटी कोतवाल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इसके पहले ही आरोपी विकास पिस्टल लहराते भाग निकला। पुलिस ने मौके से पिस्टल का खोखा बरामद किया है। सूचना मिलने पर एएसपी पूर्वी दुर्गेश सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि आरोपित विकास के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## माल बरामदगी, शातिर चोर गिरफ्तार



बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के खेसरहा थानाध्यक्ष चन्दन कुमार मैं उनकी टीम व एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी में एसओजी टीम के साथ पुलिस व जनपदीय एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा शातिर चोर चिनगुद पुत्र दुखई निवासी पाला थाना खेसरहा को किया गया गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान एक अदद हार्न पुराना लोह एक सोलर बैट्री व एक अदद कुल्हाड़ी बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।, जोकि खेसरहा थानाध्यक्ष चन्दन कुमार उ0नि0 राकेश कुमार, एसओजी प्रभारी उ0नि0 जीवन त्रिपाठी, आरक्षी हेमन्त कुमार थाना खेसरहा, आरक्षी वरूण कुमार थाना खेसरहा, का उत्कृष्ट कार्य योगदान माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन, मंयक द्विवेदी पुलिस क्षेत्राधिकारी बाँसी मयंक द्विवेदी के कुशल पर्यवेक्षण, व चन्दन कुमार थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की।

## गरीब बेटियों को लगेगी निःशुल्क वैक्सीन

- पीएम मोदी की दूरगामी सोच, गर्भाशय कैंसर को खत्म करने का सपना सांसद ने उतारा धरातल पर
- मुस्लिम महिला की गुहार ने दिखाया गर्भाशय कैंसर की वैक्सीन तक का सफर : सांसद



मेरठ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था हमारे देश में महिलाओं में गर्भाशय कैंसर की बीमारी तेजी से बढ़ रही है पीएम की दूरगामी सोच को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने अपने सपने को साकार करते हुए गर्भाशय कैंसर को खत्म करने का बीड़ा उठाते हुए वैक्सीन की शुरूआत आगामी 22 मार्च से करने का ऐलान किया है। शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरसी गुप्ता डॉ सीमा जैन आईएमए सचिव डॉ सुमित उपाध्याय की मौजूदगी में गर्भाशय कैंसर को बेटियों की जिंदगी से दूर करने के लिए वैक्सीन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने बताया कि एक दिन में गर्भाशय कैंसर से देश में 200 महिलाओं की मौत होने का आंकड़ा है। गर्भाशय कैंसर महिलाओं में दूसरा बड़ा कैंसर होता है। उन्होंने बताया उनके आग्रह पर कोरोना वैक्सीन बनाने वाली सिरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया ने ही गर्भाशय कैंसर को समाप्त करने के लिए वैक्सीन विकसित की है ताकि मातृ शक्ति की मृत्यु दर को कम किया जा सके इसकी पहल मेरठ की क्रांति धरा से सार्वजनिक तौर पर टीकाकरण कर पहल की जाएगी। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि गर्भाशय कैंसर की वैक्सीन से 95% बेटियां गर्भाशय कैंसर जैसी घातक बीमारी से बच सकेंगी। उन्होंने बताया कि उनके दिमाग में यह बात तब आई जब पार्लियामेंट उप चुनाव के दौरान वह 63 नंबर के नजदीक दो खम्बो के बीच बैठे थे तभी एक मुस्लिम महिला कर्मचारी ने उनसे मदद मांगते हुए एम्स में मां के इलाज के लिए मदद मांगी, तब उस महिला ने उन्हें बताया कि उनकी मां को गर्भाशय कैंसर है इसके बाद उनके मस्तिष्क में पहले से ही पीएम नरेंद्र मोदी कि वह बात भी उभर कर सामने आ गई जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में महिलाओं में गर्भाशय की बीमारी तेजी से बढ़ रही है।

## जिले में सीएचसी पर खुलेंगे 13 जन औषधि केंद्र : सांसद



सिद्धार्थनगर। सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने कहा कि जिले में लगभग 13 जन औषधि केंद्र सभी सीएचसी पर खुलेंगे जिसका सीधा लाभ गरीबों को मिलेगा,। भारतीय जन औषधि दिवस के अवसर पर जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में जन औषधि केन्द्र (निकट इमरजेंसी गेट) पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया द्वारा उद्घाटन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया द्वारा सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल,. विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज ने कहा कि जन औषधि की जो दवाएं है इसे प्रमाणित किया है। इसमें कोई शक सबहा नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 13 जन औषधि केंद्र सभी सीएचसी पर खुलेंगे। जिसका लाभ गरीब जनों को सीधा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 7वा जन औषधि दिवस भारत सरकार रसायन एवं ऊर्वरक मंत्रालय औषधि विभाग द्वारा आयोजित जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर सिद्धार्थनगर में विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। भारत देश दवाइयों का हब बन गया है। जो दवाएं एलोपैथ में 100 रुपए में मिलता है वहीं दवा जन औषधि के केंद्रों पर मात्र 30 रुपए में गरीब जनों और मरीजों को लाभ मिलता है। यही इसका उद्देश्य है। जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर० ने कहा कि सरकार के इस पहल से निश्चित ही गरीबों को इसका लाभ मिलेगा। जन औषधि की दवाएं उतनी विश्वशनीय हैं जितनी कि महंगी और एलोपैथ की। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त सी०एम०एस०डा० ए०के०झा, जिला मलेरिया अधिकारी सुनील चौधरी, संचारी रोग के नोडल अफसर समीर सिंह, डी सीपीएम मान बहादुर, राजेश कुमार मिश्रा डैम, सहित स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ नर्स, सी एच ओ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आम सभा में वकीलों ने की रणनीतिक चर्चा



प्रतापगढ़। अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं पर प्रशासनिक अनदेखी को लेकर शुक्रवार को हुई यहां आम सभा में अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताया। आम सभा में अधिवक्ताओं ने प्रशासनिक लापरवाही को लेकर उपजी समस्याओ पर रणनीतिक संघर्ष को लेकर भी मंथन किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकारिणी ने वार्षिक आय व्यय का भी आम अधिवक्ताओं को ब्यौरा सौंपा। वही कार्यकारिणी ने आमसभा में निर्धारित समय पर संघ के चुनाव कराए जाने का भी मंतव्य जाहिर किया। आमसभा में तहसील में सार्वजनिक शौचालय में गंदगी तथा जिला प्रशाासन द्वारा वाहन पार्किग के लिए स्थल निर्धारण के बावजूद अभी तक प्रबन्ध न होने पर भी आक्रोश जताया गया। सभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी एवं महामंत्री सूर्यकांत निराला ने संगठन की मजबूती पर विचार रखे। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बैठक के एजेण्डे पर प्रकाश डाला। संचालन पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने किया। आम सभा को एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, राममोहन सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश, अजय शुक्ल गुडडू, राव वीरेन्द्र सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, राधारमण शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, कालिका प्रसाद पाण्डेय, कन्हैयाबक्श सिंह, ने संबोधित करते हुए अधिवक्ता कल्याण निधि को सरकार से प्रभावी बनाए जाने पर जोर दिया। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, दीपेन्द्र तिवारी, धीरेन्द्र मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, घनश्याम मिश्र, सिंटू मिश्र, कमलेश तिवारी, राजेश तिवारी, कुलदीप तिवारी, अनूप पाण्डेय, रोशन लाल सरोज, अबरार अहमद, विनय शुक्ला, केके शुक्ला, पारसनाथ सरोज, लाल विनोद प्रताप सिंह, सुमित त्रिपाठी, संजय सिंह, वकील अहमद, आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम के आश्वासन पर समाप्त हुआ किसानों का धरना




प्रतापगढ़। विभिन्न समस्याओं को लेकर विगत बारह दिनों से चल रहा किसान कल्याण एसोशिएसन का धरना शुक्रवार को समाप्त हुआ। धरना स्थल पर पहुंची एसडीएम ने मांगों को पूरा कराए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष ने धरना समाप्त किया। लालगंज नगर स्थित तहसील गेट के समीप पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किसान कल्याण एसोशिएसन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता धरने पर बैठे थे। मांगों के पूरा न होने पर कार्यकताओं ने आमरण अनशन भी शुरू कर दिया था। एसडीएम नैंनसी सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर संगठन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाण्डेय से वार्ता कर उनकी सभी मांगों को अतिशीघ्र पूरा कराए जाने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सांगीपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दर्रा में रास्ते की समस्या विकास कार्यो में अनियमितता समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना चल रहा था। एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष नन्दलाल तिवारी, मोहित गौड़, रोहित, गुडडी देवी, लल्लूराम, शोभा, मान्सी, कामता वर्मा आदि मौजूद रहे।

## मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराने में अग्रणी भूमिका निभा रहे डॉ. अश्विनी कुमार



बांसी सिद्धार्थनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में अग्रणी भूमिका निभा रहे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अश्विनी चौधरी के कार्य एवं व्यवहार की सराहना करते दर्जनों मरीजों व उनके परिजन नहीं थकते हैं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ 0 अश्विनी कुमार चौधरी मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिए गए निर्देश के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के प्रतिक्रियाशील डा0 श्री चौधरी, जीवन मृत्यु के जंग से जूझ रहे सैकड़ो मरीजों को जहां बेहतर उपचार करके उन्हें स्वस्थ कर नया जीवन प्रदान करने में महारत हासिल कर चुके डाक्टर अश्विनी चौधरी, वहीं गोरखपुर लखनऊ दिल्ली से उपचार करा कर जीवन की आश छोड़ने व निराश होकर घर लोट वापस चलें आने वाले दर्जनों भर से अधिक मरीजों को बेहतर सेवा व उपचार कर पूर्णतया स्वस्थ करते हुए उक्त मरीजो को नया जीवन प्रदान कर भारी ख्याति भीअर्जित किया है, ऐसे में डॉक्टर श्री चौधरी भूर भूर प्रशंसा करते हुए कई दर्जन मरीजों एवं उनके परिजनों ने डाक्टर श्रीं चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें मरीजों के लिए ईश्वर का वरदान मानते हुए ईश्वर से उनके स्वस्थ जीवन की कामनाओं सहित प्रार्थना किया गया।

# सीएम ने सुनी 200 लोगों की जन फरियाद

## फरियादियों को समस्या समाधान का दिया भरोसा, बच्चों को दुलारा और चॉकलेट दी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार तीसरे दिन भी शुक्रवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों की समस्या सुनी और उन्हें समाधान का भरोसा दिया। शुक्रवार सुबह ही गोरखनाथ मंदिर में गोरखपुर समेत विभिन्न जनपदों से फरियादी मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में अपनी समस्याओं के समाधान की गुहार को लेकर पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री एक-एक कर सभी के पास गए और उनकी समस्या जानी। वहां मौजूद अधिकारियों को उन्होंने समस्याओं का समाधान कराने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में जमीन व घरेलू विवाद से जुड़े मामले भी आए। लोगों से आवेदन लेने के साथ मुख्यमंत्री ने उनकी समस्या भी जानी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व के मामलों को तय समय के भीतर ही सुलझाएं। किसी को इससे समस्या नहीं होनी चाहिए। इस जनता दर्शन कार्यक्रम में भी अपने स्वजन के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाने वाले कई लोग आए थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि एस्टीमेट बनवाकर लाएं, सरकार पूरी मदद करेगी। लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक मदद व जमीनी विवाद से जुड़ी समस्याएं बताईं। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याएं दूर की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी के साथ न्याय होना चाहिए। जनता के मामले समय से निस्तारित किए जाएं। फरियादियों के साथ आए बच्चों से बातचीत की। उनसे पूछा कि किस क्लास में पढ़ते हो। इसके बाद उन्होंने चाकलेट दी। बच्चे ने उनके हाथ से चाकलेट ले ली। सीएम योगी ने शुक्रवार की सुबह गुरु गोरखनाथ का पूजन अर्चन कर एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने इसके बाद मंदिर परिसर का भ्रमण किया।

## पं. गोविंद बल्लभ पंत स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे : मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महान स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत देश के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, जिन्होंने एक उत्कृष्ट अधिवक्ता, कुशल राजनेता और प्रशासक के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

एक बयान के मुताबिक, गोरखपुर विश्वविद्यालय के पंत पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित पंत संविधान सभा के सम्मानित सदस्य थे और देश की आजादी के बाद से 1954 तक उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आदित्यनाथ ने कहा इसके बाद वे देश के गृह मंत्री बने। हिंदी को राजभाषा के रूप में स्थापित करने का श्रेय भी उन्हें जाता है। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 1957 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय की आधारशिला स्वयं पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने रखी थी और सात मार्च 1961 को वह इस दुनिया को अलविदा कह गए। उन्होंने कहा कि आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर हम उनके स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों की तरफ से उनके प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस अवसर पर सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्र पाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टण्डन और भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता समेत विभिन्न गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खुशनुमा माहौल में अदा हुई जुमे की नमाज



इटावा। रमजान उल मुबारक के पहले जुमे की नमाज हजारों रोजेदार मुसलमानों ने शहर की विभिन्न मस्जिदों में उत्साह से अदा की और मुल्क में अमनचैन व आपसी सौहार्द की दुआ मांगी। नमाज के दौरान पुलिस की व्यवस्था चाक चैबंद रही वहीं नगर पालिका परिषद की ओर से सभी मस्जिदों के आसपास साफ सफाई का ध्यान रखते हुए कलई आदि का छिड़काव कराया। रोजेदारों और मुसलमानों ने रमजान के पहले जुमे की नमाज के लिए सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दीं थीं, मुस्लिम समाज के बुजुर्ग, नवयुवक और बच्चों ने जहां शहर की विभिन्न मस्जिदों में रमजान के पहले जुमे की नमाज खुशनुमा माहौल में अदा की वहीं महिलाओं ने अपने अपने घरों पर जुमे की नमाज अदा की। शाही मस्जिद नोरंगबाद, सिंग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां, मस्जिद काली कबरें, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद लालपुरा, मस्जिद चैखर कुआं, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद हिसामुद्दीन, शाही जामा मस्जिद, मस्जिद पक्का तालाब, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग, मस्जिद अक्सा रामगंज ढाल, मस्जिद सराय कटरा सेवा कली, मस्जिद बुलाकी, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद रामगंज, मस्जिद पचराहा, मस्जिद शेख जलाल, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद कचहरी, मस्जिद साबितगंज, मस्जिद मोहल्ला अड़ाड़ स्टेशन रोड सहित अनेक मस्जिदों में रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा हुई।

संक्षेप

### अभिभावक गोष्ठी सम्पन्न

इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय व इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबन्धक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। अभिभावक गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक बंधुओं ने भाग लिया और शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विचार विमर्श कर अपने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल के प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहयोग करें और घर पर भी बच्चों को समय दें। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चैहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, शिवानी राजपूत, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफिशा, अंकिता राजपूत, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत आदि स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु भी उपस्थित रहे।

### सांड़ की टक्कर से नहर में गिरे युवक की मौत

इटावा। बकेवर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। भागवत कथा सुनकर घर लौट रहे 35 वर्षीय रोहित की सांड से टक्कर के बाद नहर में डूबने से मौत हो गई। ग्राम मानपुरा निवासी रोहित, जो जयराम सिंह के पुत्र थे, गांव से भागवत सुनकर नहर के रास्ते बाजार की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान एक सांड ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रोहित सीधे नहर में जा गिरे। नहर में पानी का बहाव तेज होने के कारण रोहित डूबने लगे। आसपास के लोगों ने उनकी आवाज सुनकर बचाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद उन्हें नहर से बाहर निकाला गया। स्थानीय लोग तुरंत उन्हें निजी वाहन से जिला अस्पताल ले गए। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रोहित के भतीजे अखिलेश ने बताया कि गांव में भागवत का अंतिम दिन था। रोहित मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते थे। उनके परिवार में केवल मां हैं, क्योंकि पिता का पहले ही देहांत हो चुका है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### स्वच्छता रैली निकाल कर किया जागरूक

चौरीचौरा, गोरखपुर। गीता संपूर्ण धर्मग्रंथ और विज्ञान है। इसके प्रत्येक सूत्र में जीव, जीवन और पर्यावरण के रहस्य को परिभाषित किया गया है। गीता का हर श्लोक व्यक्ति को नीति, नियति और नीयत के धर्म से परिचित कराता है। उक्त बातें शहीद बंधू सिंह डिग्री कालेज में रासेयो शिविर में श्रीमद्भागवत गीताःएक संपूर्ण धर्मग्रंथ एवं विज्ञान' विषय पर आयोजित बौद्धिक परिचर्चा के दौरान वक्ताओं ने कही। स्वयसेविकाओ ने एक स्वच्छता रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मध्यान्ह भोजन सत्र के पूर्व स्वयसेविकाओं व स्वयंसेवकों की दो टीमों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता भी हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार, व डॉ. प्रवीण पाल ने रासेयो स्वयंसेवको, स्वयंसेविकाओं को जागरूक एवं सतर्क नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया।

## सिंचाई चीफ इंजीनियर से ठेकेदारों की नहीं बनी बात, निविदा का करेंगे बहिष्कार

गोरखपुर। बाढ़ की विभिषिकाओं से आम जनमानस को बचाने के लिए प्रदेश सरकार हर वर्ष करोड़ों की परियोजना सिचाई विभाग के माध्यम से करवाती हैं। बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य हेतु शासन ने बजट जारी कर दिया है सिंचाई विभाग के अधिकारी निविदा प्रक्रिया पूरा कराकर मार्च के अंत में कार्य शुरू कराये जाने का दावा कर रहे हैं। लेकिन वहीं गोरखपुर के सिंचाई विभाग के ठेकेदार निविदा में विसंगतियों को लेकर निविदा का बहिष्कार कर दिए हैं। सिचाई के ठेकेदारों का प्रतिनिधि मण्डल मुख्य अभियन्ता (गंडक) से शुक्रवार को मिला, परन्तु ठेकेदारो की मांग के किसी मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। ठेकेदारो ने कहा कि पुनः आमंत्रित निविदा में रेट 2023 के एसओआर के अनुरूप प्रांकलन में सम्मिलित नहीं किया गया हैं। 15 प्रतिशत कैरेज, 16 प्रतिशत वाइड एवं साइड से डम्पिंग यार्ड का कैरेज काटा दिया गया है। इन्हीं मुख्य अभियन्ता के द्वारा 2024 की निविदाओं में कार्य के लिये सामान प्रकृति के समान कार्य का अनुभव लेकर अनुबन्ध गठित किया गया था परन्तु 2025 में इसको लागु नहीं किया गया। संगठन में समान प्रकृति का अनुभव गण्डक सिंचाई कार्य मण्डल प्रथम में लागु है। परन्तु बाकी चार मण्डलों में नहीं लागू किया गया है। वही निविदा में विभाग के द्वारा बांध के स्लोप पर जाली में पिचिंग का प्राविधान किया गया है उससे जन-धन को हानि होने की पूर्ण सम्भावना है। ऐसी स्थिति में क्षति होने पर सारी जिम्मेदारी विभाग होगी। सीवीसी के गाइड लाइन को न मानना...........

जिस बिड कैपिसिटी को 2024 की निविदाओं में लागू किया गया है वह सीवीसी गाइडलाइन के अनुसार था। परन्तु 2025 की निविदा में सीवीसी गाइड लाइन का उल्लंघन किया गया है। वहीं पीडब्लूडी, यूपीपीसीएल, सी एण्ड डीएस आदि सारे महत्वपूर्ण विभागों में लागू है। अतः गंडक के ठेकेदारों ने सर्वसम्मत से निर्णय लिया है कि गण्डक संगठन की निविदाओं का बहिष्कार किया जायेगा। इस दौरान ठेकेदार सतीश शुक्ला, हरि जी पाण्डेय, घनश्याम चौबे, रामसेवक सिंह, बम भोले शाही, रामदयाल दुबे, विक्की सिंह व बहुत सारे ठेकेदार उपस्थित रहे।

### रासेयो शिविर समाज सेवा का सशक्त माध्यम

उरुवा, गोरखपुर। गोला क्षेत्र के चाड़ी केशवापार स्थित स्वामी विवेकानंद स्मारक महाविद्यालय पर चल रहे सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार निलेश तिवारी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के तहत अपने गांव क्षेत्र के लोगों को साफ सफाई के साथ ही डिजिटल व्यवस्थाओं के सदुपयोग के बारे में जागरूक करने का कार्य करें।

## विश्व महिला दिवस पर चेयरमैन को सम्मानित किया



इटावा। अखिल भारतीय कूर्मी क्षत्रिय महासभा की नारी शक्ति विंग ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नगर की प्रथम नागरिक ज्योति संटू गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद को प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर बड़े हर्षो उल्लास के साथ सम्मानित किया।

सम्मानित करने में अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा की प्रदेश महिला सचिव व बजरंग दल गौ रक्षा समिति दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की जिलाध्यक्ष कविता वर्मा, ब्यूटी मंत्रा मेकओवर की संचालिका श्रद्धा पटेल, अनुराधा वर्मा, तथा नगर पालिका की सभासदों में हेमलता यादव वार्ड लालपुरा, पूनम पांडे वार्ड चैगुर्जी, पष्पा देवी वार्ड आवास विकास, सुनीता देवी वार्ड लक्ष्मन कॉलोनी, मीरा देवी वार्ड शांति कॉलोनी, प्रेमलता यादव वार्ड छपैट्टी, नाजिया बानो वार्ड मकसूदपुरा उपस्थित रही।

### 40 लाख की लागत से मुक्तिपथ नगर में बनेगी सड़क व नाली

गोरखपुर। बड़हलगंज नगर पंचायत क्षेत्र के मुक्तिपथ नगर वॉर्ड स्थित बहुप्रतीक्षित मछली हट्टा से आगे की तरफ जाने वाले मार्ग का चालीस लाख की लागत से आरसीसी सड़क व नाली का निर्माण कराया जाएगा, जिसका चेयरमैन प्रीति उमर ने सभासद सुमित्रा देवी के साथ विधिवत भूमि पूजन अर्चन कर शिलान्यास किया। शुक्रवार को चेयरमैन प्रीति उमर ने मुक्तिपथ नगर के मछली हट्टा से आगे की तरफ जाने वाले मार्ग का विधिवत पूजन अर्चन कर शिलान्यास किया। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बताया कि 270 मीटर लंबे इस रास्ते का मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ढक्कन युक्त नाली व आरसीसी सड़क का निर्माण होगा। इस दौरान ईओ राम समुख, सभासद लक्ष्मण निषाद, दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, राकेश राय, सुनील यादव, जितेंद्र पासवान, अमूल्य चतुर्वेदी, नियाज कुरैशी, रामदास मद्धेशिया, सुदीप वर्मा, ऋषि चंद, वीरेंद्र गुप्ता, संजय सोनकर, भाजपा जिला मंत्री स्वतंत्र सिंह, धर्मराज निषाद, अरविंद सिंह, लिपिक सुनील कुमार, विपुल, नियाज, हिमांशु गौंड, विकास गौंड, उमेश यादव सहित कई लोग मौजूद रहें।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड** **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अद्योहरताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender. up.nic.in पर दिनॉक 24.03.2025 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 25.03.2025 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर ऑन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई - मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity eDistribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/ पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेंगे। निविदा का विवरण निम्नवत हैः- **1. ई - निविदा संख्या 138 एच (एफ) (कार्य)/ 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले विद्युत उपकेन्द्रों के इनकमिंग एवं आउटगोइंग फीडर पैनल एवं पावर परिवर्तक के टेस्टिंग एवं अनुरक्षण का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 9800.00। **2. ई- निविदा संख्या 139 एच (एफ) (कार्य) /2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - प्रथम, अयोध्या के अधीन विद्युत वितरण उपखण्ड- अयोध्या/फेसू प्रथम/फेसू द्वितीय के अन्तर्गत जमा योजना में (रनिंग कार्य) लाइन निर्माण एवं विभिन्न क्षमता के परिवर्तकों की स्थापना, नये संयोजन निर्गत करने का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 56000.00।
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या।**
**''राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें''**
**(पत्रांक 1941 / दि. 07.03.2025)**

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



चरगांवा, गोरखपुर। पादरी बाजार क्षेत्र के शालिकराम नगर स्थित बीआरसी भवन पर प्राथमिक शिक्षक संघ की स्थानीय इकाई के तत्वाधान में वीरों तुझे सलाम नामक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पिपराइच विधायक महेंद्रपाल सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल चरगांवां ब्लाक क्षेत्र के 22 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन में प्राशिसं के ब्लाक अध्यक्ष राकेश दुबे व महामंत्री राजेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस अवसर पर नाचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अभिषेक पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी बी आर सी चरगांवा विजय गुप्ता, पूर्व पार्षद/ वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह नगर निगम के वार्ड शिवपुर के पार्षद रितेश सिंह सहित शिक्षक/ शिक्षिका गण विकास चंद राय सुग्रीव यादव, रीता, अखिलेश, बृजेश, गौतम तिवारी, दीप्ति मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया

### देरी से पहुंचने पर सीएमओ को फटकार लगाई

इटावा। जन औषधि दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक सरिता भदोरिया पहुंचीं। उन्होंने परिसर में बने जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया और केंद्र संचालक से केंद्र पर उपलब्ध दवाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं सीएमओ के देरी से पहुंचने पर विधायिका ने सीएमओ को जमकर लगाई फटकार इससे पूर्व सीएमओ रहे गीताराम को भी भाजपा सांसद डा. रामशंकर कठेरिया ने जिला अस्पताल में मीडिया के सामने लगाई थी फटकार जब सीएमओ गीताराम को चार्ज संभाले हुए दो दिन ही हुए थे उनका शासन द्वारा विगत कुछ दिन पूर्व लखनऊ ट्रांसफर कर दिया गया। इतना ही नहीं सभागार में प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण भी होना था उसमें भी लापरवाही के चलते गलत प्रसारण सुनाया गया, ऐसे में सभागार में सिर्फ आए हुए अतिथि और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ही नजर आए कोई स्टाफ वहां मौजूद नहीं था सभी कुर्सियां खाली पड़ी हुई थी। सदर विधायक ने कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं के चलते बेहद नाराजगी जाहिर की। शुक्रवार को बाबा भीमराव अंबेडकर



संयुक्त जिला अस्पताल में जन औषधि दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर विधायक सरिता भदौरिया कार्यक्रम के अवसर पर जिला अस्पताल पहुंची जहां पर महिला अस्पताल के सीएमएस डा. अनिल कुमार ने पुष्प देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद वे जन औषधि केंद्र पर पहुंची जहां पर केंद्र संचालक आयुष तिवारी से केंद्र पर उपलब्ध दवाओं के बारे में जानकारी ली इसी के साथ अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। ऐसे में सीएमओ के देरी से पहुंचने पर उन्होंने नाराजगी जताई। इसके बाद वे पुरुष अस्पताल के सभागार में पहुंची जहां पर जन औषधि दिवस पर आयोजित प्रधानमंत्री के सजीव प्रसारण कार्यक्रम को दिखाया जाना था, लेकिन वहां कोई विधायक और अस्पताल के अधिकारियों के अलावा कोई भी स्वास्थ्य कर्मी व आमजन उपस्थित नहीं थे। इस तरह के हालात देखकर वे और नाराज हुईं। जन औषधि दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा संबोधन किया जाना था जिसका समय पूर्व सूचना के मुताबिक 12.30 बजे था। ऐसे सदर विधायक व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सभागार में एकत्रित हो गए, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते विधायक के बजट के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किए गए संबोधन को प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित लोगों को दिखा दिया।

**TECHNO INSTITUTE OF HIGHER STUDIES**
**Courese Offered : B.Com (Hons.), B.A.-J.M.C., B.B.A, B.Com, B.Ed., B.Sc. (Bio/Maths), B.V.A. (Paint./App.Art), BCA, M.A.-J.M.C., M.Com (Commerce)**
आवश्यकता है प्रवक्ताओं की, योग्यता, अनुभव व वेतन यू.जी.सी./लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार-
**प्रवक्ता एम.वी.ए. (पेंटिंग)-04 पद**
आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक व अनुभव प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियों के साथ नीचे दिये गये पते पर डाक/ईमेल/व्यक्तिगत रूप से 21 दिनों में अवश्य प्राप्त करा दें।
**331, Anaura, Near Indira Canal, Ayodhya Road, Lucknow-226028**
**Email: careers@tims.edu.inContact:7897123111(IVR)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत परिगड़ा, वि.ख. प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर**
**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25** **दिनांक- 07.03.2025**
**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परिगड़ा, वि.ख. प्रतापपुर कमैचा, सुलतानपुर में राज्य वित्त/15वां वित्त/पंचम वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 08.03.2025 से दिनांक 11.03.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत परिगड़ा पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 11.03.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | ऊषा पत्नी इंद्रजीत ज्योति महिला एसएचजी का कैटल सेट निर्माण कार्य। माप- 3.50 x 6.50 मीटर। | 1,53,921 रुपये | ईंट, बालू, सीमेंट, सरिया व अन्य सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- परिगड़ा, वि.ख.- प्रतापपुर कमैचा**
**जनपद-सुलतानपुर**

## नगर पालिका हर वार्ड में विकास के लिए प्रतिबद्धः चेयरमैन

### नगर पालिका बोर्ड की बैठक में घाटे का बजट पेश



इटावा। शुक्रवार को नगर पालिका बोर्ड की बजट बैठक पालिका सभागार में अध्यक्ष ज्योति गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी की मौजूदगी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल अनुमानित आय के रूप में 141 करोड़ 48 लाख रुपए की तुलना में कुल अनुमानित व्यय 141 करोड़ 45 लाख के साथ पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुमानित घाटा अवशेष में 110000 के सापेक्ष इस वर्ष कुल 220000 रुपए के घाटे का बजट प्रस्तुत किया गया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष कान्हा गौशाला योजना में 60 लाख रुपए व्यय करने का अनुमानित बजट रखा गया है। इसके अलावा अमृत योजना में 25 लाख रुपए खर्च होंगे। वहीं 15वें वित्त में कुल 25 करोड़ रुपए के व्यय का अनुमान लगाया गया है। इस धनराशि से विकास कार्यों के साथ जल निकासी व अन्य जरूरी विकास कार्य पालिका द्वारा कराए जाते हैं। अवस्थापना निधि में 3 करोड़ रुपए के खर्च का अनुमान है इसके अलावा कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान पर 4 करोड़ रुपए का खर्च अनुमानित है। बड़े विकास कार्यों के रूप में सड़क निर्माण व पेचवर्क के लिए कुल 10 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। इसके अलावा पालिका की ओर से मार्ग प्रकाश के लिए भी 5 करोड़ रुपए के व्यय का अनुमान लगाया गया है। बड़े खर्चों में पेंशन अंशदान के लिए 10 करोड़ रुपए का अनुमानित बजट रखा गया। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 28 फरवरी तक पालिका ने गृहकर के जरिए दो करोड़ 93 लाख रुपए की आय अर्जित की है, जबकि इस वर्ष 5 करोड़ रुपए की आय का अनुमान लगाया गया है। वहीं जलकर के रूप में अब तक 2 करोड़ 77 लाख रुपए की आय हुई है जबकि इस वर्ष इसे भी 5 करोड़ रुपए आय मे अनुमानित रूप से रखा गया है।

ईओ ने बताया कि अलग-अलग हैंड मे कुल 141 करोड़ 48 लाख 30000 की आय वित्तीय वर्ष 2025-26 में होने का अनुमान है जबकि वित्तीय वर्ष में अनुमानित व्यय 141 करोड़ 45 लाख के आसपास होगा क्योंकि पिछले वित्तीय वर्ष में अनुमानित अवशेष घाटा 110000 रुपए था इस लिहाज से वित्तीय वर्ष 2025- 26 में अनुमानित घाटा 220000 लाख होने का अनुमान लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि पालिका का पूरा जोर विकास कार्यों को लेकर है इसलिए जनता से जुड़े विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था की गई है। पालिकाध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने कहा कि पालिका हर वार्ड में विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है। सड़क निर्माण के अलावा मार्ग प्रकाश एक बड़ी व्यवस्था है जिसके लिए पर्याप्त बजट रखा गया है। इसके अलावा कर्मचारियों के अंशदान पेंशन आदि संबंधित सभी जरूर को पूरा करने के लिए पालिका ने अनुमानित बजट पास किया है। शुक्रवार को बजट बैठक के दौरान सभासद पूनम पांडेय द्वारा पूर्व पालिकाध्यक्ष को भी बैठक में शामिल होने की मांग को लेकर सभासदों ने विरोध दर्ज कराया। वही सभासद शरद बाजपेई, अविनाश कुशवाहा आदि ने अपने-अपने बार्ड से जुड़ी समस्याओं को साझा किया।

संक्षेप

## दूल्हे के पिता से चार लाख की लूट

जौनपुर। जिले के तीन जनपदों की सीमा पर स्थित शाहगंज-नगर के आजमगढ़ मार्ग पर एक पैलेस में आई बरात में द्वारचार के दौरान दूल्हे के पिता से बाइक सवार बदमाशों ने रुपये से भरा बैग लूटलिया और भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस सांप निकल गया लकीर पीटती रही। आजमगढ़ जनपद के सरायमीर थाना क्षेत्र के बस्ती गांव निवासी ग्यानचंद जायसवाल के बेटे की बरात आजमगढ़ मार्ग स्थित शाहगंज पैलेस में आई थी। गुरूवार को देर रात बराती डीजे पर डांस कर रहे थे। जैसे ही आजमगढ़ मार्ग स्थित नई सब्जी मंडी के पुलिस चौकी के समीप बरात पहुंची। दूल्हे के पिता के मुताबिक, इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाश पहुंचे। जिसमें से एक बदमाश बाइक से उतरकर रुपये से भरा बैग लूट लिया और बाइक पर सवार होकर सभी बदमाश भाग निकले। बैग में चार लाख रुपये थे। शोर सुनकर मौके पहुंची भीड ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस से पीडित से तहरीर लेकर मामले की जांच छान बीन करना शुरू कर दिया। प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच की जा रही है।

## आग की चपेट से आधा दर्जन एंबुलेंस जली

जौनपुर जिले में मतापुर जिला उद्योग केन्द्र के पास लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राज्य मार्ग के किनारे खराब पड़ी एंबुलेंस में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आनन- फानन फायर विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मतापुर में जिला उद्योग ऑफिस के बगल में जनपद की खराब पड़ी हुई एंबुलेंस को स्वास्थ्य विभाग ने खड़ा कर रखा है। शुक्रवार को खराब एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। जब तक लोग समझ पाते आग से छह एंबुलेंस जल गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की घटना के चलते राष्ट्रीय राज्य मार्ग की एक पटरी से 30 मिनट के लिए कोई वाहन नहीं गुजरा। आग कैसे लगी इसका कोई कारण स्पष्ट नहीं हो सका। आशंका है कि किसी ने बीड़ी या सिगरेट पीकर रोड किनारे पड़ी बांस की सूखी पत्तियों के बीच में फेंक दिया होगा।

## नारी शक्ति सम्मान का आयोजन कल

आजमगढ़। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नारी शक्ति संस्थान, आजमगढ़ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नारी शक्ति सम्मान-2025 का आयोजन 9 मार्च को सुबह 11 बजे से शहर के होटल ग्रैंड एस.आर. के सभागार में किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संस्थान की सचिव डा. पूनम तिवारी ने बताया कि समारोह में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पूर्वांचल की नारी शक्तियों को संस्थान द्वारा नारी शक्ति सम्मान-2025 प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में विविध कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। सचिव डा पूनम तिवारी ने समाज के हर तबके, वर्ग की महिलाओं को शामिल होकर समारोह को सफल बनाने की अपील किया।

## जिला सचिव बने धर्मेन्द्र कुमार

जौनपुर। अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र राजेश गुप्ता की संस्तुति पर वैश्य धर्मेन्द्र कुमार को जिला महासचिव के दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी गयी। साथ ही आशा जतायी गयी कि श्री कुमार पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाते हुये संगठन को पूरे प्रदेश में गतिशीलता प्रदान करेंगे। हरीश अग्रहरि राघवेंद्र सिंह अवनीश चैरसिया विपिन बरनवाल प्रमोद गुप्ता पिंटू अग्रहरि शैलेश अग्रहरि सुभाष पाल अकरम अली संतोष सिंह आदि ने धर्मेन्द्र कुमार को बधाई दिया है।

**दो पुलिस निरीक्षकों का किया गया स्थानांतरण**

मीरजापुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में तात्कालिक प्रभाव से दो निरीक्षक को स्थानान्तरित किया गया। इनमें, निरीक्षक विजय शंकर सिंह को प्रभारी नारकोटिक्स सेल से प्रभारी निरीक्षक थाना चील्ह बनाया गया तथा निरीक्षक अभय कुमार सिंह को पी0आर0ओ0 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक थाना जिगना बनाया गया शामिल है।

# जन आरोग्य के उद्देश्यों को साकार कर रही जन औषधि




जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिले में 7वां जन औषधि दिवस समारोह पीएम मोदी के जन आरोग्य के उद्देश्यों को मजबूती देने के संकल्प के साथ मनाया गया। राबर्ट्सगंज रोडवेज रोड स्थित जन औषधि केंद्र पर हुए समारोह में मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने आम जन को जन औषधि के उद्देश्यों और उसके फायदे बताए। कहा कि गरीबों को सस्ती और उच्चगुणवत्ता युक्त दवा मिले, इसके लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में शहरों से गांवों तक जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। आम जन के उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए जन औषधि परियोजना से लेकर आयुष्मान भारत योजना तक ऐतिहासिक पहल इस सरकार ने किए हैं, जिनका लाभ करोड़ों देशवासी उठा रहे हैं।

जन औषधि परियोजना को गरीबों, जरूरतमंदों के लिए वरदान बताते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि गरीबों के लिए महंगी दवाओं के बोझ के दर्द को पीएम मोदी ने समझा। किसी गरीब-जरूरतमंद को जीवनरक्षक दवाओं के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए पीएम मोदी ने सात वर्ष पहले जन औषधि परियोजना की नींव रखी। आज 15 हजार से अधिक जन औषधि केंद्रों का नेटवर्क देश भर में हैं। आज जन औषधि पर आम जन का लगातार बढ़ता विश्वास पीएम मोदी के विकसित भारत, स्वस्थ भारत और समृद्ध भारत के संकल्पों को ताकत दे रहा है। जरूरी दवाओं से महिला हाईजीन तक जन औषधि के जरिए आम जन को सहूलियतें मिल रही हैं। जन औषधि केंद्रों की सस्ती और अच्छी दवाओं ने अब तक आम जनता के हजारों करोड़ रुपए बचाए हैं। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए समर्पित है, जन औषधि परियोजना इन्हीं उद्देश्यों की एक मजबूत कड़ी है। पीएम मोदी के प्रयासों ने जन औषधि के जरिए देश के करोड़ों परिवारों को राहत पहुंचाई है और उन्हें महंगी दवाओं के बोझ से उबारा है। सदर विधायक भूपेश चौबे और नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद के साथ अदएस नेता दिनेश बियार, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद जायसवाल, अनीता मौर्य और पंडित रमा शंकर शुक्ल को जन औषधि मित्र सम्मान से नवाजा गया।

## रासलीला में बृज की लट्ठमार होली का हुआ मंचन



सोनभद्र। नगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्री कृष्ण रासलीला का समापन गुरूवार की देर रात कंस वध और विश्व प्रसिद्ध ब्रज की लट्ठमार होली के जीवंत मंचन के साथ हुआ। कलाकारों ने दिखाया कि ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण और उनके सखाओं को होली खेलने का आमंत्रण देती हैं। जिसके बाद कृष्ण सखाओं के साथ होली खेलने पहुंचते हैं। जहां गोपियां सभी सखाओं और कृष्ण के साथ फूल की होली खेलती हैं।

इस बीच गोपियां सखाओं के संग सुंदर लट्ठमार होली लीला का मंचन देखकर मंत्रमुग्ध हुए कलाकारों ने ब्रज में होली है रसिया, होली खेले तो आय जइयो कृष्ण मुरारी, कान्हा बरसाने में बुलावै राधा प्यारी जैसे भजनों को गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंचन के दौरान कलाकारों ने आकर्षक मयूर नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें श्री कृष्ण राधरानी की दिव्य एवं अलौकिक झांकी का दर्शन कर श्रद्धालू भक्ति रस में सराबोर कर दिया। लीला मंचन के अंत में भगवान राधाकृष्ण पर सभी गोपियां और बाल सखा फूलों की वर्षा करते रहें। वहीं भारी संख्या में उपस्थित भक्तों ने राधे-कृष्ण की आरती उतार लोक कल्याण की मंगल कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेन्द्र सिंह, रामप्रसाद यादव, पवन जैन, दीपक कुमार केसरवानी, राकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, सत्येन्द्र पांडे, विमल अग्रवाल, विनोद कानोडिया, नरेन्द्र गर्ग, संदीप चैरासिया, डॉ. अशोक श्रीवास्तव, डॉ. चंद्रभूषण देव, प्रशांत जैन, विधूसेखर, उमेश केशरी, संदीप पाण्डेय, धीरेंद्र अग्रहरी, निशा सिंह, प्रतिभा केसरवानी, रीता यादव, मंजू गर्ग, सुमन केसरी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने चैत्र नवरात्र मेला की तैयारीके लिए बैठक



मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ आगामी 29/30 मार्च 2025 की मध्य रात्रि प्रारम्भ होने वाले चैत्र नवरात्र मेला की तैयारियों के दृष्टिगत विन्ध्याचल प्रशासनिक भवन में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी को देखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था कराएं।

उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार टैंकरो से भी पानी की आपूर्ति कराई जाए जिससे पेयजल की समस्या न आने पाए तथा इसके अतिरिक्त खराब हैण्डपम्पों व नलों की मरम्मत भी मेला प्रारम्भ होने से पूर्व करा लें। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में गलियों, परिक्रमा पथ व परकोटा में सफाई व्यवस्था निरंतर शिफ्टवार सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाते हुए कराई जाए। उन्होंने नाली व नालों की सफाई, मेला क्षेत्र में दुर्गन्धयुक्त स्थलों यथा नालियों व नालों में दवा आदि का छिड़काव, छुट्टा पशुओ को पकड़वाने हेतु वाहन रस्सा आदि की व्यवस्था, सभी वाहन स्टैण्डो पर रेट लिस्ट लगवाना तथा प्राइवेट वाहन स्टैण्डो की अनुमति प्रदान करना, गंगा किनारे महिलाओं के वस्त्र बदलने हेतु टेन्ट आदि की व्यवस्था, पूरे मेला क्षेत्र व घाटो पर अस्थाई मजबूत बैरीकेटिंग कराए जाने की व्यवस्था, दर्शनार्थियों के सुविधार्थ विभिन्न प्रकार के दिशा सूचक फ्लैक्सी बैनर, दूरभाष बैनर एवं स्वागत बैनर बनवाया जाना, पूरे मेला क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पूरे मेला क्षेत्र में खोया पाया केन्द्र की स्थापना एवं उसमें टेन्ट फर्नीचर आदि की व्यवस्था करना, घाटो के पर अस्थाई शौचालय निर्माण एवं उसमें पानी की व्यवस्था, मोटरबोट एवं गोताखोरो की व्यवस्था, विन्ध्य विद्यापीठ में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जाने वाले रैन बसेरे में अस्थाई शौचालय का निर्माण आदि सभी व्यवस्थाएं कराने का निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर को दिया। जिलाधिकारी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराना, अष्टभुजा गेस्ट हाउस को वी0आई0पी0 आगंतुको हेतु मूल भूत व्यवस्था करना, अष्टभुजा रैन बसेरा पर सफाई आदि एवं वाहन स्टैण्ड की व्यवस्था एवं चिकित्सीय शिविर की स्थापना, ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानो की सूची तैयार कराया जाना आदि सभी व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता अभाव शाखा उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण के द्वारा मेला क्षेत्र में अस्थाई कार्यालय खोलने एवं उसमें अधिकारियों कर्मचारियों की तैनाती करना, मेला क्षेत्र अस्थाई पेयजल व्यवस्था हेतु टैंकर की उपलब्धता, ओवरहेड टैंको की सफाई आदि कार्य कराना सुनिश्चित करें। सचिव विंध्याचल विशेष क्षेत्र प्राधिकरण के द्वारा अष्टभुजा पहाड़ी के नीचे वाहन स्टैण्ड की व्यवस्था ताा स्थल पर अस्थाई प्रकाश व्यवस्था, विन्ध्याचल स्थित प्राधिकरण के प्रशासनिक भवन को जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय हेतु व्यवस्थित करना, प्रशासनिक भवन में सफाई, पेयजल, टायलेट, फर्नीचर की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे।

## मिलावटखोरों के विरुद्ध विभाग ने की छापेमारी

आजमगढ़। होली पर्व के दृष्टिगत आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी आजमगढ़ व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), आजमगढ़ के आदेश के क्रम में जनपद के आम जनमानस को मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) आजमगढ़ द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन दल द्वारा खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयॉ, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य पदार्थो की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु आज उप जिलाधिकारी फूलपुर एवं सहायक आयुक्त (खाद्य) आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ श्री श्रवण कुमार मिश्र के नेतृत्व में फूलपुर बाजार से बेसन का नमूना, रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल का नमूना, रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल तथा रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल का नमूना लिया गया एवं 360 कि0ग्रा0 बेसन, 150 लीटर पामोलीन ऑयल, 46 कि0ग्रा0 रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल, 180 कि0ग्रा0 रिफाइण्ड सोयाबीन तेल आदि का कुल मूल्य 76,380/- को सीज किया गया। टीम द्वारा फूलपुर बाजार से 01 पनीर व 01 बूंदी के लड्डू का नमूना एवं शाहपुर रोड सरायमीर से गट्टा मिठाई, चिक्की व नमकीन का नमूना संग्रहित किया गया तथा 82 कि0ग्रा0 नमकीन मूल्य 13,120/- का सीज किया गया एवं रानी की सराय से खोया तथा पनीर का नमूना संग्रहित किया गया।

उप जिलाधिकारी निजामाबाद के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में दूसरी टीम ने हुसेनाबाद निजामाबाद से पापड़ व सरसो का तेल तथा निजामाबाद से बेसन व रंगीन कचरी का नमूना संग्रहित किया गया व 45 किग्रा कचरी मूल्य 2700 का सीज किया गया एवं मोहम्मदपुर तिराहा से 2 रंगीन कचरी के नमूनें संग्रहित कर सीज किये गये जिसकी मात्रा लगभग 10 कुतल व मूल्य 60 हजार है। टीम के सदस्यों द्वारा सिधारी से पनीर, मैदा व बेसन का नमूना भी संग्रहित किया गया। इस प्रकार दोनों टीम द्वारा कुल 20 नमूनें खाद्य पदार्थो के संग्रहित किये गये एवं रुपए 152200 का खाद्य पदार्थ सीज किया गया।

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल एवं अध्यक्ष, साडा की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, (साडा) की 50वीं बोर्ड बैठक आहूत की गयी। जिसमें जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सहयुक्त नियोजक, मुख्य कोषाधिकारी जनपद मीरजापुर, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम, राज्य सरकार द्वारा शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, (साडा) बोर्ड में नामित गैर सरकारी सदस्य के0 सी0 जैन व धर्मवीर तिवारी, एवं महाप्रबन्धक अनपरा तापीय परियोजना, महाप्रबन्धक ओबरा तापीय परियोजना के साथ-साथ अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2 लोक निर्माण विभाग सोनभद्र, एवं अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सोनभद्र द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त बैठक में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, (साडा) की गत बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी जिसपर कुछ सुझावों के साथ सहमति प्रदान की गयी उक्त के अतिरिक्त साडा विकास क्षेत्रान्तर्गत लगभग रू0-14.00 करोड़ के निर्माण विकास कार्यों को कराये जाने के साथ-साथ साडा की गजराज नगर ओबरा सोनभद्र स्थित भूमि पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी एवं भारत सरकारी अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत 50,000 से अधिक जनसंख्या वाले आबादी के मानकों में चयनित ओबरा एवं अनपरा की परिक्षेत्रीय महायोजना तैयार किये जाने हेतु मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक लखनऊ को नामित किये जाने की सहमति प्रदान की गयी।

## बिजली विभाग के विरोध में किया प्रदर्शन



जौनपुर। बिजली वितरण व बिजली में धांधली पर रोक लगाने के लिए केराकत के सेनापुर के ग्रामीणों ने किसान मोर्चा के बैनर तले झंडे लेकर अपने ग्राम से चलकर उपजिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम अपनी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। इन दिनों विधुत विभाग से आम ग्रामीण त्रस्त है।

विधुत विभाग के मनमानी बिल निकालने से लेकर धन उगाही के कारनामे काफी जान चचाओं में रहतें है इन सभी मुद्दों को लेकर ग्रामीणों ने आजीज आकर प्रदर्शन विरोध प्रदर्शन किया ।किसान मोर्चा की मुख्य मांगों में बिजली उत्पादन व परियोजनाओं के निजीकरण की दिशा पर रोक लगाना, प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने, मजदूरों, किसानों को मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए, घरेलू बिजली सायं 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक बिजली देना अनिवार्य करने, ई-के० वाई० सी० (सत्यापन) के नाम पर विभिन्न विभागों व जनसेवा केन्द्रों पर दौड़ाना व नाजायज खर्च करने पर रोक लगाने, खाद्य सप्लाई कार्यालय सहित सभी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार (सुविधा शुल्क) पर रोक लागने जैसी मांगे रहीं। सविता देवी ने कहा कि फर्जी वाडा विधुत विभाग द्वारा किया गया ।सविता ने भी अपना शिकायती पत्र देते हुए बताया की मुझे विधुत विभाग के द्वारा बताया गया कि आपको फ्री विद्युत दिया जाएगा क्यों की आप किसान है, जब मैंने अपना आधार कार्ड दे दिया तो मेरा किसानी खाता से विधुत कनेक्शन कर दिया गया पर जब 3साल विधुत चलाने के बाद इकट्ठा 50000 (पचास हजार )का बिल भेज दिया गया ।अब गरीब परिवार पर इतने बड़े बिल का पहाड़ टूट पड़ा।

## खेल महाकुंभ में बच्चों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन



जौनपुरं ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने में अवसर प्रदान करने के उददेश्य से खेल महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है मुडैला, शाहगंज के खेल मैदान में खेल महाकुंभ के आयोजन का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने फीता काट कर किया और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह व खण्ड विकास अधिकारी पीयूष त्रिपाठी व खण्ड शिक्षा अधिकारी बसन्त कुमार शुक्ल ने विजेताओं को मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने कहा कि खेल महाकुंभ से छात्रों में अनुशासन, सामूहिकता और सहनशीलता जैसे गुणों को विकसित किया जाएगा और जिला स्तर के खिलाड़ियों को पहचानने तथा मार्गदर्शन देने का अवसर मिलेगा।

खण्ड विकास अधिकारी पियूष त्रिपाठी ने इस आयोजन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि खेल महाकुंभ, युवाओं को खेल के प्रति उत्साहित व प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया है, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुई हैं। विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जिसमे खोखो बालक व बालिका वर्ग मे शाहगंज प्रथम, सुईथाकला द्वितीय रहे। कबड्डी बालक वर्ग मे शाहगंज प्रथम, खुटहन द्वितीय रहे। कबड्डी बालिका वर्ग मे शाहगंज प्रथम, सुईथाकला द्वितीय। दौड़ सौ मीटर बालक वर्ग मे आदित्य गुप्ता सुईथाकला प्रथम, दिवाकर यादव खुटहन द्वितीय, बालिका वर्ग मे प्रियांशु शाहगंज प्रथम, शिवानी गौतम सुइथाकला द्वितीय। दो सौ मीटर बालक वर्ग मे आदित्य गुप्ता सुईथाकला प्रथम, कुलदीप शाहगंज द्वितीय व बालिका वर्ग मे प्रियांशु शाहगंज प्रथम, प्रिया पाल सुईथाकला द्वितीय, रही। वालीबाल बालक वर्ग मे सुईथाकला प्रथम, शाहगंज द्वितीय। वालीबाल बालिका वर्ग मे सुईथाकला प्रथम, शाहगंज द्वितीय। शाटपुट बालिका प्रतियोगिता में ज्योति सुईथाकला प्रथम, आकांक्षा राजभर शाहगंज द्वितीय। बालक वर्ग नितेश शाहगंज प्रथम, अमित मौर्य सुईथाकला द्वितीय रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी खुटहन विपुल उपाध्याय, राष्ट्रीय शैक्षिक ब्लाक अध्यक्ष अरविंद सिंह, बुद्धिराम आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा पीडीए समुदाय को खत्म करना चाहती है: छोटेलाल




सोनभद्र। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए जन पंचायत अनवरत चलता रहेगा। इसलिए समाजवादी पार्टी के एक-एक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि आप लोग अपने-अपने क्षेत्र में पीडीए जन पंचायत के माध्यम से जनता को जागरूक करने का काम करें।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि भाजपा पीडीए समुदाय को खत्म करना चाहती है। यह सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है। इसे किसान नौजवान आदिवासी गरीब मजदूर के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। बैठक के अंत में 2 मिनट का शोक संवेदना व्यक्त किया गया और ईश्वर से प्रार्थना की गई की बालेश्वर यादव की आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें। इस दुख की घड़ी में उनके परिवारजनों को आत्मबल प्रदान करें। बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह पटेल, श्याम बिहारी यादव, संजय यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, अनिल प्रधान, वेदमनी, डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल, अशोक पटेल, त्रिपुरारी गौड़, बाबूलाल यादव, मन्नू पांडे, महिला सभा जिला अध्यक्ष गीता गौर, अजय, रवि कुमार गौड़, कुमारी मंदाकिनी पांडे, कुमारी निधि पांडे, पीयूष यादव, बिंदु यादव, सत्यम पांडे, फारूक अली जिलानी, कृपा शंकर चौहान आदि रहे।

## मोटी रकम लेकर सामूहिक नकल कराने का भंडाफोड़

आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हर स्थित पंडित कामता प्रसाद इंटर कॉलेज में परीक्षार्थियों से मोटी रकम लेकर सामूहिक नकल कराई जा रही थी। परीक्षार्थियों को पास कराने और बेहतर अंक दिलाने का ठेका लिया गया था। यही वजह थी कि परीक्षा में सॉल्वर बैठाने के साथ ही केंद्र से बाहर घरों में भी कॉपियां लिखवाई जा रही थीं। एसटीएफ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर समाप्त हो चुके पेपरों में भी नकल कराए जाने की पूरी संभावना है। इसकी गंभीरता के साथ जांच की जा रही है। एसटीएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र पर सामूहिक नकल कराने के लिए पूरी प्लानिंग की गई थी। इसमें बाहरी लोगों को भी शामिल किया गया था। जिन परीक्षार्थियों की जगह सॉल्वर बैठाए गए थे, उनकी प्रवेश पत्र पर फोटो बदल दी गई थी। इतना ही नहीं, पकड़े जाने के डर से जनसेवा केंद्र संचालक की मदद से परीक्षार्थियों के आधारकार्ड पर स्कैन कर सॉल्वरों की फोटो लगा दी गई थी। केंद्र व्यवस्थापक और इंटर कॉलेज के प्रबंधक की मिलीभगत से सामूहिक नकल का खेल चल रहा था। गुरुवार को एसटीएफ को इसकी पुख्ता सूचना मिली। जिस पर टीम ने गंभीरपुर थाने की पुलिस के साथ छापा मारा। परीक्षा केंद्र पर पहुंचते ही पुलिस ने मुख्य गेट बंद करा दिया। इसके बाद छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने परीक्षा कक्षों में जाकर एक परीक्षार्थी की गहराई से जांच शुरू कर दी। इस दौरान संदेह होने पर चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया। कड़ाई से पूछताछ के बाद सारी कहानी खुलती चली गई।

## 280 देशी मदिरा दुकानों 160 कंपोजिट शॉप का चयन

जौनपुर। जनपद में आबकारी दुकानों की ई-लाटरी की प्रक्रिया प्रेक्षागृह कलेक्ट्रेट में पर्यवेक्षक, मंडलायुक्त वाराणसी कौशलराज शर्मा के निर्देशन तथा जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जनपद में प्रथम चरण की ई-लॉटरी में 280 देशी मदिरा दुकानों, 160 कंपोजिट शॉप एक मॉडल शॉप और 57 भांग की दुकानों का व्यवस्थापना हुआ। प्रथम चरण में जनपद जौनपुर की सभी दुकानें व्यवस्थित हो गई हैं तथा प्रथम चरण में ही जनपद जौनपुर का व्यवस्थापन शत-प्रतिशत हो गया है। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि नए आवंटन अब ई लॉटरी के माध्यम से किये जा रहे हैं। इसके साथ ही कंपोजिट शॉप की व्यवस्था भी की गई है। ई लॉटरी के माध्यम से चयन में पारदर्शिता आएगी तथा चयन प्रक्रिया में आसानी होगी। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, जिला आबकारी अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गाय को हम नहीं गाय हमें पालती है: श्यामबिहारी गुप्ता

आजमगढ़। विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यकर्ता बैठक शुक्रवार को मातबरगंज स्थित रितेश डेंटल सेंटर पर संपन्न हुई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के अध्यक्ष एवं दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री श्यामबिहारी गुप्ता सम्मिलित हुए। बैठक का शुभारंभ गौपूजन एवं गौमाता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करते हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में कुल 7713 गोवंश संरक्षण केंद्र चल रहे हैं और आजमगढ़ में 90 संरक्षण केंद्र चलाये जा रहे हैं। हम लोगों का लक्ष्य है कि हर किसान के खूँटे पर गाय हो और हर किसान गौ आधारित प्राकृतिक खेती कि तरफ अग्रसर हो। रासायनिक उर्वरक हमारे और हमारी अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं इसलिए गौ आधारित प्राकृतिक खेती वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यक हो गयी है। बैठक में विहिप गोरक्षा विभाग कानपुर कि प्रान्त उपाध्यक्ष मंजू गुप्ता भी बतौर विशिष्ट अतिथि सम्मिलित रहीं और गोरक्षा कि कार्यकत्रियों से संगठन के विभिन्न विषयों पर संवाद किया। बैठक में गोरक्षा के महिला आयाम का विस्तार करते हुए डॉ मृदुला मिश्रा (प्राचार्य) को प्रान्त कार्याध्यक्ष एवं प्रतिभा सिंह को अधिवक्ता विभाग का उपाध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रान्त गोरक्षा प्रमुख सतीश राय, प्रान्त संरक्षक अशोक अग्रवाल, प्रांत अध्यक्ष राणा प्रताप राय सोनू, दीनानाथ सिंह, गौरव रघुवंशी, मृदुला मिश्रा, रेखारानी अग्रवाल, भानुप्रकाश पाण्डेय, पूनम सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

आजमगढ़। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय, आजमगढ़ धनंजय कुमार मिश्रा ने बताया है कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आजमगढ़ के निदेशानुसार 8 मार्च 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद न्यायाधीश द्वारा पूर्वान्ह 10:30 बजे हाल आफ जस्टिस में दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया जायेगा।

## जल शक्ति मंत्री ने बेलहर माइनर का निरीक्षण कर दिया निर्देश

मीरजापुर। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जलालपुर चौराहे पर स्थित बेलहर माइनर का निरीक्षण कर साइफन की सफाई कराने और पटरी से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। वे बृहस्पतिवार की शाम को अपने गांव ओड़ी में भतीजे संजय की पत्नी अंजनी देवी के त्रयोदशाह संस्कार में शामिल होने आए थे। वह करीब एक घंटे तक अपने गांव पर रहे। पारिवारिक कार्यक्रम के बाद जलशक्ति मंत्री ने जलालपुर चौराहे पर स्थित बेलहर माइनर का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव प्रह्लाद सिंह और जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी ने मंत्री को पत्रक देकर समसपुर, चुनार में पंप कैनाल का काम जल्द पूरा कराने की मांग की। मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख आनंद सिंह, राजेंद्र सिंह, चंद्रभान सिंह, राकेश सिंह, आशीष सिंह, अरुण सिंह, चेतनारायण सिंह, वीरेंद्र सिंह, सिद्धनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

## महाकुंभ 2025 के शांतिपूर्ण समापन के उपलक्ष्य में भोज कार्यक्रम आयोजित

मीरजापुर। महाकुंभ 2025 के सफल और शांतिपूर्ण समापन के बाद विंध्याचल स्थित डाक बंगले में एक भव्य भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के नेतृत्व में जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, एअपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी इस आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम में सफाई कर्मियों, नगर पालिका कर्मचारियों और पत्रकारों के साथ सामूहिक भोजन किया गया। सभी को महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन की बधाई दी गई और उनके योगदान की सराहना की गई। महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन को सफल बनाने में सफाई कर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उनके बिना कुंभ मेले की स्वच्छता और व्यवस्था संभव नहीं होती। भोज कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सफाई कर्मियों के समर्पण की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, महाकुंभ 2025 को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में सफाई कर्मियों ने दिन-रात मेहनत की है। उनकी कड़ी मेहनत और ईमानदारी की बदौलत ही श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ और सुंदर माहौल मिल पाया। नगर पालिका कर्मचारियों ने भी महाकुंभ के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अधिकारियों ने उनकी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में नगर पालिका का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। नगर पालिका कर्मियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया और उनके कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और महाकुंभ 2025 के दौरान उन्होंने इस ऐतिहासिक आयोजन को दुनिया तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। प्रशासन ने पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी निष्पक्ष रिपोर्टिंग और सतर्कता के कारण कुंभ मेले की हर गतिविधि सुचारू रूप से संचालित हो सकी। जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकारों की मेहनत से ही महाकुंभ की भव्यता और सफलता को देश-दुनिया तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी अधिकारी, सफाई कर्मी, नगर पालिका कर्मचारी और पत्रकारों ने एक साथ भोजन किया। भोज के दौरान महाकुंभ की सफलता को लेकर चर्चा की गई और भविष्य में इसी तरह के बड़े आयोजनों को और भी बेहतर ढंग से करने की योजनाओं पर विचार किया गया। भोज का माहौल सौहार्दपूर्ण और खुशनुमा रहा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने आपसी सहयोग और समन्वय की भावना को मजबूत किया।

संक्षेप

## अचार व कैचप खरीदने के लिए दिये 1.11 लाख रुपये हड़पे

**ललितपुर।** चौकी नेहरूनगर अंतर्गत मोहल्ला जुगपुरा देवगढ़ रोड निवासी शिवराज सिंह पुत्र स्व.चन्दन सिंह राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह एम.एस. ट्रेडर्स का देवगढ़ रोड पर संचालन करता है। बताया कि झांसी में रहने वाले चन्द्रप्रकाश गौतम जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के जिला रायपुर के मोवा अवनी बिहार कालोनी स्थित प्रकाश फर्नीचर बालाजी ब्लड बैंक के पास स्थित कम्पनी सिग्नेचर फूडवर्क में एस.ओ. के पद पर कार्यरत हैं। बताया कि चन्द्रप्रकाश गौतम उसके पास आये और अपने उक्त कम्पनी के उत्पाद अचार व कैचप के बारे में बताया, जिस पर पीड़ित ने उक्त कम्पनी से उत्पाद क्रय करने के लिए ऑर्डर दे दिया। ऑर्डर टोकन के रूप में 11 हजार रुपये की धनराशि 14 जनवरी को धनीराम राजपूत के फोन-पे एप द्वारा 1 रुपया अपराह्न 12.41 बजे एवं धनराशि 5199 रुपये यूटीआर से अपराह्न 12.42 बजे और इसी प्रकार 16 जनवरी को धनराशि 5800 रुपये नेफ्ट फर्म क बैंक खाता से भेज दिये। कम्पनी द्वारा बताया गया कि ऑर्डर का सम्पूर्ण बिल धनराशि 1 लाख 60 हजार 708 रुपये 02 पैसे होती है, जिसमें से 1 लाख रुपये कम्पनी के खाते में भेज दीजिए, जिस कारण पीड़ित ने अपनी फर्म एम.एस.ट्रेडर्स के बैंक खाता से धनराशि एक लाख रुपये 21 जनवरी 2025 को भेज दिये। इस प्रकार उसने कम्पनी को कुल एक लाख 11 हजार रुपये ऑर्डर के एवज में दे दिये, लेकिन कम्पनी द्वारा समय पर ऑर्डर व माल उपलब्ध नहीं कराया गया, जिस पर पीड़ित ने 7 फरवरी को अपराह्न करीब 12 बजे कम्पनी के एम.डी. परवेज खान से मोबाइल पर सम्पर्क कर ऑर्डर की जानकारी मांगी, जिस पर परवेज खान ने भी टाल-मटोल करने लगे। जिस पर पीड़ित ने माल न दे पाने की सूरत में दी गयी धनराशि 1 लाख 11 हजार रुपये वापस करने की बात कही। इस पर परवेज खान ने आवेश में आकर उससे कहा कि उसकी धनराशि हड़प कर ली गयी है अब माल नहीं भेजेंगे। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त कम्पनी के लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) व 316 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## शादी समारोह में खाना खाने गये युवक पर किया हमला

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत झांसीपुरा में रहने वाले चक्रेश कुमार पुत्र इन्द्रप्रकाश ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 5 मार्च की रात करीब 11.30 बजे वह अपने चाचा की पुत्री के विवाह में खाना खाने के लिए अम्बेड़कर चैराहा के पास स्थित एक मैरिज गार्डन गया हुआ था। समारोह में ग्राम चक महरौनी निवासी रितिक व उसका पिता बब्लू, झांसीपुरा निवासी संदीप पुत्र रामसेवक के साथ तलवार लेकर आ पहुंचे और बिना कारण ही विवाद करने लगे। आरोप है कि विवाद करने से मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। मौके पर उसके भाई योगेश, दीपक पुत्रगण चेनसुख आये और घटना को देखकर बीच-बचाव किया। तीनों उस समय गालियां देते हुये मारपीट करते रहे। इस हमले में उसे नाक के पास, कंधे में, दीपक को हाथ की अंगुली में, योगेश के सिर में चोट आयीं हैं। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआरदर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जिला प्रशासन त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कटिबद्धः डीएम

जिला संवाददाता(vol)




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जिला प्रशासन ने सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में होली एवं ईदुल फितर त्यौहार को सम्पन्न कराने के लिए पूर्व की तरह सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने अपेक्षा करते हुए कहा कि ये पावन त्यौहार पूर्ण संयम, समन्वय एवं आम नागरिकों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए मनाया जाएंगे और ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा, जिससे दुसरे सम्प्रदायों की भावनाओं को ठेस पहुंचे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में होली, रमजान तथा ईद उल फितर आदि त्यौहारों पर बिजली, पानी और साफ सफाई, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने सभी धर्मगुरूओं एवं संभ्रांत लोगों का आहवान किया कि यदि उनके संज्ञान में कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित करने अथवा संप्रदायिक भावना को भड़काने आदि संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है तो स्वयं हस्तक्षेप न करते हुए तत्काल प्रशासन को सूचित करें ताकि तत्काल सक्षम अधिकारियों को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने प्रतिबद्वता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन होली, रमजान, ईद उल फितर सहित सभी त्यौहारों को पूर्ण सौहार्द, परम्परागत और शांतिपूर्वक रूप से सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्व है।

उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक रूप से कोई अपशब्द, भड़काऊ भाषण अथवा धार्मिक उन्माद फैलाने जैसे किसी भी कार्य का दुस्साहस न करे और न ही सोशल मीडिया आदि पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी या पोस्ट न करे, जिससे शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति पर कोई आंच आए। उन्होनें स्पष्ट करते हुए कहा कि जिले में शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति से खिलवाड़ करने वाले शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जन सामान्य का आवाहन किया कि किसी भी अवस्था में ऐसा कोई कार्य न करें जो अपरम्परागत हो या जिससे साम्प्रदायिक वातावरण अथवा शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो। उन्होनें जानकारी देते हुए बताया कि सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को विशेष सफाई, प्रकाश एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जिले के विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं के साथ आगामी त्यौहार रमजान, होली एवं ईद उल फितर को सौहार्दपूर्ण एवं शान्तिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाने के लिए विस्तार से थानावार चर्चा की तथा होली त्यौहार में जिले के विभिन्न स्थानों पर होने वाले जूलूस के बारे में जानकारी की गयी तथा रमजान, ईद उल फितर के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी लोग अपने धार्मिक रीति-रिवाज से एक-दूसरे का सम्मान करते हुए अपने त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव वाजपई, ग्रामीण राम अर्ज, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कौशलेंद्र सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, सभी संबंधित अधिकारी सहित समस्त थाना प्रभारी व विभिन्न धर्मो के धर्मगुरु एवं संभ्रांत व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर हो निस्तारण



**बांदा।** मण्डल, जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक हुई। आयुक्त अजीत कुमार ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर उनका समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें, जिससे उद्यमियों की समस्याओं का समय से निस्तारण हो सके। बैठक में आयुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में पेयजल की समस्या का निराकरण करने के लिए जल निगम के अधिकारियों को स्वीकृत किये गये बजट से शीघ्र कार्यदायी संस्था के द्वारा कार्य शुरू कराये जाने के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में खाली औद्योगिक प्लाटों के आवंटन की कार्यवाही के सम्बन्ध में क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा द्वारा बताया गया कि मुख्यालय स्तर पर ई-आक्शन की कार्यवाही किये जाने के लिए सूची प्रेषित की गयी है एवं मुख्यालय स्तर से आवंटन की प्रक्रिया की जानी है, जिसके सम्बन्ध में आयुक्त महोदय ने उक्त आवंटन सूचना उद्यमियों को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। ग्रामीण औद्योगिक आस्थान के उच्चीकरण के अन्तर्गत द्वितीय फेस में कार्यों को शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ की सड़क की नालियों की सफाई कराये जाने तथा खराब एलईडी लाइट ठीक कराये जाने एवं निर्माणाधीन गेटों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा को दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को औद्योगिक क्षेत्र में स्वतंत्र विद्युत फीडर की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने तथा विद्युत आपूर्ति की ट्रिपिंग में सुधार करने के निर्देश दिये।

उन्होंने राष्ट्रीय राज्यमार्ग कबरई से महोबा की स्ट्रीट लाइट को ठीक कराये जाने तथा सड़क की मरम्मत के सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश एनएचआई के अधिकारी को दिये। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए बैंकों में लम्बित आवेदनों का शीघ्र एलडीएम को सम्बन्धित बैंक शाखाओं से प्रकरणों का निस्तारण कराने के निर्देश दिये। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग सुधीर कुमार ने उद्यमियों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख से अधिक धनराशि तक का ऋण 10 प्रतिशत अनुदान पर उद्योगों को बढाने के लिए दिया जा रहा है। उद्यमी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, उपायुक्त उद्योग गुरूदेव, जैन सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी से पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 59 दिन सजा



शहजाद अंसारी

**बिजनौर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से मात्र 59 दिन में संपूर्ण कार्यवाही पूरी कर एफआईआर पंजीकरण से ट्रायल तक न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी अभियुक्त को छह वर्ष की कठोर कारावास व बीस हजार हजार रुपयों के अर्थदण्ड से किया दंडित किया है। जनपद बिजनौर की पॉक्सो के साथ बीएनएस के तहत यह पहली सजा है।

जानकारी के अनुसार 06 जनवरी 2025 को थाना नजीबाबाद पुलिस को एक महिला ने तहरीर दी थी कि आरोपी मुख्तार ने अपनी दुकान पर मेरी बेटी के साथ छेड़छाड की। इस संबंध में थाना नजीबाबाद पुलिस ने बीएनएस व पॉक्सो की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कार्रवाही शुरू की। विवेचना पूरी होने पर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के सख्त आदेश पर इस अभियोग में नजीबाबाद पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणाम स्वरुप मात्र 59 दिन में न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट, जनपद बिजनौर ने इस मामले के अभियुक्त मुख्तार पुत्र सईदुद्दीन निवासी मौहल्ला रमपुरा थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर को 06 वर्ष के कठोर कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

# समय से पूरा कराये जायें विकास कार्य




**बांदा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद कृष्णा देवी पटेल की अध्यक्षता में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की उपस्थिति में हुई। इसमें पिछली बैठक के तहत कराए गये कार्यों की समीक्षा हुई। सांसद ने विकास कार्यों को पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समय पर कराए जाने तथा जन प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए कार्यों को पूरा कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने बांदा माइनर केन कैनाल की नहर पटरी में निष्प्रयोज्य भूमि एवं निम्नी नाला में अतिक्रमण की रोकथाम करने के निर्देश अधिशाषी अभियंता केन कैनाल को दिए।

उन्होने लोक निर्माण के अधिशाषी अभियंता को सड़क किनारे की झाड़ियों की कटाई का कार्य शीघ्र पूरा कराने और बांदा से बबेरू व कमासिन रोड की मरम्मत शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होने बीएसएनएल के अधिकारी को ग्राम पंचायतों में इंटरनेट की सुविधा से जोड़ने के काम की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद ने जल जीवन मिशन कार्य की समीक्षा करते हुए तोड़ी गयी सड़कों की गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराए जाने तथा गांव में जलापूर्ति कराने के निर्देश दिए। उन्होने मुद्रा लोन का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस बारे में एलडीएम ने बताया कि 47 हजार लोगों को मुद्रा लोन का लाभ दिया जा रहा है। अतर्रा रोड एवं मरका रोड में जल निकासी की समस्या के निराकरण के बारे में शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी को दिए साथ ही सड़कों के किनारे रखी सामग्री को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शहरी के कार्यों के अंतर्गत पीएम आवास के पात्रों को चिन्हित कर गरीब एवं पात्रों का चयन कर पारदर्शिता से आवासों का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं कटौती की समस्या का निस्तारण किए जाने और तिंदवारी में विद्युत लोड की समस्या का निदान करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता को दिए। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ जन प्रतिनिधियों को काम के बारे में जानकारी देते हुए समय पर गुणवत्ता के साथ कार्य तेज गति से कराएं। बैठक में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, बबेरू विधायक विशंभर यादव, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर जिले में हुए अनेक कार्यक्रम



**बांदा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के 10 साल पूरा होने पर महिला कल्याण विभाग के निर्देश पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिला प्रोवेशन अधिकारी मीनू सिंह ने कई गतिविधियों का आयोजन किया। राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं और महाविद्यालय की छात्राओं के बीच कविता पाठ और नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसमें महिला सशक्तीकरण का संदेश देते हुए महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा हुई। शासन के हेल्पलाइन नंबरों, सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान के लिए सरकार क्या कार्य कर रही है इस बारे में भी चर्चा हुई। प्रतियोगी छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, पुष्पेन्द्र सिंह डिप्टी डायरेक्टर महिला कल्याण, महाविद्यालय की प्राचार्य दीपाली गुप्ता, सबीहा रहमानी, समाजसेविका, महाविद्यालय की शिक्षिकाएं, छात्राएं व वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर ने भाग लिया। इसी कड़ी में राजकीय कस्तूरबा गांधी विद्यालय महोखर में छात्राओं के बीच नाटक का प्रस्तुतीकरण हुआ और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। महिलाओं और बालिकाओं के बारे में सरकार की चलाई जा रही सरकार की अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान कस्तूरबा गांधी विद्यालय की शिक्षिकाएं, वन स्टॉप सेंटर और बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों ने भाग लिया।

## आज से बदल जायेगा शहर में नो-एण्ट्री का समय

**ललितपुर।** शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने व सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने 08 मार्च 25 से शहर क्षेत्र में नो एंट्री के समय में बदलाव किया गया है। नये बदलाव के तहत इलाइट चैराहा, पिसनारी तिराहा, गोविंद नगर, नेहरू नगर( ओवर ब्रिज), तालाबपुरा तिराहा, पानी की टंकी, तुवन चैराहा, सिद्दन मंदिर से शहर की तरफ भरी व्यावसायिक वाहन, भारी वाहन सुबह 6 बजे से रात्रि 21.30 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे। ऐसे व्यावसायिक वाहन जिनको चंदेरी की तरफ जाना होगा वो वाहन एलाइट चैराहे से राजघाट होकर जा सकेंगे। आवश्यक सेवाओं में आने वाले वाहनों में गैस, दूध, पेट्रोल/डीजल आदि पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। इसके अलावा गोविंद नगर से तुवन चैराहा व तुवन चैराहे से गोविंद नगर की तरफ जाने वाली ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर सुबह 6 बजे से रात्रि 21.30 बजे तक प्रतिबंध रहेगा। पानी की टंकी से सावरकर की तरफ जाने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली सुबह 6 बजे से रात्रि 21.30 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे। एच.के.टेलर से सावरकर, आजाद चैक की तरफ जाने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली सुबह 6 बजे से रात्रि 21.30 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे, स्टेशन से एलाइट और एलाइट से स्टेशन जाने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। सिद्दन से इलाइट, स्टेशन जाने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। बस स्टैंड से जाखलौन जाने वाली बसें अस्पताल सदनशाह चैराह, बच्चा जेल होकर जाएंगी। झांसी की तरफ से आने वाली बसें एलाइट चैराहा, घुसयाना होते हुए बस स्टैंड जाएंगी। बस स्टैंड से राजघाट जाने वाली बसें पिसनारी होकर जाएंगी। राजघाट से आने वाली बसें पिसनारी होकर बस स्टैंड जाएंगी। बस स्टैंड से झांसी, सागर, महरौनी, टीकमगढ़ जाने वाली बसें अभिलाषा चैराहे से बयाना नाला होकर जाएंगी।

# ईंट पत्थरों से घर पर किया हमला, गाड़ियां तोडीं

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** गिरोह बनाकर आये नकाबपोश बदमाशों ने हथियारों से लैस होकर राजघाट रोड स्थित पिसनारी मोहल्ले में दहशत फैला दी। सूचना मिलने पर शहर कोतवाल भारी पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस के मौके पर पहुंचने के पहले बदमाशों ने जमकर पत्थरबाजी की।

- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी
- पिसनारी में नकाबपोश बदमाशों ने किये तमंचे से फायर

तमंचे से फायरिंग करते हुये लोगों को जान से मारने का भी प्रयास किया। प्रकरण को लेकर शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया गया है। जानकारी देते हुये पिसनारी बाग मोहल्ले में रहने वाले अमन खटीक पुत्र राजेश खटीक ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 11.40 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में था। तभी घर के बाहर से गालियां देने की आवाजें सुनाई दी, जिसे सुनकर वह गेट खोलकर बाहर पहुंचा तो देखा कि उसके ही घर के बाहर करीब 25 से 30 नकाबपोश बदमाश हाथों में हथियार लेकर उसे ललकार रहे थे। यह देखकर वह तत्काल गेट बंद कर घर के अंदर पहुंचा और परिवार को सुरक्षित करते हुये छत की ओर भागा। बताया कि इसी दौरान बदमाशों ने उसके घर पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया और गेट में भारी भरकम हथियार मारी। आरोप है कि इसी बीच कुछ लोगों ने उस पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर भी झोंक दिया। बताया कि बंदूक की गोली उसके आसपास से होकर निकल गयी। अमन खटीक ने कुछ लोगों की पहचान करते हुये उनके नाम भी पुलिस को बताये हैं। बताया कि उक्त लोगों ने उसके घर के बाहर खड़ी गाडि ?ों को भी पत्थर ईंट मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने बताया कि हमलावर कह रहे थे कि आज तो बच गये, जिस दिन दिखेंगे उस दिन जान से मार डालेंगे। बताया कि वह दहशत के चलते झांसीपुरा में रहने वाले अपने छोटे चाचा के घर पहुंचे, जहां उक्त लोगों ने पहुंच कर हमला कर दिया, जिससे उसके चाचा विक्की खटीक के साथ भी मारपीट कर उनके पैर तोड़ दिये। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त लोग पुलिस व प्रशासन को जेब में रखने की बात कह रहे थे। पूर्व में भी उक्त लोगों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अब पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पेयजल व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं: विधायक



**ललितपुर।** नगर पालिका सभागार में विधायक रामरतन कुशवाहा की अध्यक्षता में नगर की पेयजल व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को दुरूस्त बनाये जाने हेतु जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विधायक ने जल निगम के अधिकारियों से पिछली आयोजित बैठक में दिये गये निदेर्शों के क्रम में वार्ता की गई। विधायक द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी कार्य किये जा रहे है। वह समय से पूर्ण करा लें, गर्मी आने के पहले नगर वासियों को पेयजल व्यवस्था सुचारू कराये, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य योग्य नहीं होगी। इस दौरान जल संस्थान के अवर अभियंता ने बताया कि जल संस्थान के पास 22 टैंकर उपलब्ध है, 05 टैंकर नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराये गये है। कुल 27 टैंकरों से दिन में 5-6 चक्कर लगवाकर आपूर्ति को सुनिश्चित कराया जाएगा। इस दौरान खराब पड़े टैंकरो के सम्बन्ध में विधायक ने 15 से 20 मार्च तक हर हाल में सभी टैंकरो को ठीक कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये गये। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने जल निगम के अधिकारियों से डाली जा रही पाईप लाइन में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। एडीएम ने जल निगम के अधिकारियों से डाली जा रही पेयजल लाइन में विभाग द्वारा कितने नये कनैक्शन दिये गये है कि जानकारी ली गई, जिसमें जल निगम के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य के दौरान 700 नये कनैक्शन दिये गये है, जिन्हें अगस्त के माह में पेयजल की व्यवस्था सुचारू की जाएगी, जिसके सम्बन्ध में एडीएम ने कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। जल निगम द्वारा बनाये जा रहे ओवर हेड टैंकों के सम्बन्ध में कहा गया कि जहां भी ओवर हेड टैंक बनाये जा रहे है, उनकी सूची बनाकर नगर पालिका को अवगत कराये, जिससे कि पालिका के अवर अभियंता से उनका निरीक्षण कराकर, कराये जा रहे कार्यो की स्थिति का मुआयना किया जा सके। इस दौरान रोड कटिंग के सम्बन्ध में एडीएम ने नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी बैठक में निर्देशित किया गया था कि किसी भी सड़क पर लाईन डालने से पहले व लाईन डालने के बाद की फोटो खींच कर अवगत कराया जाये, सड़क की खुदाई जे.सी.बी. मशीन से न करते हुये रोड कटर मशीन से की जाये। सड़क की खुदाई करने से पहले पालिका से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाये, जहॉ पाईप लाईनें बिछाई जा रहीं हैं, वहां सड़कों का विशेष ध्यान दिया जाये। जे.सी.बी. से कार्य कराने पर जहां एक ओर सडके खराब होती है, वही आवागमन भी बाधित होता है। अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मैन पावर बढ़ाकर रोड कटिंग मशीन से ही सड़कों की खुदाई आदि का कार्य किया जाये। इस दौरान यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि सड़क/पटरी पर जो वाहन खड़े कर दिये जाते है, उन्हें चेतावनी जारी की जाये। बड़े वाहन को शहर के बाहर ही खड़ा किया जाये व जो भी ऑटो, ई-रिक्शा वाहन शहर में रहते है, उन्हें पार्किंग पालिका द्वारा चिन्हित किये गये पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा किया जाये।

## नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ को जिला जज ने दिलाई शपथ



**बांदा।** जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जनपद न्यायाधीश डॉ बब्बू सारंग ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ होने के पश्चात शपथ दिलाई। शपथग्रहण समारोह में रामकेश निषाद, एडवोकेट, जलशक्ति राज्य मंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जिला जज डॉ बब्बू सारंग, विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश रोहित सिंह, संजीव कुमार सिंह, परेश मिश्रा मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश, जनपद न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी पारिवारिक न्यायालय रोहित सिन्हा, अशोक अवस्थी अध्यक्ष एल्डर कमेटी, पूर्व अध्यक्ष अशोक दीक्षित, अध्यक्ष डी०पी० द्वारिकेश सिंह यादव मण्डेला, वर्तमान महासचिव मनोज निगम लाला के अलावा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, बबेरू विधायक विशंभर यादव के अलावा कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में अधिवक्ता और जनपद के वरिष्ठ समाजसेवियों की सहभागिता रही। परेश मिश्रा पूर्व चेयरमैन, सदस्य उ०प्र० बार काउंसिल, अशोक अवस्थी ने आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम को अशोक दीक्षित, बी०एम० कुशवाहा, अवधेश गुप्ता, ओम प्रकाश गौतम, अशोक त्रिपाठी जीतू, राकेश सिन्हा, एजाज अहमद, रामदयाल, रामस्वरूप सिंह, आनन्द सिन्हा, जागेश्वर यादव, कृष्णकान्त सिंह यादव, समप्रकाश निगम सीस, चन्द्रजीत यादव, जयकरण वर्मा, पूर्व महासचिव सुनील यादव, शैलेन्द्र यादव, राममिलन पटेल, श्याम सुन्दर पटेल, आजम खाँ, राकेश गोस्वामी आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पर हो मुकदमाः नागरिक मोर्चा



**ललितपुर।** नागरिक विकास मोर्चा ने विगत दिवस जिला महिला चिकित्सालय में सुविधा शुल्क न देने के कारण मृत हुई महिला के मामले में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पर हत्या का मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की है।

**अमान्य निजी चिकित्सालयों की जांच कराकर की जाये कार्यवाही**

इसी को लेकर मोर्चा ने जिलाधिकारी के मार्फत महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। जिसमें बताया गया है कि आजादपुरा निवासी प्रसूता मालती सोनी जब प्रसव पीडा के कारण जिला महिला चिकित्सालय आईं तो वहां पर सीजर के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग की गई, इलाज नहीं मिलने से मालती देवी की मौत हो गई। इस संबंध में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की दो महिला चिकित्सकों को दोषी माना गया। साथ ही एक अमान्य अस्पताल के खिलाफ कार्यवाही की बातें कहीं जारही हैं। जांच में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को क्लीन चिट दे दी गई है, जबकि मेडिकल कालेज की घोर लापरवाही से ही महिला के प्राण गये। मोर्चा ने प्राचार्य डी0नाथ को लापरवाही का असली दोषी मनाते हुये उन पर हत्या का मुकदमा दर्ज किये जाने की मांगकी है साथ ही उनका अन्यत्र स्थानांतरण किये जाने की मांग रखी। मोर्चा ने कहा कि अवैध उगाही का खेल लगातार मेडिकल कालेज में खेला गया। साथ ही साथ जनपद में चल रहे मानकविहीन एवं अमान्य निजी अस्पतालों की जांच कराते हुये उन्हें बंद कराये जाने की मांग रखी गई जिससे मालती देवी के साथ जो हुआ वह अन्य किसी मरीज के साथ न हो। ज्ञापन पर मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, अशोक स्वर्णकार, एड0 मनमोहन चैबे आदि के हस्ताक्षर बने हुये हैं।

## शिविर लगाकर दूर की जायेंगी कर विसंगतियां : गिरीशपति त्रिपाठी

**अयोध्या।** महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा है कि किसी को भी भौगोलिक सूचना प्रणाली यानि (जीआईएस) सर्वे को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। होली के बाद अयोध्या धाम में शिविर लगाकर गृह एवं जलकर बिल में आने वाली विसंगतियों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके जनता दर्शन एवं पार्षदों के माध्यम से कर में विसंगतियां को लेकर शिकायतें आ रही हैं, जिनका निस्तारण करने के लिए होली के बाद अयोध्या धाम के हर वार्डों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। लोग अपनी नोटिस को प्राप्त कर उसकी भी विसंगतियों को चिन्हित कर लें ताकि उन्हें दूर कराने में कठिनाई न आए। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कौशलपुरी एवं अवधपुरी जोन में कैंप लगाकर तीन हजार लोगों की शिकायतों को दूर किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम आम लोगों की प्रति जवाबदेह है ।

# रोजगार के मौके

हर साल एक करोड़ से अधिक युवा कालेजों से ग्रेजुएट्स होकर निकल रहे हैं और इस लिहाज से देखा जाये तो देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन ही है। जहां देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन है, तो देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। बेशक एक युवा जब कालेज से निकलता है तो उससे उसके परिवार की, उसकी खुद की और समाज की बहुत सारी उम्मीदें होती हैं और इन उम्मीदों और दायित्वों का पूरा होना तभी संभव है जब उसके पास या तो कोई नौकरी हो अथवा व्यवसाय। किसी काम धंधे में नियोजित होकर ही व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में अपना सम्यक योगदान दे सकता है। इस संदर्भ में यह बात उत्साह बढ़ाने वाली है कि इस रोजगार कालेज से निकलने वाले युवाओं की भर्तियां बढ़ी हैं। फ्रेशर्स हायरिंग में वृद्धि यह बताती है कि धीरे-धीरे रोजगार का बाजार सुधर रहा है, नयी नौकरियां सृजित हो रही हैं। लेकिन यह जरूरी है कि अब रोजगार का स्वरूप बदल रहा है। कुछ समय पूर्व एक सर्वे में यह बात सामने आयी थी कि अगले छह-सात वर्षों में करोड़ों नौकरियां खत्म हो जायेंगी जो



मुख्यतः क्लर्क, कैशियर, लिखा-पढ़ी जैसे साधारण प्रकृति के कामों से जुड़ी होंगी। इसी तरह एप आधारित गिग जॉब, एआई, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में रोजगार बाजार में सुधार देखने को मिलेगा। दरअसल प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग से रोजगार संकुचन की जो बात कही जा रही है उसमें बहुत सचाई नहीं है। हम आईटी सेक्टर को लेकर ही देखें तो आईटी क्रांति से नयी-नयी नौकरियां पैदा हुई हैं, देश की जीडीपी और निर्यात में इजाफा हुआ है और बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके भी पैदा हुए हैं। ऐसे में जब एआई जैसी तकनीक आमतौर पर इस्तेमाल होने लगेगी, तो रोजगार का स्वरूप जरूरत बदल सकता है लेकिन रोजगार के मौके कम होने की बात सही नहीं लगती। युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुकूल स्किल्ड करना तो जरूरी होगा अन्यथा सामान्य युवा को रोजगार मिलना कठिन हो जायेगा। प्रौद्योगिकी के इस युग में रोजगार भी उन्हीं लोगों को मिलेगा जो प्रौद्योगिकी में दक्ष होंगे। इसलिए नये विकसित होते क्षेत्रों में स्किल्ड युवाओं को तैयार करने के लिए शिक्षा और बेहतर प्रशिक्षण जरूरी है। फिलहाल यह भविष्य की बात है। मुख्य रूप से नए लोगों (फ्रेशर्स) की भर्ती के कारण देश के रोजगार बाजार में फरवरी माह में भी तेजी जारी रही और इसमें सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। एशिया के रोजगार एवं प्रतिभा मंच, फाउंडिट (पूर्व में मॉन्स्टर एपीएसी और एमई) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में नए लोगों की नियुक्तियों में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह अपना करियर शुरू करने वाले प्रतिभाशाली कर्मियों के लिए नियोक्ताओं की निरंतर मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी, 2025 में नियुक्तियों में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी नये लोगों की भर्तियों में उछाल के कारण हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में आईटी, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर फ्रेशर भर्ती मामले में अग्रणी बना रहा। वर्ष 2024 में इसका हिस्सा 17 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर वर्ष 2025 में 34 प्रतिशत हो गया। फाउंडिट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वी सुरेश ने कहा, कौशल आधारित नियुक्ति की ओर बदलते रुख से इनकार नहीं किया जा सकता। नियोक्ता व्यावहारिक विशेषज्ञता और उद्योग-संबंधित कौशल वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दे रहे हैं। यह दरअसल अब धीरे-धीरे रोजगार का ट्रेंड बन रहा है और इसे युवाओं, शिक्षा संस्थानों को समझने की जरूरत है ताकि देश में स्किल्ड डेफिसिट को खत्म किया जा सके। स्किल डेफिसिट गंभीर समस्या और इस कारण एक तरफ युवा बेरोजगार रहते हैं और दूसरी तरफ उद्योग जगत को कुशल कामगार नहीं मिलते हैं। इसलिए युवाओं को स्किल्ड कर रोजगार के मौके भी बढ़ाये जा सकते हैं और देश के विकास में युवा शक्ति का उपयोग भी किया जा सकता है।

---

### विचार

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश–यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

– बृंद.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

– मेंगून.

# अंतहीन अशांति के अंधेरे में फिलिस्तीन



नौशाबा परवीन

> तमाम संकेत यही हैं कि गाजा को खाली कराने की ट्रम्प योजना सफल नहीं होने जा रही है। लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि ट्रम्प इजराइल-फिलिस्तीन प्रश्न को अनजाने खतरनाक पानी में ले जा रहे हैं, जिससे इजराइल के दो शांति समझौते (मिस्त्र व जॉर्डन से) भी खतरे में आ गये हैं।

व्हाइट हाउस में आठ पूर्व बंधकों से मुलाकात करने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल हैंडल पर हमास को 'अंतिम धमकी' देते हुए लिखा, 'बाद में नहीं बल्कि सभी बंधकों को अभी रिहा करो और जिन व्यक्तियों का तुमने कत्ल किया है, उनके शव भी तुरंत वापस करो वर्ना तुम्हारे लिए सब कुछ खत्म हो गया है। केवल बीमार व सिरफिरे लोग ही शव रखते हैं और तुम बीमार व सिरफिरे हो।' 'ट्रम्प ने यह भी कहा कि 'काम खत्म करने के लिए वह इजराइल को हर आवश्यक चीज भेज रहे हैं'। इस 'धमकी' का विरोधाभास यह है कि ट्रम्प ने हमास से सीधे बात करने के लिए अपना एक प्रतिनिधि आदम बोएह्लेर को कतर भेजा है। 1997 के बाद यह पहला अवसर है जब वाइट हाउस हमास से सीधे तौर पर 'वार्ता व चर्चा' कर रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका की लम्बे समय से यह आधिकारिक नीति रही है कि वह मिलिटेंट गुटों से सीधे बातचीत नहीं करेगा। ट्रम्प इस नीति का उल्लंघन कर रहे हैं। वाइट हाउस की प्रेस सचिव करोलिन लीविट ने वार्ता का असल मुद्दा तो नहीं बताया, लेकिन यह कहा है कि ट्रम्प ने अपने प्रतिनिधि को 'हर किसी से बात करने' का अधिकार दिया है।

अक्टूबर 2023 से कतर व मिस्त्र के माध्यम से ही अमेरिका व इजराइल हमास से बातचीत कर रहे थे। अब अमेरिका सीधे हमास से बात कर रहा है। दूसरी ओर हमास ने ट्रम्प की नवीनतम धमकी को सुनकर अनसुना करते हुए दोहराया है कि वह शेष इजराइली बंधकों को उसी सूरत में छोड़ेगा, जब फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया जायेगा और गजा में स्थायी युद्धविराम होगा। हमास ने ट्रम्प व इजराइल के बेंजामिन नेतन्याहू पर जनवरी में हुए युद्धविराम से पीछे हटने का आरोप लगाया है, जिसके तहत फरवरी में युद्धविराम से संबंधित दूसरे चक्र की वार्ता होनी थी ताकि अधिक फिलस्तीनी कैदियों की रिहाई, स्थायी युद्धविराम और गजा से इजराइली फौज की वापसी के बदले में बंधकों को छोड़ा जा सके। हमास के प्रवक्ता अब्दुल लतीफ अल-कानउया ने कहा है कि 'शेष इजराइली



बंधकों को रिहा कराने का सबसे अच्छा रास्ता वार्ता ही है'। यह वार्ता फरवरी में आरंभ होनी थी, लेकिन अभी तक इसके लिए मामूली तैयारी ही हुई है। करोलिन लीविट के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रम्प की दिलचस्पी केवल अमेरिकी हितों को साधने में है और इसलिए वह हमास से सीधे वार्ता कर रहे हैं। ट्रम्प की दिलचस्पी मुख्यतः दो बातों को लेकर अधिक दिखायी दे रही है। एक, अमेरिकी नागरिक एडन एलेग्जेंडर को हमास से मुक्त कराने में। दूसरा यह कि दुनियाभर के विरोध के बावजूद ट्रम्प ने गजा को फिलिस्तीनियों से खाली कराकर वहां 'रिवेरा' बनाने की अपनी योजना को अभी तक नहीं छोड़ा है। इसलिए उन्होंने अपने प्रतिनिधि के रूप में आदम बोएह्लेर को कतर भेजा, जिन्होंने ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान अब्राहम समझौता कराने वाली टीम का नेतृत्व किया था।

### ट्रंप की विचित्र नीति

अब्राहम समझौते का उद्देश्य अरब संसार में इजराइल को विस्तृत मान्यता प्रदान कराना था। ट्रम्प क्या कहते हैं और करते क्या हैं, इसे समझना आसान नहीं हैं। एक तरफ वह हमास को धमका रहे हैं और दूसरी तरफ अमेरिकी नीति का उल्लंघन करके हमास से सीधी वार्ता भी कर रहे हैं। एक तरफ वह गजा के लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि ह्य'सुंदर भविष्य आपकी प्रतीक्षा में है' और दूसरी तरफ वह सभी फिलस्तीनियों से गजा खाली करने के लिए कह रहे हैं, बिना यह बताये कि वह किस जगह अपना वतन छोड़कर जायें। व्हाइट हाउस ने हाल ही में इस बात की पुनः पुष्टि की है और अरब देशों ने गजा के पुनःनिर्माण का जो वैकल्पिक प्रस्ताव दिया था, उसे ठुकरा दिया है। हालांकि ट्रम्प ने इस संदर्भ में अपने शब्दों में कुछ संशोधन अवश्य किया है, लेकिन उन्होंने अमेरिका के मालिकाना हक के साथ गजा को पश्चिम एशिया का 'रिवेरा' बनाने के अपने सपने को छोड़ा नहीं है। अपनी योजना की घोषणा ट्रम्प ने सबसे पहले 4 फरवरी को नेतन्याहू के सामने की थी। उस समय उनके शब्द थे 'हम उसके मालिक बनेगें'। इसके बाद यह शब्द बदलकर हो गये 'हम उसे खरीद लेंगे'। फिर जॉर्डन के किंग अब्दुल्लाह-2 के साथ ओवल ऑफिस की प्रेस कांफ्रेंस में ट्रम्प के शब्द थे ह्य'हम उसे खरीदेंगे नहीं, हम उसे छीन लेंगे, हम उसे अपने पास रखेंगे, हम उसका आनंद लेंगे'। इजराइल के सशस्त्र बलों द्वारा 16 माह की निरंतर बमबारी के बाद गजा रहने लायक स्थान नहीं रहा है। यह नरसंहार अपने आपमें मानवता के विरुद्ध अपराध था। गजा से फिलिस्तीनियों को बाहर निकालना मानवता के विरुद्ध दूसरा अपराध होगा, लेकिन इससे बेजालेल समोत्रिच के नेतृत्व वाले नव दक्षिणपंथ के मूल विचार की पूर्ति हो जायेगी कि गजा और संभवतः वेस्ट बैंक को खाली कराओ और इस तरह वह जातीय संहार पूर्ण हो जायेगा जो 1948 के नकबा से आरंभ हुआ था। गजा को खाली कराने की मानवीय कीमत अरब देशों को चुकानी पड़ेगी जैसा कि 1948 में हुआ था। ध्यान रहे कि अक्टूबर 2023 के मध्य में जो बाइडेन के राज्य सचिव एंटोनी ब्लिंकिन ने अपने क्षेत्रीय सहयोगियों जॉर्डन, मिस्त्र, सऊदी अरब व अमीरात से यही मांग रखी थी। इस मांग को बिना अपील के ठुकरा दिया गया था। लेकिन इससे मालूम होता है कि गजा को लेकर बाइडेन का भी नजरिया वही था, जिसे अब ट्रम्प खुलकर बोल रहे हैं। अरब देश फिलिस्तीनियों के जातीय संहार का हिस्सा बनने से इंकार कर रहे हैं। ट्रम्प की योजना में यही सबसे बड़ी रुकावट नहीं है। कोई फिलस्तीनी गजा छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, खासकर 16 माह की निरंतर बमबारी बर्दाश्त करने के बाद। फिलिस्तीन की एक राजनीतिक पार्टी के नेता समी अबु जुहरी का कहना है, 'गजा के लोगों ने मौत को इसलिए बर्दाश्त नहीं किया है कि वह अपनी मातृभूमि को छोड़कर चले जायें और वह किसी अन्य कारण से इसे छोड़कर नहीं जायेंगे।'

बहरहाल, ट्रम्प की गजा को खाली कराने की योजना एक तीर से कई निशाने साधने वाली है। इसके जरिये वह अपने क्षेत्रीय अरब सहयोगियों की प्रतिक्रिया की परीक्षा लेना चाहते हैं। अरब शासक चूंकि अमेरिका के पिट्ठू हैं इसलिए ट्रम्प की बात मान भी लेते, लेकिन अरब अवाम का दबाव उन पर इतना अधिक है कि वह अपने आका ट्रम्प को चाहकर भी 'प्रसन्न' करने में असमर्थ हैं। अरब शासकों को एक और अरब बसंत का डर है। फिर लाखों फिलस्तीनियों को अपने यहां बसाना आसान नहीं है, इसलिए वह 2-स्टेट की बात कर रहे हैं। ट्रम्प की योजना का दूसरा निशाना यह है कि नरसंहार के साक्ष्य मिटा दिए जायें ताकि इजराइल के लिए अमेरिका-समर्थित दंड मुक्ति की राह आसान हो जाये। तमाम संकेत यही हैं कि गजा को खाली कराने की ट्रम्प योजना सफल नहीं होने जा रही है। लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि ट्रम्प इजराइल-फिलिस्तीन प्रश्न को अनजाने खतरनाक पानी में ले जा रहे हैं, जिससे इजराइल के दो शांति समझौते (मिस्त्र व जॉर्डन से) भी खतरे में आ गये हैं।

### सोशल मीडिया



शालीमार विधानसभा के वार्ड 55 में निरीक्षण के दौरान स्कूलों में पेयजल संकट, सड़कों पर गंदगी और खराब सड़कों की स्थिति देख समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश दिया। रेखा गुप्ता.

# संतों का प्रवाहमय जीवन

### अंतर्दृष्टि

मैं पवित्र करने वालों में वायु और शस्त्रधारियों में राम हूं। इन प्रतीकों को थोड़ा हम समझें। वायु इस जगत में सर्वाधिक स्वतंत्र है और स्वतंत्रता ही पवित्रता है। वायु कहीं बंधी नहीं है, कहीं ठहरी नहीं है, कहीं उसका लगाव नहीं है, कहीं उसकी आसक्ति नहीं है। वायु एक सतत् गति है। तो पहली बात, जहां भी लगाव होगा, वहीं अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जहां भी आसक्ति होगी, जहां भी ठहरने का मन होगा, जहां पड़ाव मंजिल बन जाएगा, वही अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जीवन की सारी दुर्गंध, जीवन की सारी कुरूपता, जहां-जहां हम ठहर जाते हैं और जकड़ जाते हैं, वहीं से पैदा होती है। जीवन जहां भी प्रवाह को खो देता है, गति को खो देता है और जहां ठहर जाता है, जड़ हो जाता है...। जैसे नदी बहती है, तो नदी पवित्र होती है। और डबरा बहता नहीं, अपवित्र हो जाता है। डबरे में भी वही जल है, जो नदी में है। लेकिन नदी में प्रवाह है, बहाव है, जीवन है। डबरा मृत है, कोई गति नहीं है। डबरा सड़ता है, दुर्गंधित होता है और नष्ट होता है। स्वभावतः, अपवित्र हो जाता है। कृष्ण कहते हैं, पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं। पहली बात, पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां प्रवाह सतत् हो। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई लगाव, जहां कोई रुकाव, जहां कोई ठहराव न आ जाए। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई फिक्सेशन, प्राणों का अवरुद्ध होना न हो। जिसके प्राण भी वायु की तरह हैं- कहीं ठहरे हुए नहीं, कहीं रुकते नहीं, कहीं बंधते नहीं, कहीं कोई आसक्ति निर्मित नहीं करते- वही केवल पवित्रता को उपलब्ध हो पाएगा।

प्राचीन समय से संन्यासी ने प्रवाहवत जीवन व्यतीत करने को कहा है। नदी की तरह बहते रहो। महावीर ने अपने संयासियों से कहा है कि वे तीन दिन से ज्यादा कहीं रूके नहीं। तीन दिन के पहले हट जाएं। थोड़ा सोचने जैसा है। क्योंकि तीन दिन का यह राज महावीर को कैसे पता चला होगा, कहना मुश्किल है। लेकिन आधुनिक मनोविज्ञान कहता है कि आदमी को किसी भी जगह मन के लगने में कम से कम तीन दिन से ज्यादा का समय चाहिए। आप अगर एक नए कमरे में सोने जाएंगे, तो तीन रातें आपको थोड़ी-सी बेचैनी रहेगी, चौथी रात आप ठीक से सो पाएंगे। कहीं भी किसी नई स्थिति को पुराना बना लेने के लिए कम से कम तीन दिनों की जरूरत है। कम से कम। थोड़ा ज्यादा समय भी लग सकता है। महावीर ने अपने संयासियों को कहा है कि वह तीन दिन से ज्यादा एक जगह न रुकें। इसके पहले कि कोई अपना मालूम पड़ने लगे, उसे हट जाना चाहिए। क्योंकि जहां लगा कि कोई अपना है, वहीं जंजीर निर्मित हो जाती है और जिसके प्राणों पर जंजीर पड़ जाती है, उन प्राणों में कुरूपता और दुर्गंध और सड़ांध शुरू हो जाती है।

– **ओशो**.

# नवाचारों का बीज बोती आधी आबादी

**अरविंद जयतिलक**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। दुनिया की सभी महिलाओं को आसमान भर बधाई और मंगल शुभकामनाएं। सिर्फ इसलिए नहीं कि आज उनका दिन है। इसलिए भी नहीं कि वे सृष्टि की निरंतरता की अनवरत व आधारभूत परम तत्व हैं। इसलिए भी नहीं कि उनके आंचल में दूध और आंखों में पानी है। इसलिए भी नहीं कि वे हौसलों की उड़ान से जहान भर की बुलंदियों से खेल रही हैं। उन्हें बधाई और मंगल शुभकामनाएं इसलिए कि वे सदियों से गढ़ी-बुनी वर्जनाओं के खोल को धूल-धुसरित कर एक नए मूल्य और प्रतिमान को गढ़ रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि योनि के कठघरे की परिधि से बाहर निकल अपने हक-हकूक की प्रस्तावना का इंकलाब भर रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि हजारों साल से गढ़े-बुने गये समाज के एकध्रुवीय स्वरुप, चरित्र एवं चिंतन की दायरे का विस्तार कर रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि वे स्वयं के मापने व परखने के पूर्वाग्रही सांचे व सोच को चकनाचूर कर पुरुषवादी कवच का विन्यास कर रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए कि वे असमानता और अन्याय के खिलाफ तनकर खड़ा होने के नवाचारों का बीज रोप रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि वे स्वयं के इतिहासपरक मूल्यांकन को रद्द कर नई व्याख्या को आयाम दे रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि उनकी नई सोच और जीवन-मूल्य को अब दुनिया का हर समाज आत्मसात कर रहा है। बदलाव के गुणसूत्र को मान्यता दे रहा है।



बदलाव की इस सहज प्रतिध्वनि से असमानता की लौह-बेड़ियां स्वतः पिघल रही हैं। नतीजा सामने हैं। कल तक हम लैंगिक असमानता, हिस्सेदारी व भागीदारी को लेकर चिंतित थे। लेकिन आज बदलाव को चक्र घुमता हुआ साफ दिख रहा है। अब लैंगिक असमानता में तेजी से कमी दिखने लगी है। अभी गत वर्ष ही राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण के आंकड़ों से खुलासा हुआ कि महिला स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार हुआ है। महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा की वारदातों में कमी आयी है। वैवाहिक हिंसा पिछले एक दशक में घटी है। सर्वोच्च अदालत ने बेटियों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने की मंजूरी दे दी है। सरकार भी तैयार है। लेकिन मौंजू सवाल यह है कि क्या समानता के मीनार पर आधी-आबादी विराजमान हो गयी है? बिल्कुल नहीं। देखा जाए तो अभी भी राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में आधी-आबादी की मौजूदगी आनुपातिक रुप से कम है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वे की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में बेटियों का नामांकन तुलनात्मक रुप से कम है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक छात्राओं की मौजूदगी राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, सरकारी डीम्ड विश्वविद्यालयों और राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों में पुरुषों के मुकाबले कम है। इसी तरह राज्य विधान अधिनियम के तहत आने वाले संस्थानों, सरकारी विश्वविद्यालयों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में भी उनकी भागीदारी कम है। आर्थिक उपक्रमों में भागीदारी की बात करें तो देश के कंपनी बोर्ड मंम महिला प्रतिनिधित्व की भागीदारी ऊंट के मुंह में जीरा समान है। मुठ्ठी भर महिलाएं नेतृत्वकर्ता की भूमिका में हैं। श्रम के क्षेत्र में नजर दौड़ाएं तो यहां भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रतिनिधित्व दयनीय है। प्रशासनिक नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी कम है। आंकड़े बताते हैं कि आईएएस में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 20 फीसदी से भी कम है। बैंकों में 22 प्रतिशत के आसपास है। नौकरियों के मामले में विश्व बैंक अपनी रिपोर्ट में पहले ही कह चुका है कि दुनिया भर के कई देशों में महिलाओं की आर्थिक उन्नति में कानूनी बाधाएं हैं। इसी कारण महिलाओं को नौकरियां छोड़नी पड़ रही हैं। उन्हें अपने खर्च को सीमित करना पड़ रहा है। अच्छी बात है कि भारत में इस तरह का भेदभावकारी कानून नहीं है। लेकिन सच यह भी है कि भारतीय समाज पूरी तरह से दकियानूसी विचारों से अभी तक उबरा नहीं है।

महिलाओं को आज भी नौकरी के मामले में अपने परिवारिजनों से इजाजत लेनी पड़ती है। फिलहाल सरकार और स्वयंसेवी संगठनों के प्रयास से देश में महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरुकता बढ़ी है। नतीजतन महिलाएं जीवन के कई क्षेत्रों में परचम लहरा रही हैं। गौर करें तो इसका श्रेय भारतीय संविधान और सर्वोच्च अदालत को जाता है जहां भारतीय संविधान स्त्री-पुरुष दोनों को समान अधिकार प्रदान करता है। सर्वोच्च अदालत संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करता है। भारतीय संविधान में शिक्षा, सेवा, राजनीति इत्यादि सभी क्षेत्रों में पुरुषों व महिलाओं को बराबर के अधिकार दिए हैं। भारतीय संविधान में लैंगिक असमानता को मिटाने यानी समानता को बल प्रदान करने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। संविधान में स्पष्ट कहा गया है कि धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर महिलाओं से भेदभाव नहीं किया जा सकता। दो राय नहीं कि इन संवैधानिक प्रावधानों और गत वर्षों में हुए सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरुप भारत में लैंगिक विभेद में कमी आयी है। उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उदाहरण के तौर पर देश के विभिन्न राज्यो की पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण प्रदान किया गया है। इस पहल से पंचायतों में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ी है। लेकिन यहां ध्यान रखना होगा कि संख्या के लिहाज से भले ही यह आंकड़ा प्रतिनिधित्व को मजबूती देता हो पर एक सच यह भी है कि बड़े पैमाने पर नेतृत्व की बागडोर अभी भी पुरुष अभिभावकों के ही हाथों में ही है। बात चाहे गांव, ब्लॉक या तहसील की हो अथवा जिला स्तर की सभी आवश्यक स्थानों पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के पति या अभिभावक ही उनके दायित्वों का निर्वहन करते देखे जा रहे हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। इससे निर्वाचित महिला सरपंचों की भूमिका महज एक रबर स्टैंप बनकर रह गयी है। यह हस्तक्षेप पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को सीमित करने के साथ ही पंचायती राज के पावन उद्देश्यों को नष्ट करता है। दूसरी ओर संसद और राज्यों की विधानसभाओं में भी महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के मुकाबले आनुपातिक रुप से कम है। लोकसभा में कुल महिला सदस्यों की संख्या तकरीबन 74 है जो कुल सदस्यों के 15 फीसदी के आसपास है। इसी तरह राज्यसभा में महिलाओं की संख्या तकरीबन 24 है यानी 10 फीसदी के आसपास है। इसी तरह केंद्रीय मंत्रिमंडल में कुल महिला मंत्रियों की संख्या सात है। विचार करें तो पुरुषों के मुकाबले कम है। लेकिन अच्छी बात है कि केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार पहल कर रही है। विगत वर्ष ही मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निणर्य लेते हुए संसद का विशेष सत्र आहुत कर दशकों से बर्फखाने में पड़े महिला आरक्षण बिल को पारित कराकर आधी आबादी को उनके अधिकारों से लैस किया। इस क्रांतिकारी फैसले से अब लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें सुरक्षित-आरक्षित हो गई हैं। निःसंदेह इस पहल ने व्यवस्थापिका में महिला सशक्तिकरण को नया आयाम दिया है। इस उपलब्धि से देश भर की महिलाओं का इकबाल बुलंद हुआ है। गौर करें तो 11 वर्षों में मोदी सरकार ने महिलाओं के हित में ढ़ेर सारे निर्णय लिए हैं। इसके लिए उन्होंने महिला केंद्रित योजनाओं को आकार देने के की पहल शुरू की। मोदी सरकार ने 1 मई, 2016 को उत्तरप्रदेश राज्य के बलिया जिले से उज्ज्वला योजना का शुभारंभ किया।

आज इसका लाभ देश भर की उन सभी गृहणियों को मिल रहा है जो आर्थिक रुप से कमजोर हैं। उज्जवला योजना के अमल में आने से महिलाओं के स्वास्थ्य को नया जीवनदान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने बालिका लिंग अनुपात में गिरावट को रोकने एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का शुभारंभ किया। इसी तरह महिलाओं के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए तीन तलाक को खत्म किया। नतीजा सामने है। आज महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर न सिर्फ चैतन्य हैं बल्कि अपने लक्ष्य का प्रस्तावना भी खुद लिख रही हैं।

## आप की बात

### अवसरों का सृजन

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। यूपी में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली।

**मनीष कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### यातायात नियमों का पालन

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रेस वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश व प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं।

**संजीव श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## संदिग्ध दशा में युवक की मौत



गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईंगंज थानाक्षेत्र में शादी विवाह में इलेक्ट्रिशियन का काम करने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव चाय की दुकान पर रखी बेंच पर पाया गया। पुलिस ने पंचायत नामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। थानाक्षेत्र के सोनारा चैनापुर निवासी राजन पांडेय उर्फ सीताराम उम्र 18 नेवाजी सरैया के राम अवतार वर्मा के यहां इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। गुरुवार को जंजाली का पुरवा निवासी प्रेम कुमार तिवारी के यहां बरात आई हुई थी। जिसकी सजावट के लिए राजन घर से निकला था। शुक्रवार सुबह उसका शव मोतीगंज बाजार में शारदा सहायक खंड 16 नहर की पटरी पर स्थित चाय की दुकान पर रखी बेंच के ऊपर पड़ा मिला। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो राजन के मुंह और नाक से खून निकला था। मौत की खबर से चाय की दुकान पर भीड़ इकट्ठा हो गई। बाजारवासियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका पता नहीं लग सका है। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। बेटे की मौत से पिता शैलेंद्र पांडेय और मां गायत्री का रो रोकर बुरा हाल है। भटमई चैकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एनएसएस, प्रेम बंधुत्व एवं भाईचारे का प्रतीक : विधायक

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय कटघरा नारायनपारा के परिसर में आयोजित समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम ने राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक समरसता, प्रेम बंधुत्व एवं भाईचारे का प्रतीक है। यह योजना स्वयं सेवकों ने जन सेवा एवं राष्ट्र सेवा की भावना जागृत करती है। प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि शिविर स्वयं सेवकों को सेवा की भावना एवं अनुशासन का पाठ सिखाती है। उन्होंने दैनिक कार्यों का व्यवस्थित विवरण प्रस्तुत करने पर तीन स्वयंसेवकों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। प्राचार्य डॉ. आर एन सिंह ने स्वयंसेवकों से शिविर में सीखे गुणों को आत्मसात कर दैनिक जीवन में प्रयोग करने पर जोर दिया। कार्यक्रमाधिकारी प्रतीक मौर्य ने शिविर के सात दिवसीय कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शनि कुमार शुक्ल ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी आरजू मिश्रा, डॉ. संजय सिंह, प्रो. श्याम बहादुर सिंह, प्रो. महिमा द्विवेदी, डॉ. राजकुमार सिंह, कुला अनुशासक डॉ. मदनमोहन सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रबंधक ने छात्रा को किया सम्मानित

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। प्रबंधक ने इंस्पायर योजना में चयनित छात्रा को सम्मानित किया। शुक्रवार को क्षेत्र के जगदंबा प्रसाद सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांद नैया के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इंस्पायर योजना 2024 में चयनित विद्यालय की छात्रा अंशवी मौर्या को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। दृढ़ निश्चय से किए गए परिश्रम से सफलता निश्चित रूप से मिलती है। इस मौके पर सुभाष चंद्र, विनय सिंह, अखिलेश वर्मा, जगदंबा प्रसाद पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# कम दाम में लोगों को मिल रही उत्तम दवा

## प्रधानमंत्री की शीर्ष योजनाओं में शामिल है जनऔषधि योजना: विधायक



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने जन औषधि दिवस पर जिला स्वास्थ्य समिति रायबरेली के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जन जन तक देश के प्रधानमंत्री की शीर्ष योजनाओं में शामिल जन औषधि कार्यक्रम जनता से जुड़कर अपने देश के लोगों को लाभ पहुँचा रहा हैं। उन्होने कहा कि जेनेरिक दवाओं के प्रति विश्वास बढ़ाना और कम खर्चे में चिकित्सीय सुविधा देना प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना का हिस्सा है। सदर विधायक ने कहा कि दाम में कम दवाई उत्तम से आम जनमानस को लाभ मिल रहा है तथा देश के प्रमुख शहरों से लेकर गाँव गाँव तक जन औषधि केंद्र के माध्यम से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने जन औषधि दिवस पर लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जनता के लिए कार्य करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं से लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है जिससे जनता का विश्वास सरकार के प्रति बढ़ रहा है। सदर विधायक ने सरकार की नीतियों को सफल बताते हुए उनसे जुड़ने का आवाहन किया तथा जन जन तक जन कल्याणकारी औषधियों को प्रचार प्रसार करके लोगों को अच्छा लाभ पहुंचाने के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# महाकुंभ के पवित्र गंगाजल के वितरण का शुभारंभ



रायबरेली। शासन के निदेर्शानुसार महाकुंभ मेला प्रयागराज 2025 की समाप्ति के उपरान्त जो श्रद्धालु किन्ही कारणों से महाकुंभ मेला प्रयागराज में अमृत स्नान करने नही पहुंच पाये है। उन श्रद्धालुओं को महाकुम्भ मेला में ड्यूटी में गये फायर टेण्डरों के माध्यम से उनके जनपद में प्रयागराज महाकुंभ से पवित्र अमृत गंगाजल को वितरित करने के लिए लगाया गया है, जनपद में श्रद्धालुओं को वितरण हेतु दो फायर टेण्डरों से प्रयागराज महाकुंभ का पवित्र अमृत गंगाजल उपलब्ध कराया गया है, जिसे श्रद्धालुओं को वितरित करने का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में पवित्र अमृत गंगाजल वितरण के पश्चात एक फायर टेण्डर तहसील महाराजगंज, लालगंज में पवित्र अमृत गंगाजल के वितरण का कार्य करेगा एवं दूसरे फायर टेण्डर द्वारा सलोन, ऊँचाहार होते हुए डलमऊ तहसील में श्रद्धालुओं को पवित्र अमृत गंगाजल का वितरण किया जायेगा। अन्त में दोनो ही फायर टेण्डरों में बचे हुए पवित्र अमृत गंगाजल को रायबरेली जनपद में स्थित प्रसिद्ध व ऐतिहासिक शिव मंदिर बाबा बालेश्वर धाम परिसर स्थित कुण्ड में डाला जाएगा जिससे जनपद के ऐसे श्रद्धालु जो किसी कारणवश प्रयागराज महाकुंभ में अमृत स्नान नहीं कर सके, वह भी आकर अमृत स्नान करते हुए पुण्य अर्जित कर सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) अमृता सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एस0के0 सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## शराब दुकानों की लाइसेंस फीस 12 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा करें आवंटी: जिला आबकारी अधिकारी

अमेठी। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार आर्य ने बताया कि जनपद अमेठी में दिनांक 6 मार्च 2025 को 233 आबकारी दुकानों का ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आवंटन किया गया है, जिसमें 142 देशी मदिरा, एक मॉडल शॉप, 85 कंपोजिट दुकान तथा 5 भांग की दुकानों का व्यवस्थापन किया गया है। इस संबंध में उन्होंने सभी आवंटियों को सूचित करते हुए बताया है कि वह 7 मार्च से जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय गौरीगंज अमेठी से संपर्क कर अपना आवंटन आदेश प्राप्त कर लें तथा आवंटित दुकान से संबंधित निर्धारित लाइसेंस फीस अनिवार्य रूप से दिनांक 12 मार्च तक जमा कर दें यदि निर्धारित तिथि में लाइसेंस फीस आवंटी द्वारा जमा नहीं की जाती है तो उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि लाइसेंस फीस जमा करने के उपरांत प्रत्येक दुकान की निर्धारित प्रतिभूति (सिक्योरिटी) 35 दिन के अंदर जमा करना अनिवार्य है।

## विकास कार्यों को लेकर जिला पंचायत की बैठक आयोजित



गौरीगंज, अमेठी। अमेठी जनपद मुख्यालय गौरीगंज में जिला पंचायत के सभागार में राजेश कुमार अग्रहरि अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। बैठक एजेण्डा बिन्दु के अनुसार नरेन्द्र बहादुर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अमेठी द्वारा गत बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाया, जिसकी पुष्टि उपस्थित सदस्यों द्वारा की गई। बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से जनसुनवाई व अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रस्तावों को सदन में रखा गया। बैठक में जिला पंचायत, अमेठी के पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 (रू0 5653.97 लाख) एवं मूल बजट वर्ष 2025-26 (रू0 4263.10 लाख) अनुमोदित किया गया, साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की जिला पंचायत विकास योजना (डीपीडीपी) (रू0 2950.20 लाख) का अनुमोदन किया गया। इसके अतिरिक्त सदस्यगणों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के जिलास्तीय अधिकारियों के साथ चर्चा की, जिससे आमजन की मूलभूत सुविधाओं से लाभांवित हो सकें। बैठक में शैलेन्द्र प्रताप सिंह ,विधान परिषद सदस्य, के साथ जिला पंचायत के सदस्यगण एवं जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी व अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## सड़क हादसे में बाराती की मौत, पांच घायल

सलोन,रायबरेली।सलोन थाना क्षेत्र के सूंची चैकी के समीप भीषण सड़क हादसे में एक बाराती की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हुए हैं।दो युवक बाल बाल बच गए। तेज रफ्तार जैलो गाड़ी के अनोयन्त्रित होकर एक स्कूल की गेट से टकराने के कारण हादसा हुआ। फिलहाल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।गुरुवार को डीगुर सिंह का पुरवा उसरैना निवासी रोहित पुत्र अयोध्या की बारात सलोन कोतवाली क्षेत्र के सेमरी झकरासी मजरे सूंची गांव में गई थी।शुक्रवार को दुल्हन की विदाई के बाद एक जैलो कार में सवार करीब आठ बाराती वापस घर लौट रहे थे।सूंची चैकी के समीप अचानक चालक को नींद की झपकी आ गई।जिससे अनियंत्रित हुई तेज रफ्तार जैलो गाड़ी बीएमएस पब्लिक स्कूल की गेट तोड़ते हुए सड़क किनारे पलट गई।लोगों की माने तो कार की रफ्तार अधिक थी जिसकी वजह गाड़ी चालक संतुलन खो बैठा और हादसा गया।वही दुर्घटना के दौरान गाड़ी मे सवार बाराती सत्यम कुमार(18)पुत्र राकेश निवासी फकीर का पुरवा उसरैना की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि अशोक(17), सोनू(40), अरुण(13),शिवा(14)सतीश(19) गम्भीर रूप से जख्मी हो गए।जिन्हें सीएचसी सलोन से जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया है।जबकि गाड़ी के अंदर मौजूद बैंड कर्मी आशु पुत्र वीरेंद्र ,गोकुल पुत्र रिसाल धमधमा बाल बाल बच गए।जिन्हें शीशा तोड़कर गाड़ी से निकाला गया था।उनके शरीर पर एक खरोच तक नही आई।चैकी इंचार्ज सूंची स्वदेश कुमार का कहना है कि दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है।जबकि पांच लोग घायल हुए है।अभी तहरीर नही मिली

## एसजेएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट कार्ड वितरित




महराजगंज (रायबरेली) शुक्रवार को एसजेएस पब्लिक स्कूल महराजगंज में वार्षिक परीक्षा फल घोषित कर रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए इस दौरान विविध कक्षाओं के मेधावी छात्र व छात्राएं एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसबी सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए गणेश जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह व सह प्रबंधिका डॉ अनुश्री सिंह मौजूद रहीं। इस दौरान संस्कृतिक परिस्थितियों के साथ सभी कक्षाओं के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षा परिणाम के साथ प्रशस्ति पत्र एवं मेडल्स देकर एसबी सिंह सम्मानित किया। वार्षिक परीक्षा फल के साथ मेडल और प्रशस्ति पत्र पाकर छात्र छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ उठी और उत्साह उमंग से भरपूर नजर आए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक अग्रज सिंह ने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा में नई तकनीकी का समावेश किए जाने व विद्यालय द्वारा उसके लिए पूर्णतः तैयार रहने का आश्वासन देते हुए बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मृदुला श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक शिक्षकाएं मौजूद रहीं।

# नोडल अधिकारी ने लगायी चौपाल

रायबरेली, प्रमुख सचिव, परिवहन, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण उ0प्र0 शासनध्नोडल अधिकारी एल0 वेंकटेष्वर लू की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत बाला के पी0एम0 श्री कम्पोजिट विद्यालय में विभिन्न विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीण विद्युतीकरण, शिक्षा विभाग, स्वस्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वच्छ पेयजल कार्यक्रम, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, विभिन्न प्रकार की पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश स्पान्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन योजना-ग्रामीण, राज्यध्केन्द्रीय वित्त योजना, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, आई.जी.आर.एस. के संदर्भ आदि योजनाओं पर चर्चा की गयी। चौपाल में प्रमुख सचिव द्वारा मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थी बब्बू को आवास की चाभी एवं शाल दिया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के अन्तर्गत 16 स्वयं सहायता समूहो को 1.50 लाख रू0 प्रति समूह इस प्रकार कुल रूपया 24.00 लाख की चेक, 02 स्वयं सहायता समूहो को बैंक क्रेडिट लिंकेज की 6-6 लाख की धनराशि के 02 चेक, स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत 05 लाभार्थियों को चेक प्रदान की गयी। प्रेमा को ट्राई साइकिल एवं शाल प्रदान किया गया। आयुष्मान योजनान्तर्गत 02 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। प्रमुख



सचिव द्वारा समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों को निर्देर्षित किया गया कि ग्राम पंचायत में संचालित विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जाये एवं ग्राम चैपाल में नियमित रूप से ग्राम चैपाल एंव बैठको का आयोजन करते हुए विकास कार्यक्रमो का क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित कराया जायें। उन्होंने कहा कि जो समस्याएं संज्ञान में आये उनका शीघ्र गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराया जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, संयुक्त मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, परियोजना निदेशक, (जिला ग्राम्य विकास अभिकरण) सतीश चन्द्र मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अरूण कुमार, उपायुक्त (श्रम रोजगार) उपायुक्त (स्वतः रोजगार), जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, उप कृषि निदेशक, (विद्युत) हरचन्दपुर सहित अन्य जिला स्तरीयध्विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## पीएम जन औषधि केंद्र गरीबों के लिए वरदान: विधायक



कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री जन औषधि दिवस मनाया गया। शुक्रवार को सीएचसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र गरीबों के लिए वरदान बन गया है। इससे देश के गरीब, शोषित एवं वंचित लोगों को लाभ मिल रहा है। लोग कम पैसे में अच्छी दवाएं प्राप्त कर अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा कर रहे हैं। यह एक अच्छी योजना है। अध्यक्षता कर रहे हैं। केंद्र के अधीक्षक डॉ. एस आर यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना लोगों के लिए बहुत ही कल्याणकारी योजना है। उन्होंने चिकित्सकों का अवाहन करते हुए कहा कि आम जनमानस को जन औषधि केन्द्रों पर मिलने वाली सस्ती एवं जेनेरिक दवाएं लेने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चैहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश द्विवेदी, नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने ग्राम पंचायत ताला में लगाई चौपाल



**अमेठी।** शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय सत्यापन करने एवं ग्राम वासियों की शिकायतों के निस्तारण हेतु शुक्रवार को तहसील अमेठी अंतर्गत ग्राम पंचायत ताला में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिलाधिकारी निशा अनंत ग्रामीणों के मध्य पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीणों से लाभ मिलने की जानकारी ली तथा उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं एवं उनके सुझावों को सुना एवं प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चौपाल में जिलाधिकारी ने एक-एक करके ग्राम वासियों से शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली, सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम वासियों से राशन कार्ड एवं राशन मिलने की जानकारी ली जिस पर पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि ग्राम पंचायत ताला में कुल 207 पात्र गृहस्थी एवं 111 अंत्योदय कार्ड धारक हैं, ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कोटेदार द्वारा दो-दो किलो राशन कम दिया जाता है जिस पर जिलाधिकारी ने कोटेदार राम सजीवन मौर्या से कारण पूछा कोटेदार ने बताया कि गोदाम से ही कम राशन मिलता है जिस पर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक से जानकारी ली पूर्ति निरीक्षक द्वारा बताया गया कि निर्धारित यूनिट के अनुसार गोदाम से राशन दिया जाता है जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कोटेदार को सख्त निर्देश दिए की आगे से राशन वितरण में घटतौली नहीं करेंगे और किसी भी राशन कार्ड धारक को बगैर राशन दिए वापस नहीं करेंगे इसके साथ ही उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को अपने समक्ष राशन वितरण कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि इनके अतिरिक्त अन्य कोई भी पात्र व्यक्ति हो तो उसका भी राशन कार्ड बनाया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान मनोज कुमार से पंचायत भवन बने होने की जानकारी ली तथा उसमें पंचायत सचिव, लेखपाल, पंचायत सहायक के बैठने की जानकारी ली।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित



सुलतानपुर (वीओएल)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व दिवस पर कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम मॉडल इंग्लिश मीडियम प्रा.वि. वैदहा जयसिंहपुर में हुआ, जहां पक्षी जल पात्र वितरित किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के महत्व को समझना और उनके सम्मान में कार्य करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक और साहित्यकार सर्वेशकांत वर्मा सरल ने महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, द्यनारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है।द्य भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता और त्याग का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पी. आर. इण्टर कॉलेज सेमरी के प्रधानाचार्य डॉ. राधाकृष्ण मिश्र ने गौरैया के संरक्षण पर जोर दिया।

## टेलर ई रिक्शा की टक्कर में तीन घायल

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। चांदा क्षेत्र के कोथरा बाजार में स्टेशन रोड पास टेलर से ई रिक्शा में टक्कर हो गई, जिसमें ई रिक्शा पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं बाजार वासियो की मदद से 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैंचा ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान ई रिक्शा चालक चांदबाबू पुत्र मकबूल उम्र 21 वर्ष निवासी कोथराकला, रोशनी पुत्री शिवराम उम्र 24 वर्ष निवासी शोभीपुर, नीलम पत्नी बृजलाल उम्र 27 वर्ष निवासी आनापुर नारायणगंज के रूप हुई। वहीं स्थानीय लोगों के बताया कि ई रिक्शा सवारी लेकर कोथरा बाजार से चांदा की तरफ जा रहा था। अचानक ई रिक्सा चालक ने टर्न ले लिया। उसी समय चांदा की ओर आ रही टेलर से टक्कर हो गई, परन्तु चालक बचाने की अथक प्रयास करने के बाद भी घटना हो गई। जिससे ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और तीन लोग घायल हो गए। वहीं कोतवाली प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि टेलर को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया गया।

# 84 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ



बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।विकास खंड परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन का आयोजन हुआ, जिसमें 84 जोड़ों ने एक साथ शादी के बंधन में बंधकर अपने जीवन के नए सफर की शुरूआत की।इस समारोह में एक मुस्लिम जोड़े का निकाह इस्लामिक रीति-रिवाज से कराया गया। कुल 99 जोड़ों का पंजीकरण हुआ था, लेकिन 15 जोड़े उपस्थित नहीं हो सके। समारोह में कुछ जोड़े उम्रदराज भी नजर आए। हालांकि, इस सामूहिक विवाह आयोजन में कुछ अव्यवस्थाएं भी देखने को मिलीं। शादियों को एक घंटे में पूरा किया गया, जिससे कुछ जोड़े शादी के बाद जमीन पर बैठे दिखाई दिए। कार्यक्रम के दौरान मीडिया को सूचना नहीं दी गई, और शादी की प्रक्रिया इतनी जल्दबाजी में संपन्न कराई गई, जिससे कुछ सवाल उठने लगे हैं। पिछले सामूहिक विवाह में भी कुछ जोड़े अपूर्ण पाए गए थे, जिनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जो अब विवेचना के तहत है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह थीं, जिन्होंने

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने भी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। इस मौजूद प्रमुख अधिकारियों में नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव, खंड विकास अधिकारी राधेश्याम, डीसी मनरेगा अजीत सिंह, एपीओ नवीन मिश्रा, लेखाकार मनोज यादव, एडीओ समाज कल्याण अरविंद रावत, विपिन यादव, सचिव प्रदीप कुमार सिंह, रोहित चंद्रा, घनश्याम यादव, राहुल यादव, प्रियंका साहू, नीतू तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 161 जोड़ों की हुई शादी



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। शुक्रवार को कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोचार के बीच 160 जोडों ने विवाह बंधन में बंधकर एक दूजे के साथ मारने जीने की कसमें खाई और नए जीवन की शुरूआत की। विवाह समारोह में एक मुस्लिम जोड़े का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज से संपन्न कराया गया। सुबह 9 बजे से ही एडीओ समाज कल्याण अधिकारी कूरेभार की टीम ने सामूहिक विवाह के लिए कूरेभार ब्लॉक के 113 जोड़े, पीपी कमैचा ब्लॉक के 41, दोस्तपुर के 6 व अखंडनगर के एक जोड़े का पंजीकरण पूरा कराया। तत्पचात पुरोहित विनोद कुमार शुक्ला वीरेंद्र शुक्ला ने भव्य कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोउचार के बीच शादी का कार्यक्रम सम्पन्न कराया, जबकि एक जोड़े को मौलवी मो. जीशान खान ने निकाह पढ़ाया। इस मौके जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित कुमार, बीडीओ श्री कांत तिवारी, एडीओ समाज मुदित शंकर, एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उन्हें विवाह प्रमाण पत्र व उपहार सौंपे। इस मौके पर ग्राम विकास समाज कल्याण से पंकज कनोजिया, अनुराग पाण्डेय, काजल सिंह, प्राची पाठक, अभिषेक सिंह सहित हजारों घराती व बराती मौजूद रहे।

## शिक्षा से ही देश और समाज में सकारात्मक बदलाव संभव

सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (फामेर्सी संकाय) में द्यपढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालयद्य और द्यदहेज मुक्त भारत तथा नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के फामेर्सी संकाय के निदेशक प्रो. डॉ. महेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. महेश प्रसाद ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और सभी को पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालयद्य मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही देश और समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। इसके बाद उन्होंने दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि दहेज प्रथा सामाजिक बुराई है, जिससे महिलाओं को मानसिक और शारीरिक यातनाएं झेलनी पड़ती हैं, और यह समाज में अपराध बढ़ाता है।

संक्षेप

## ओलंपिक पदक विजेता को दी गयी एमजी विंडसर ईवी

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यूएमजी मोटर इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के स्ट्राइकर और ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय को एमजी विंडसर की डिलीवरी देकर सम्मानित किया। यह आयोजन भारत के खिलाड़ियों और उनकी खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने की कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले, पिछले साल नवंबर में चंडीगढ़ में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान, सभी ओलंपिक पदक विजेता एथलीटों को अभूतपूर्व एमजी विंडसर ईवी प्रदान की गई थी। विंडसर, जो लगातार पांच महीनों से भारत की सबसे अधिक बिकने वाली ईवी रही है, ने भारत में ईवी सेगमेंट की समग्र वृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ललित और पूरी राष्ट्रीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में हमारे देश को गौरवान्वित किया हैं। उनकी प्रेरणादायक यात्रा के सम्मान में, हम उन्हें एमजी विंडसर भेंट करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी असाधारण उपलब्धियां एमजी की नवाचार और उत्कृष्टता की भावना को दर्शाती हैं।

## मिलेनियल्स से जेन जी तक, एक नये दौर के उद्यमियों की क्रांति

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले मास्टरकार्ड द्वारा किए गए नए शोध से पता चला है कि भारत की लगभग आधी (45 प्रतिशत) महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का विचार किया है। मास्टरकार्ड भारत में एक समावेशी डिजिटल अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहां छोटे व्यवसायों, विशेष रूप से महिलाओं द्वारा संचालित कंपनियों को वे सभी समाधान और संसाधन मिलें, जो उन्हें आगे बढ़ने और सफल होने में मदद करें। अब तक देशभर में 3 लाख से अधिक छोटे और सूक्ष्म उद्यमों को लाभ हुआ है। यह शोध भारत में महिलाओं, विशेष रूप से युवा पीढ़ी, की मजबूत उद्यमशीलता की भावना को दर्शाता है।

## करियर ब्रेक भी जीवन की एक वास्तविकता है : द इक्वल कैलकुलेटर

नई दिल्ली। इस महिला दिवस पर, बंधन म्यूचुअल फंड द इक्वल कैलकुलेटर के लॉन्च के साथ फाइनेंशियल प्लानिंग को नये सिरे से सभी के सामने रख रहा है। पारंपरिक इनवेस्टमेंट कैलकुलेटर के विपरीत जो निरंतर आय को ही आधार मानते हैं, द इक्वल कैलकुलेटर यह मानता है कि करियर ब्रेक भी जीवन की एक वास्तविकता है, खासकर उन महिलाओं के लिए जो परिवार, शिक्षा या व्यक्तिगत विकास के लिए दूर रहती हैं। यह अपनी तरह का अनूठा फाइनेंशियल टूल यह सुनिश्चित करता है कि ब्रेक लेने का मतलब पीछे छूट जाना नहीं है। करियर में ब्रेक को ध्यान में रखते हुए, बंधन म्यूचुअल फंड का द इक्वल कैलकुलेटर, सभी को पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने वित्तीय भविष्य की योजना बनाने में मदद करता है, जो लॉन्गटर्म में वेल्थ क्रिएशन के लिए अधिक सटीक रोडमैप प्रदान करता है।

## हिमालया वंडरवुमन लॉन्च



बेंगलुरु। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हिमालया वंडरवुमन प्रोजेक्ट के लॉन्च की घोषणा की, जो युवा लड़कियों को चुनौतियों से ऊपर उठकर अपने चुने हुए क्षेत्रों में नंबर 1 बनने के लिए सशक्त बनाने के लिए समर्पित पहल है। इस दृष्टिकोण को जीवंत करने के लिए हिमालया ने 2024 महिला प्रीमियर लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला टीम के साथ साझेदारी की है, जो उभरती हुई युवा महिला क्रिकेटरों को उनके खेल आइडियल से विशेष प्रशिक्षण और मेंटरशिप सत्र का खास अवसर प्रदान करता है। हिमालया वंडरवुमन प्रोजेक्ट का उद्देश्य है कि युवा लड़कियों और वास्तविक जीवन को खासकर खेल और अन्य क्षेत्रों में महिला रोल मॉडलों से जुड़ने का अवसर मिल सके, ताकि महत्वाकांक्षा और अवसर के बीच की खाई को पाटी जा सके।

## पोको एम7 5जी अब फ्लिपकार्ट उपलब्ध

बंगलुरू। पोको अपने नए पोको एम7 5जी के लॉन्च के साथ एक बार फिर बजट सेगमेंट में हलचल मचा रहा है। यह फोन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो कम कीमत में ज्यादा खूबियां चाहते हैं। पोको एम7 5जी सिर्फ रुपये9999 की अविश्वसनीय कीमत पर अब फ्लिपकार्ट उपलब्ध है और यह अपने सेगमेंट में सबसे बड़ा 6.88 इंच का डिस्प्ले और 120 एचजेड का अल्ट्रा-स्मूथ एडाप्टिव रिफ्रेश रेट देने वाला एकमात्र स्मार्टफोन है। चाहे आप लगातार बिंज वॉच करें, गेम खेलें या स्क्रॉल करते रहें, पोको एम7 5जी एक शानदार और आंखों को आराम देने वाला अनुभव प्रदान करेगा।

# सेंसेक्स में 7.51 अंकों की गिरावट




मुंबई। निवेशकों ने शुक्रवार को घरेलू बाजार में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स दो दिनों की बढ़त के बाद 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 246.34 अंक चढ़कर 74,586.43 पर पहुंच गया था।

हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचसेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 7.80 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 89 अंक बढ़कर 22,633.80 के स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक बाजार में अमेरिका के शुल्क लगाने और दूसरे देशों की जवाबी चेतावनियों के कारण अनिश्चितता बढ़ गई है। इस अस्पष्टता के कारण जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ी है और इक्विटी को लेकर आकर्षण घटा है। इसके उलट भारतीय बाजारों ने व्यापार युद्ध की आशंका के बावजूद हाल में मजबूती को दिखाया है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयर चढ़कर बंद हुए। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स, अदानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक में नुकसान देखने को मिला। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट रही थी। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 2,377.32 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने शुद्ध आधार पर 1,617.80 करोड़ रुपये के इक्विटी खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.32 प्रतिशत बढ़कर 70.38 डॉलर प्रति बैरल हो गई। बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 609.86 अंक उछलकर 74,340.09 और एनएसई निफ्टी 207.40 अंक बढ़कर 22,544.70 पर बंद हुआ था।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.76 अरब डॉलर बढ़कर 640.48 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 543.35 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.30 अरब डॉलर घटकर 73.27 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.7 करोड डॉलर बढ़कर 17.99 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 1.2 करोड़ डॉलर घटकर 4.08 अरब डॉलर रहा।

## नाबार्ड ने की हिमाचल में 10 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए 109 करोड़ मंजूर

शिमला। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने हिमाचल प्रदेश के छह जिलों में 10 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए 109.3 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। राज्य के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह मंजूरी आरआईडीएफ (ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष) 30वें चरण के तहत दी गयी है। यह ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष की 30वीं किस्त है जो कृषि, स्वास्थ्य सेवा और कनेक्टिविटी जैसे ग्रामीण बुनियादी ढांचे के लिए धन मुहैया कराती है। नाबार्ड की परियोजना आंतरिक अनुमोदन समिति ने अपनी 141वीं बैठक के दौरान यह राशि मंजूर की। यहां जारी एक बयान में सिंह ने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य के लोगों को लाभान्वित करने के लिए बेहतर परिवहन सुविधाएं और कनेक्टिविटी सुनिश्चित करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देंगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार, प्रगतिशील शासन देने और राज्य के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार केंद्रीय स्तर पर राज्य की विकासात्मक जरूरतों का सक्रिय रूप से प्रतिनिधित्व करके बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# रुपया 20 पैसे की तेजी के साथ बंद



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 20 पैसे उछलकर 86.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक के अपने पांच महीने के निचले स्तर पर आने तथा मांग में नरमी के अनुमान के कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की वजह से रुपये में तेजी देखने को मिली।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, अस्थिर घरेलू शेयर बाजार की धारणा और विदेशी पूंजी की सतत निकासी से घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी का कारण दुनिया भर में शुल्क को लेकर अस्पष्टता की वजह से जोखिम से बचने की प्रवृत्ति में वृद्धि है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.13 पर खुला और कारोबार के दौरान 87.22 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। बाद में रुपया 86.88 प्रति डॉलर तक मजबूत होने के बाद कारोबार के अंत में 86.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 20 पैसे की मजबूती है। बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे गिरकर 87.12 पर बंद हुआ था। इससे पहले लगातार तीन सत्रों में इसमें 31 पैसे की तेजी आई थी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.43 प्रतिशत घटकर 103.58 पर रहा। वायदा कारोबार में वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.41 प्रतिशत बढ़कर 70.44 डॉलर प्रति बैरल हो गया लेकिन फिर भी यह छह माह के निचले स्तर पर बना रहा। कच्चे तेल में मुनाफावसूली से कीमतें बढ़ी हैं। इमरान ने कहा कि आर्थिक आंकड़े भी कच्चे तेल की मांग के लिए उत्साहजनक नहीं हैं क्योंकि जनवरी-फरवरी की अवधि में चीन का आयात सालाना आधार पर पांच प्रतिशत घटकर कुल 8.38 करोड़ टन रह गया।

## द्विपक्षीय व्यापार समझौते से अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर विचार : भारत

नयी दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के जरिये शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने सहित व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपने व्यापार साझेदारों पर जवाबी शुल्क की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद यह बात कही गई।

ट्रंप ने अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत दो अप्रैल से कई व्यापार साझेदारों पर जवाबी शुल्क की घोषणा की, जो अमेरिका से आयात पर अधिक शुल्क लगाते हैं। इस पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने संकेत दिया कि वह इस मुद्दे के सौहार्दपूर्ण समाधान की उम्मीद करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका में थे और उन्होंने अपने समकक्षों से मुलाकात की तथा दोनों सरकारें बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं। जायसवाल ने कहा कि बीटीए के माध्यम से हमारा उद्देश्य माल और सेवा क्षेत्र में भारत-अमेरिका के दो-तरफा व्यापार को मजबूत करना है।

# महाराष्ट्र को 2024-25 के सिर्फ नौ महीनों में पिछले दशक का रिकॉर्ड एफडीआई मिला

मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र को 2024-25 के सिर्फ नौ महीनों में पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) प्राप्त हुआ है।

फडणवीस ने अपने दावे के समर्थन में दिसंबर, 2024 के लिए केंद्र की डीपीआईआईटी विदेशी निवेश रिपोर्ट का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के सिर्फ नौ महीनों में पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक वार्षिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में कुल 1,39,434 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पिछले 10 वर्षों में किसी एक वर्ष में महाराष्ट्र में प्राप्त सबसे अधिक विदेशी निवेश है। दिसंबर, 2024 के अंत तक डीपीआईआईटी द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, एफडीआई प्रवाह में महाराष्ट्र देश में शीर्ष पर है, इसके बाद कर्नाटक और गुजरात का स्थान है। फडणवीस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, ऐसा करके महायुति सरकार ने वित्त वर्ष 2016-17 का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बेशक, चालू वित्त वर्ष में अभी एक तिमाही बाकी है। पिछले वर्ष राज्य में विधानसभा चुनावों में भारी जीत हासिल करने वाले महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं।

## हजरतगंज सोशल देगा मैच के दिन एक बेजोड़ अनुभव

लखनऊ। भारत के फाइनल में पहुंचने के साथ, 'हजरतगंज सोशल' मैच के दिन एक बेजोड़ अनुभव देने के लिए तैयार है। अपने खास माहौल, स्वादिष्ट भोजन और लोगों को एक साथ लाने के लिए मशहूर 'हजरतगंज सोशल' क्रिकेट प्रशंसकों के लिए पसंदीदा जगह बनने जा रहा है। भीड़ की गर्जना से लेकर हर रोमांचक पल की धड़कन तक, #दूसरास्टेडियम इस सीजन के सबसे बड़े मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है-साथ ही, मेनू में परफेक्ट मैच के साथ, प्रशंसक मैच के दिन बेहतरीन अनुभव का आनंद ले सकते हैं! रविवार, 9 मार्च को दोपहर 2:30 बजे से, देश भर में सोशल आउटपोस्ट क्रिकेट हब में तब्दील हो जाएंगे, जो हाई-एनर्जी प्रशंसकों, बड़ी स्क्रीन और एक रोमांचक माहौल से भरे होंगे, जो स्टेडियम के माहौल को सीधे आपकी टेबल पर लाएंगे।

## मीशो ने अपने फुटवियर श्रेणी का विस्तार किया

नई दिल्ली। मीशो ने रिलैक्सो ग्रुप, पैरागन और लिबर्टी ब्रांड्स पेश करके अपने प्लेटफॉर्म पर फुटवियर श्रेणी को मजबूत किया है। इस लॉन्च के बाद लाखों शॉपर्स को ये भरोसेमंद ब्रांड मीशो पर उपलब्ध हो सकेंगे। यह रणनीतिक कदम खासकर टियर 2$ बाजारों में ब्रांडेड, हाई-क्वालिटी के फुटवियर उपलब्ध कराने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है क्योंकि इन बाजारों के शॉपर्स कम्फर्ट और ड्यूरेबिलिटी के लिए भरोसेमंद ब्रांड्स को ज्यादा पसंद करते हैं। इन ब्रांड्स ने छोटी सी अवधि में ही ऑर्डर्स में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है। रिलैक्सो ग्रुप की मांग में 2.5 गुना, पैरागन की मांग में 2.5 गुना और लिबर्टी की मांग में 2 गुना वृद्धि दर्ज हुई है। इस वृद्धि को फ्लिप-फ्लॉप्स, कैज्युअल शूज, स्पोर्ट्स शूज, और फॉर्मल फुटवियर जैसे स्टाईल्स की बढ़ती मांग से तेजी मिली है।

# सोना 89 हजार के स्तर से नीचे फिसला, चांदी में 500 रुपये की तेजी



नयी दिल्ली। कमजोर घरेलू मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे फिसल गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। यह सोने में गिरावट का दूसरा दिन था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं के साथ-साथ खुदरा लिवालों की ओर से मांग में कमी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसके साथ इसमें लगातार चौथे दिन तेजी जारी रही। पिछले चार सत्रों में चांदी में 3,100 रुपये की तेजी आई है। एमसीएक्स के वायदा कारोबार में अप्रैल डिलीवरी वाला सोना 50 रुपये गिरकर 85,983 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वैश्विक मोर्चे पर, सोना वायदा 2,929.30 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस बीच, हाजिर सोना 10.14 डॉलर बढ़कर 2,921.94 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। हालांकि, एशियाई बाजार में चांदी वायदा 0.17 प्रतिशत गिरकर 33.28 डॉलर प्रति औंस रहा।

## पेज एक का शेष

### मुम्बई हमले

किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, आपने राणा के प्रत्यर्पण के संबंध में राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणियां देखी होंगी। संयुक्त बयान भी इसी भावना को दर्शाता है। उन्होंने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम उसके भारत प्रत्यर्पण के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के वास्ते अमेरिका सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक 64 वर्षीय राणा वर्तमान में लॉस एंजिलिस में हिरासत केंद्र में बंद हैं। जायसवाल की यह टिप्पणी अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की राणा की आपातकालीन याचिका को खारिज किए जाने की पृष्ठभूमि में आई है।

### मुद्रा योजना

साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता पाई। उन्होंने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च के दिन अपने सोशल मीडिया खातों का संचालन महिलाओं को सौंप देंगे।

### काशी-अयोध्या

दूरियों को मिटाने का त्योहार है। महाकुम्भ ने जहां दुनिया को एकता का संदेश दिया, वहीं होली इसे और मजबूत करती है।

उन्होंने बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली और लड्डू मार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है। पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सकुशल सम्पन्न होने के बाद अब फुरसत मिली है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी धाम के विकास के उपरांत अब बारी इसी पुण्य भूमि की है। मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है।

उन्होंने कहा कि वह होली के अवसर पर श्री राधारानी जी के श्रीचरणों में इसी निवेदन के साथ पहुंचे हैं। उन्होंने दिल्ली में राम भक्तों की सरकार आने का जिक्र करते हुए यमुना के संरक्षण का वादा दोहराते हुए कहा कि अब यमुना मइया भी गंगा मां की तरह निर्मल और अविरल होंगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संतों का सम्मान किया और देश-दुनिया से आए लोगों को होली व रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है। यह ब्रज भूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र है। डबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है, होली के इस पावन अवसर पर ब्रज भूमि के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने इससे पहले श्री लाडली जी महाराज के मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेश के कल्याण की कामना की।

### बिना भेदभाव

नए भारत में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है। सुरक्षा और समृद्धि सभी के लिए है, विकास के अवसर सभी के लिए हैं, लेकिन किसी का तुष्टिकरण नहीं होगा।

### विधायक अब्बास

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस मामले में अंसारी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अंसारी, नवनीत सचान, नियाज अंसारी, फराज खान और शाहबाज आलम खान के खिलाफ उप्र गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां अधिनियम, 1986 की धारा 2, 3 के तहत चित्रकूट जिले के कोतवाली कर्वी थाने में 31 अगस्त, 2024 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन पर जबरन वसूली और मारपीट का आरोप था। अंसारी मऊ निर्वाचन क्षेत्र से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक हैं।

### आतंकवाद बेहद

मुकाबला करने पर भी कुछ कहना उचित होगा, खासकर ऐसे देश के विदेश मंत्री के रूप में जो लंबे समय से आतंकवादी प्रयासों का शिकार रहा है। उन्होंने कहा आयरलैंड के अहाकिस्ता गांव में एक स्मारक पट्टिका है जो आयरलैंड के तट पर हुए एयर इंडिया के कनिष्क विमान बम विस्फोट के 329 पीड़ितों की याद में स्थापित की गई है। यह हमेशा याद दिलाता है कि यह एक सतत चुनौती है जिससे समग्र रूप से बहुत अधिक संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ निपटने की आवश्यकता है। भारत-यूरोपीय संघ के बीच जारी व्यापार वार्ता के संदर्भ में जयशंकर ने कहा, हम बातचीत कर रहे हैं, और हम मुक्त व्यापार समझौते के लिए काफी लंबे समय से, लगभग 23 वर्षों से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल में यूरोपीय संघ के अध्यक्ष ने 21 आयुक्तों के साथ भारत का दौरा किया था, और अब हम शायद थोड़ा और आशान्वित हैं कि यह अभ्यास समाप्त हो जाएगा, आदर्श रूप से इस वर्ष के अंत तक।

### आतंकवाद में

लिबरेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा वर्ष 2024 में किए गए सबसे घातक आतंकी हमले का जिक्र किया गया है। इस हमले में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आत्मघाती हमलावर ने कम से कम 25 नागरिकों और सैनिकों की जान ले ली थी। जियो न्यूज के मुताबिक, बीएलए और अन्य संगठनों द्वारा किए गए हमलों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन संगठनों के हमले वर्ष 2023 में 116 से बढ़कर वर्ष 2024 में 504 हो गए। इन हमलों में होने वाली मौतों की संख्या चार गुना बढ़कर 388 हो गईं जो 2023 में 88 थीं।

### रेलवे स्टेशनों

दिल्ली, आनंद विहार, वाराणसी, अयोध्या और पटना स्टेशनों पर प्रायोगिक परियोजना शुरू हो चुकी है। इन क्षेत्रों की मदद से अचानक आने वाली भीड़ को प्रतीक्षा क्षेत्र में ही सीमित रखा जा सकेगा। यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर तभी जाने दिया जाएगा जब ट्रेन आएंगी। इससे स्टेशनों पर भीड़ कम होगी। मंत्रालय इन 60 स्टेशनों पर प्रवेश पर नियंत्रण लगाएगा। कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर सीधे प्रवेश दिया जाएगा। इसमें कहा गया है, बिना टिकट यात्रियों या प्रतीक्षा सूची वाला टिकट रखने वाले लोगों को बाहरी प्रतीक्षालय क्षेत्र में इंतजार करना होगा। इसके अलावा सभी अनधिकृत प्रवेश बिंदुओं को सील कर दिया जाएगा। एक और बड़ा फैसला चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाने का है। 12 मीटर चौड़े (40 फुट) और छह मीटर चौड़े (20 फुट) मानक एफओबी के दो नए डिजाइन विकसित किए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि रैंप वाले ये चौड़े एफओबी कुंभ के दौरान भीड़ प्रबंधन में प्रभावी थे। बयान में कहा गया है, महाकुंभ के दौरान कैमरों ने भीड़ प्रबंधन में भी बड़ी सहायता की। इन सभी रेलवे स्टेशनों और आसपास के इलाकों में कड़ी निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे। यह भी कहा गया कि बड़े स्टेशनों पर वॉर रूम बनाए जाएंगे। भीड़भाड़ की स्थिति में सभी विभागों के अधिकारी वॉर रूम में काम करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि नयी पीढ़ी के संचार उपकरणों का भी इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, अधिक भीड़ वाले सभी स्टेशनों पर वॉकी-टॉकी, उद्घोषणा प्रणाली और कॉलिंग प्रणाली जैसे नवीनतम डिजाइन के डिजिटल संचार उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

# फरवरी में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 19 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। फरवरी में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 8,968 इकाई हो गई जिसमें टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। वाहन वितरकों के निकाय फाडा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले साल इसी महीने में कुल यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खुदरा बिक्री 7,539 इकाई रही थी। फेडरेशन ऑफ ऑटो डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने फरवरी, 2025 के ईवी बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि टाटा मोटर्स ने पिछले महीने 3,825 इकाइयां बेचीं, जबकि एमजी मोटर इंडिया ने 3,270 इकाइयां बेचीं। फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने एक बयान में कहा, इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों ने सालाना आधार पर 18.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो बढ़ती उपभोक्ता जागरूकता और व्यक्तिगत वाहन क्षेत्र में ईवी को अपनाने की प्रवृत्ति दर्शाती है। अब ईवी की बाजार हिस्सेदारी तीन प्रतिशत हो गई है। पिछले महीने दोपहिया ईवी खंड में 76,086 इकाइयों की बिक्री हुई, जो फरवरी, 2024 में 82,745 इकाइयों की तुलना में आठ प्रतिशत कम है। बजाज ऑटो ने पिछले महीने 21,389 इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ इस खंड का नेतृत्व किया।

## विकास कौशल एचपीसीएल के चेयरमैन नियुक्त

नयी दिल्ली। सरकार ने निजी क्षेत्र के सलाहकार विकास कौशल को पांच साल के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) का चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। कौशल (53) ने इससे पहले प्रबंधन परामर्शदाता केर्नी में ऊर्जा और प्रक्रिया उद्योगों के लिए वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में काम किया है। उन्होंने केर्नी इंडिया के प्रबंध निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख के रूप में भी काम किया है। यह पहली बार है कि निजी क्षेत्र के किसी सलाहकार को सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनी का प्रमुख बनाया गया है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब सरकार संगठनों के भीतर से उपयुक्त प्रमुखों को खोजने के लिए जूझ रही है। एक सरकारी आदेश में कहा गया, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पात्रता मानदंडों में छूट देते हुए एचपीसीएल के सीएमडी पद पर विकास कौशल की नियुक्ति के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्हें पदभार ग्रहण करने से पांच साल के लिए या अगले आदेश तक नियुक्त किया गया है।

## पेगासस विवाद पर 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह पत्रकारों समेत अन्य की निगरानी के लिए पेगासस स्पाइवेयर (जासूसी करने वाला एक तरह का सॉफ्टवेयर) के कथित अनधिकृत इस्तेमाल की जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 अप्रैल को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी, क्योंकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्थगन की मांग करते हुए कहा कि मामला लंबे समय के बाद सामने आया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि शुक्रवार को केवल दो याचिकाएं सूचीबद्ध थीं और अन्य संबंधित याचिकाएं थीं, जिन पर सुनवाई की आवश्यकता थी। पीठ ने रजिस्ट्री को इस मुद्दे पर सभी मामलों की सुनवाई 22 अप्रैल के लिए तय करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने 25 अगस्त, 2022 को कहा था कि पेगासस के अनधिकृत इस्तेमाल की जांच के लिए उसके द्वारा नियुक्त तकनीकी पैनल ने जांच गए 29 सेलफोन में से पांच में कुछ मैलवेयर पाए, लेकिन यह नहीं माना जा सकता कि इजराइली स्पाइवेयर का इस्तेमाल किया गया था।




## संक्षेप

### आंध्र सरकार राष्ट्रीय खेलों की करेगी मेजबानी !

अमरावती। आंध्र प्रदेश के खेल मंत्री एम राम प्रसाद रेड्डी ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार 2028 में अमरावती में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने की योजना बना रही है। राज्य के खेल मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के निर्देशों के बाद अमरावती में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयारियां चल रही हैं। राम प्रसाद रेड्डी ने विधानसभा में कहा हम मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के निर्देशों के अनुरूप अमरावती को मेजबान शहर बनाकर 2028 के राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य ने सबसे अच्छी खेल नीति पेश की है और सरकारी नौकरियों में खेल कोटा बढ़ाकर तीन प्रतिशत कर दिया गया है।

### चोट के कारण बाहर हो सकते हैं न्यूजीलैंड के हेनरी

दुबई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी कंधे की चोट के कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल से बाहर हो सकते हैं हालांकि कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि वह रविवार को फाइनल तक ठीक हो जायेंगे। हेनरी ने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक दस विकेट लिये हैं जिसमें भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में पांच विकेट शामिल है। तैतीस वर्ष के हेनरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लाहौर में बुधवार को सेमीफाइनल के दौरान घायल हो गए थे। स्टीड ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, मैट के कंधे में चोट लगी है और वह असहज महसूस कर रहा है। उसका स्कैन कराया गया है और उम्मीद है कि वह मैच तक फिट हो जायेगा।

### दृष्टिबाधित महिला खिलाड़ियों के लिए पांच दिवसीय शिविर

बेंगलुरू। भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाली शीर्ष 29 महिला क्रिकेटरों के लिए पांच दिवसीय कोचिंग शिविर आयोजित करेगा। यह शिविर 24 से 28 मार्च तक बेंगलुरु में कराया जाएगा और इसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी भाग लेंगी जिनमें शून्य से लेकर आंशिक दृश्यता तक की श्रेणी शामिल है। सीएबीआई के अध्यक्ष डॉ. महंतेश जी किवादासन्नावर ने कहा, यह शिविर सिर्फ ट्रेनिंग नहीं बल्कि इससे कहीं अधिक है। यह बाधाओं को तोड़ने, प्रतिभा को निखारने और ऐसा भविष्य बनाने के बारे में है जहां महिला दृष्टिहीन क्रिकेट फल-फूल सके।

### रोहित को बड़ा स्कोर बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए : गावस्कर

नयी दिल्ली। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित शर्मा को सिर्फ 25-30 रन बनाकर संतुष्ट नहीं होना चाहिए और लंबी पारी खेलने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि क्रीज पर उनकी मौजूदगी भारत के लिए मैच का रूख बदलने वाला असर डाल सकती है। गावस्कर ने इंडिया टुडे से कहा (अगर) वह (रोहित शर्मा) 25 ओवर भी बल्लेबाजी करते हैं तो भारत 180-200 रन के आसपास होगा। सोचिए कि अगर उन्होंने तब तक सिर्फ दो विकेट खो दिए तो जरा सोचिए कि वे क्या कर सकते हैं। वे 350 रन या इससे अधिक के स्कोर तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा उन्हें इस बारे में भी सोचना चाहिए। आक्रामक होकर खेलना एक बात है, लेकिन 25-30 ओवर तक बल्लेबाजी करने का मौका देने के लिए थोड़ा संयम से खेलना चाहिए। अगर वह ऐसा करता है तो वह विपक्षी टीम से मैच छीन सकता है। इस तरह का असर मैच जीतने वाला होता है। रोहित ने टूर्नामेंट में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रमशः 20, 15 और 28 रन बनाए हैं। गावस्कर ने कहा साथ ही मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज क्या आप 25-30 रन बनाकर खुश हैं? आपको खुश नहीं होना चाहिएउ इसलिए मैं उनसे यही कहूंगा कि अगर आप सिर्फ सात से नौ ओवर के बजाय 25 ओवर तक बल्लेबाजी करते हैं तो इससे टीम पर काफी अच्छा असर पड़ेगा।

# डब्ल्यूपीएल : आरसीबी के खिलाफ उतरेंगी यूपी वारियर्स

## हरमनप्रीत पर डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के कारण जुर्माना



लखनऊ। टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर खड़ी यूपी वारियर्स शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ मैच में जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग के इस सत्र से विदा लेना चाहेगी और इसके लिये मध्यक्रम के उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यूपी की टीम ने कई मौके गंवाये और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। सात मैचों में महज चार अंक के साथ वह तालिका में सबसे नीचे है और तकनीकी दौर पर ही दौड़ में बनी हुई है।

गत चैम्पियन आरसीबी के लिये भी यह सत्र कठिन रहा और उसके छह मैचों में चार ही अंक है। वह लगातार चार मैचों में पराजय झेल चुकी है। वैसे उनके पास अभी एक मैच और है जिससे प्लेआफ की उम्मीदें बनी हुई है। स्मृति मंधाना की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार की यादें अभी भी ताजा है और उनका लक्ष्य बदला चुकता करने का भी होगा। यूपी की टीम बार बार के बदलावों से उबर नहीं सकी और उसका बल्लेबाजी क्रम स्थिर नहीं हो पाया है। पिछले तीन मैचों में शीर्षक्रम में काफी बदलाव किये गए। उन्होंने कम से कम एक विदेशी बल्लेबाज से पारी का आगाज कराया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। भारत की किरण नवगिरे शीर्ष तीन में हमेशा रही लेकिन मिली जुली सफलता मिली। ग्रेस हैरिस ने एक अहम पारी खेली और पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जॉर्जिया वोल चमकी। यूपी का मध्यक्रम हालांकि एक टीम के रूप में नाकाम रहा और ना तो बड़ा स्कोर बन सका और ना ही लक्ष्य का पीछा करने में कामयाब रहे। यूपी की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा हम मध्यक्रम में लगातार गलतियां कर रहे हैं। हमारा शीर्ष और निचला क्रम अच्छा खेल रहा है लेकिन मध्यक्रम पर फोकस करना होगा। उम्मीद है कि आखिरी मैच में वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यूपी वारियर्स ने इस सत्र में सर्वोच्च स्कोर 180 रन आरसीबी के खिलाफ ही बनाये थे।

उन्होंने सुपर ओवर में वह मैच जीता था। दूसरी ओर आरसीबी ने लगातार दो जीत के साथ शुरूआत की थी लेकिन उसके बाद लय से भटक गई। बेंगलुरू में टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी। कप्तान मंधाना को उम्मीद होगी कि जगह बदलने से किस्मत भी बदलेगी। तालिका में चौथे स्थान पर काबिज आरसीबी के बल्लेबाज पिछले दो मैचों में नाकाम रहे और मंधाना का अपना फॉर्म चिंता का विषय है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 81 रन बनाने के बावजूद वह स्पिनरों के खिलाफ जूझती नजर आई। इसी तरह आरसीबी के गेंदबाज भी लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। उन्होंने पिछले मैच में सात गेंदबाजों को आजमाया लेकिन सफलता नहीं मिली। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने टूर्नामेंट में अभी तक दस विकेट लिये हैं जबकि स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम ने नौ विकेट चटकाये हैं। लेकिन दोनों सही लाइन और लैंग्थ से गेंदबाजी नहीं कर पाई हैं। स्पिनर एकता बिष्ट और कनिका आहूजा भी बीच के ओवरों में उतना प्रभावित नहीं कर पाईं। मैच शाम 7.30 से शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर

मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत पर यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के लिये मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना यूपी की पारी के 19वें ओवर की है जब अंपायर अजितेष अर्गल ने हरमनप्रीत से कहा कि धीमी ओवरगति के कारण आखिरी ओवर में सिर्फ तीन फील्डर सर्कल के बाहर रह सकते है। इससे खफा हरमनप्रीत ने अंपायर से संक्षिप्त बहस की और उनकी साथ एमेलिया केर भी इसमें जुड़ गई। डब्ल्यूपीएल ने एक बयान में कहा, हरमनप्रीत कौर ने धारा 2.8 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है। इसमें कहा गया लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।

## अरविंद प्राग मास्टर्स खिताब के करीब




प्राग (चेक गणराज्य)। ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में चेक गणराज्य के डेविड नावारा से आसान ड्रॉ खेलने के बाद पहला बड़ा टूर्नामेंट जीतने के करीब पहुंच गए हैं। अराविंद के अब 5.5 अंक हो गए हैं और वह आर प्रज्ञानानंदा से आधा अंक आगे हैं जिन्होंने वियतनाम के कुआंग लीम ली से ड्रॉ खेला। आखिरी दौर में अराविंद का सामना तुर्किये के एडिज गुरेल से और प्रज्ञानानंदा का नीदरलैंड के अनीश गिरि से होगा। पहले तीन मुकाबले हारने के बाद चीन के ग्रैंडमास्टर वेइ यि ने शानदार वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी एंगुयेन थाइ दाइ वान को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। जर्मनी के विंसेंट केमेर, गुरेल और गिरि चौथे स्थान पर हैं।उनके बाद कुआंग लीम, नावारा और सैम शैंकलैंड हैं।

**महिला टेनिस खिलाड़ियों को अब सवैतनिक मातृत्व अवकाश**

वॉशिंगटन। महिला टेनिस टूर पर गर्भवती खिलाड़ियों को अब बारह महीने का सवैतनिक मातृत्व अवकाश मिल सकता है और जो साथी गर्भावस्था, सरोगेसी या गोद लेने के माध्यम से माता-पिता बनते हैं, उन्हें सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष द्वारा प्रायोजित और डब्ल्यूटीए द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत वेतन के साथ दो महीने की छुट्टी मिल सकती है। डब्ल्यूटीए के सीईओ पोर्टिया आर्चर ने कहा, स्वतंत्र अनुबंध वाले और स्व-रोज़गार वाले व्यक्तियों को आम तौर पर इस प्रकार के मातृत्व लाभ उपलब्ध नहीं होते हैं। उन्हें अपने लिए उन लाभों का पता लगाना होता है। यह वास्तव में अनूठा और अभूतपूर्व है। इस कोष से लाभ के लिये 300 से ज्यादा खिलाड़ी पात्र होंगे जो एक जनवरी से पूर्वव्यापी होगा। डब्ल्यूटीए ने यह नहीं बताया कि कितना पैसा इसमें मिलेगा। इसके तहत अंडाणु फ्रीज कराने और आईवीएफ जैसे प्रजनन उपचारों के लिये भी अनुदान मिलेगा। हाल ही में कई महिला खिलाड़ी मां बनने के बाद कोर्ट पर लौटी हैं मसलन तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेंचिच ने अक्टूबर में मातृत्च अवकाश से लौटने के बाद खिताब जीता। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सेरेना विलियम्स, नाओमी ओसामा, किम क्लाइजर्स, कैरोलिन वोज्नियाकी और विक्टोरिया अजारेंका ने भी मां बनने के बाद वापसी की।

## सीनियर स्तर पर शानदार पदार्पण साक्षी की नजरें जूनियर विश्व कप पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम के साथ सफल पदार्पण के बाद युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा अब अपनी रफ्तार पर काम कर रही है और उनकी नजरें चिली में इस साल के आखिर में होने वाले जूनियर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन पर लगी है। सत्रह वर्ष की साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में गोल किया हालांकि भारत वह मुकाबला 3.4 से हार गया था।

साक्षी ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी लिहाजा इसे लेकर बहुत खुश हूं। मैं मैच से पहले इतनी नर्वस नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन किया और मुझे कहा कि तुम्हारे पहले मैच में कोई गलती नहीं है लिहाजा खुलकर खेलो। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था। मैने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है। मैने शॉट लिया और जब हर कोई चिल्लाने लगा तो मुझे अहसास हुआ कि गोल हो गया है। साक्षी ने कहा मैने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे लगा कि रफ्तार कितनी अहम है। मुझे मैदान पर तेज रफ्तार रहना होगा चूंकि मैं फॉरवर्ड पंक्ति में हूं। अब मैं इस पर काम कर रही हूं। साक्षी पिछले साल जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में शामिल थी। उन्होंने कहा मेरा फोकस जूनियर विश्व कप पर है और मैं इसके लिये काफी मेहनत कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत को एक और पदक दिलाने में अहम भूमिका निभा सकती हूं।

## इंग्लैंड के सफेद गेंद के नये कप्तान हो सकते हैं स्टोक्स

लंदन। जोस बटलर के इस्तीफे के बाद इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स सीमित ओवरों के प्रारूप में अगले कप्तान हो सकते हैं और ईसीबी के निदेशक रॉब की ने कहा कि खुद को अविश्वसनीय रणनीतिकार साबित कर चुके इस करिश्माई हरफनमौला के नाम पर विचार नहीं करने वाला मूर्ख ही होगा। चैम्पियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाले के बाद बटलर ने टूर्नामेंट के बीच में ही कप्तानी छोड़ दी थी। इससे पहले भारत में श्रृंखला में भी उसे पराजय मिली। तैतीस बरस के स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर थे। उन्होंने 2023 विश्व कप के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेली है जब उन्होंने इस प्रारूप से विदा लेने का अपना फैसला वापिस ले लिया था। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड में पुरूष क्रिकेट निदेशक की ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा बेन स्टोक्स सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से है। उसके नाम पर विचार नहीं करने वाला मूर्ख होगा। उन्होंने कहा वह अविश्वसनीय रूप से अच्छा रणनीतिकार है जो हमने टेस्ट क्रिकेट में देखा। वह खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा पाता है। वह ऐसा इंसान है जो दबाव के हालात में खिलाड़ियों की ढाल बनकर उन्हें खुद पर भरोसा रखने में मदद करता है।

## नोएडा के देवांश भटनागर बने चैंपियन, लखनऊ के सुमित उपविजेता

खेल संवाददाता



लखनऊ। नोएडा के देवांश भटनागर ने उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनपिन बॉलिंग टूनार्मेंट-2025 में रोमांचक फाइनल में प्रतिद्वंद्वी लखनऊ के सुमित वैश्य के खिलाफ संघर्षपूर्ण प्रदर्शन से विजेता ट्रॉफी जीत ली। उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन (यूपीटीबीए) के तत्वावधान में लखनऊ के लुलू मॉल स्थित फंटुरा बॉलिंग सेंटर में आयोजित टूनार्मेंट के तीसरे दिन खेले गए फाइनल में देवांश

**उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनपिन बॉलिंग टूर्नामेंट**

भटनागर ने कुल 358 पिनफॉल अर्जित किए जबकि 29 पिनफॉल से पिछड़े उनके प्रतिद्वंद्वी सुमित वैश्य 329 पिनफॉल के साथ उपविजेता रहे। पहले गेम में सुमित (171) ने देवांश (161) को केवल 10 पिन से हराया। हालांकि दूसरे गेम में देवांश ने बेहतर रणनीति अपनाई और तीन लगातार स्ट्राइक से जीत सुनिश्चित की। दूसरे गेम में देवांश ने 197 जबकि सुमित ने 158 पिनफॉल अर्जित किए। इस टूनार्मेंट में कानपुर के पदम वर्धन तीसरे व लखनऊ के प्रियांशु यादव चौथे स्थान पर रहे। विशेष पुरस्कारों में मैक्सिमम 200 में देवांश भटनागर ने और पदम वर्धन ने बराबरी की। दोनों ने आज खेले गए मुकाबलों में चार बार 200 से ऊपर का स्कोर किया। एकल खेल में उच्चतम स्कोर में देवांश भटनागर और सुमित वैश्य के बीच टाई रहा, दोनों ने एक ही गेम में 223 का उच्चतम स्कोर किया। वहीं आज खेले गए सेमीफाइनल में लखनऊ के सुमित वैश्य (395 पिनफॉल) ने कानपुर के पदम वर्धन (329) को 66 पिन के अंतर से हराया। दूसरे सेमीफइनल में देवांश भटनागर (332 पिनफॉल) ने लखनऊ के प्रियांशु यादव (305 पिनफॉल) को 27 पिन के अंतर से शिकस्त दी। इससे पूर्व क्वार्टर फाइनल में देवांश भटनागर (362 पिनफॉल) ने आनंद (356 पिनफॉल) को, कानपुर के पदम वर्धन (361 पिनफॉल) ने लखनऊ के विक्की वर्मा (255 पिनफॉल) को, लखनऊ के सुमित वैश्य (394 पिनफॉल) ने कानपुर के शुभम गोयनका (293 पिनफॉल) को और लखनऊ के प्रियांशु यादव (345 पिनफॉल) ने कानपुर के संदीप मारवाह (303 पिनफॉल) को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

## फाइनल में वरुण सबसे बड़ा खतरा

दुबई। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उनकी टीम के लिए वरुण चक्रवर्ती सबसे बड़ा खतरा होंगे तथा इस रहस्यमयी स्पिनर से निपटने के लिए उनकी टीम को अपनी सोच का दायरा बढ़ाना होगा। स्टीड ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा, उसने हमारे खिलाफ पिछले मैच में 42 रन देकर पांच विकेट लिए थे इसलिए हमें पूरी उम्मीद है कि वह खेलेगा। वह बहुत अच्छा गेंदबाज है और हमारे खिलाफ पिछले मैच में उसने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया था। वह इस मैच में हमारे लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा, इसलिए हमें अपनी सोच इस पर केंद्रित करनी होगी कि हम कैसे उसे नाकाम कर सकते हैं और किस तरह से उसके खिलाफ रन बना सकते हैं। स्टीड ने कहा कि इसके लिए उनकी टीम भारत के खिलाफ लीग चरण के मैच से कुछ सीख लेगी। उन्होंने इसके साथ ही इस बात को भी कोई खास तवज्जो नहीं दी कि भारत को यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ होने का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कार्यक्रम तैयार करना हमारे हाथ में नहीं है, इसलिए हमें इसको लेकर बहुत अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं है। भारत ने अपने सभी मैच यहां दुबई में खेले लेकिन हमें भी यहां एक मैच खेलने का मौका मिला और हम उस अनुभव से सीख लेना चाहेंगे। स्टीड ने कहा जब आप टूर्नामेंट के इस चरण में आते हैं। मेरे कहने का मतलब है कि शुरुआत में हमारे पास आठ टीमें थीं और अब दो रह गई है। इस मुकाम पर पहुंचना बहुत रोमांचक होता है और हमारा मानना है कि यह भी एक अन्य मैच की तरह है।

## वाणी ने लगातार दूसरा डब्ल्यूपीजीटी खिताब जीता

एजेंसी



गुरुग्राम। भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने शुक्रवार को यहां बैक नाइन पर एक बर्डी और आठ पार से एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह आसानी से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के पांचवें चरण का खिताब जीतने में कामयाब रहीं। वाणी इस तरह रिद्धिमा दिलावारी (70) और रिया झा (73) पर तीन शॉट से आगे रहीं और लगातार दूसरा खिताब हासिल किया। उन्होंने पिछले महीने चौथा चरण भी जीता था। डब्ल्यूपीजीटी के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार वाणी ने 70-75-71 के कार्ड खेले जिससे 54 होल में उनका कुल स्कोर इवन पार 216 का रहा।

**शुभंकर की जोबर्ग ओपन में मजबूत शुरुआत**

जोहानिसबर्ग। भारत के शुभंकर शर्मा ने जोबर्ग ओपन गोल्फ में अच्छी शुरूआत करते हुए पहले दौर में चार अंडर 66 के स्कोर के साथ संयुक्त 17वां स्थान हासिल कर लिया। शर्मा ने पांच बर्डी लगाये और एक बोगी किया। वह 2017 में यहां खिताब जीत चुके हैं। भारत के वीर अहलावत तीन ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 127वें स्थान पर हैं और कट में प्रवेश के लिये दूसरे दौर में उन्हें शानदार प्रदर्शन करना होगा। चीन के वेंइ डिंग ने इंग्लैंड के जोर्डन स्मिथ के साथ पहले दौर के बाद बढत बना ली है।

**श्रीलंका के गोल्फर थंगराजा ने अहमदाबाद ओपन जीता**

अहमदाबाद। श्रीलंका के गोल्फर एन थंगराजा ने शुक्रवार को यहां एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि के अहमदाबाद ओपन में अंतिम दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए पांच शॉट से जीत दर्ज की। थंगराजा (43 वर्ष) ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलकर बीती रात मिली बढ़त का फायदा उठाया और खिताब जीत लिया। यह उनका पांचवां पीजीटीआई खिताब था। 2023 के बाद पहली जीत हासिल करने वाले थंगराजा ने 15 लाख रुपये चेक प्राप्त किया। इसने उन्हें पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में सातवें से दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। उन्होंने 65-73-69-73 के कार्ड खेलकर कुल आठ अंडर 280 का स्कोर बनाया। मैसूर के गोल्फर यशस चंद्रा (72-70-70-73) ने भी अंतिम दौर में 73 का स्कोर बनाया और तीन अंडर 285 के कुल स्कोर के साथ उपविजेता रहे।

**कट में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनी गुंतास कौर संधू**

दा नांग (वियतनाम)। गुंतास कौर संधू यहां एलीट महिला एमेच्योर एशिया-पैसिफिक चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गईं। नौवीं कक्षा की छात्रा गुंतास ने पिछले महीने दो फरवरी को अपना 14वां जन्मदिन मनाया था। वह 2018 में शुरू हुई इस प्रतियोगिता में पहली बार भाग ले रही है। उन्होंने पहले दो दौर में 73 और 71 का स्कोर बनाया और संयुक्त 39वें स्थान पर रहकर कट में जगह बनाई। गुंतास के अलावा मन्नत बराड़ (67-76) और सानवी सोमू (72-74) भी कट हासिल करने में सफल रही। प्रतियोगिता में भाग ले रही तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी हीना कांग (76-73), ज़ारा आनंद (76-74) और काशिका मिश्रा (78-79) कट से चूक गईं।

## भारतीय टीम की स्थिति को भी उजागर करती है छेत्री की वापसी

एजेंसी




नयी दिल्ली। सुनील छेत्री के 40 साल की उम्र में संन्यास से वापसी करने के फैसले को अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने भले ही बुद्धिमता पूर्ण करार दिया हो लेकिन इससे भारतीय फुटबॉल की खराब स्थिति का भी पता चलता है जहां एक अरब 40 करोड़ जनसंख्या वाले देश में एक अदद स्ट्राइकर तैयार नहीं हो पाया। उस खिलाड़ी की जितनी भी तारीफ की जाए कम है जिसने लगभग दो दशक तक राष्ट्रीय टीम को अपनी सेवाएं दी और भारत की तरफ से सर्वाधिक 94 गोल करके अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहा था। छेत्री ने पिछले साल मई में सन्यास की घोषणा की थी तब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक गोल करने वाले सक्रिय खिलाड़ियों की सूची में पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी के बाद तीसरे नंबर पर थे। लेकिन छेत्री की उपलब्धियां अपनी जगह हैं और उनका संन्यास लेने के एक साल से भी कम समय में वापसी करने का फैसला चौंकाने वाला है और इससे भारतीय फुटबॉल को लेकर अच्छे संकेत नहीं गए। एआईएफएफ के अनुसार उन्हें राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ उन्हें संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने में सफल रहे। मुख्य कोच ने उन्हें एएफसी एशिया कप 2027 के क्वालीफायर्स के अंतिम दौर के लिए टीम से जुड़ने का आग्रह किया था। छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद भी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में बेंगलुरू एफसी की तरफ से खेलते रहे। वह इस टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में अभी तक 23 मैच में 12 गोल कर चुके हैं। उनके इस प्रदर्शन के कारण ही राष्ट्रीय कोच ने उन्हें राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए कहा। आईएसएल में उनके प्रदर्शन से एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे भी प्रभावित थे। चौबे ने कहा, सुनील की नेतृत्व क्षमता बेजोड़ है। उनके जैसा खिलाड़ी पूरी टीम को प्रेरित कर सकता है। आईएसएल में उनकी फॉर्म भी शानदार रही है। उन्होंने 12 गोल किए हैं और उनके जैसे स्ट्राइकर से भारत को काफी फायदा हो सकता है। चौबे की तरह एआईएफएफ महासचिव अनिलकुमार पी और अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी आईएम विजयन ने भी इस फैसले के सकारात्मक पक्ष पर ही ध्यान देना उचित समझा। अनिलकुमार ने पीटीआई से कहा, हमारे विशेषज्ञों से हमें जो आंकड़े मिले उसके आधार पर सुनील छेत्री को टीम में शामिल करने का मुख्य कोच का फैसला बुद्धिमत्ता पूर्ण है। मौजूदा इंडियन सुपर लीग में छेत्री निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी वापसी से निश्चित तौर पर राष्ट्रीय टीम को मजबूती मिलेगी। अपने जमाने के दिग्गज स्ट्राइकर और एआईएफएफ की तकनीकी समिति के प्रमुख विजयन से जब छेत्री की वापसी पर अपने विचार साझा करने के लिए कहा गया तो वह उत्साहित दिखे। विजयन ने पीटीआई से कहा, राष्ट्रीय टीम के दृष्टिकोण से यह अच्छा फैसला है। आप मुझसे पूछ रहे हैं कि आप एक 40 वर्षीय खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के लिए वापस बुला रहे हैं, लेकिन अतीत में भी इसी तरह के उदाहरण सामने आए हैं।

# शाह ने स्टालिन पर साधा निशाना

एजेंसी

रानीपेट (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार में भाषा के मुद्दे पर छिड़े विवाद के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा प्रदान करने को कहा तथा तमिल भाषा की भी सराहना की।



भाषा के मुद्दे, विशेष रूप से स्टालिन द्वारा हिंदी थोपे जाने का आरोप लगाते हुए इसका विरोध करने को लेकर शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बदलाव किए हैं और अब यह सुनिश्चित किया है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के अभ्यर्थी अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा दे सकें। चेन्नई से करीब 70 किलोमीटर दूर रानीपेट में आरटीसी थक्कोलम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 56वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा में उत्तर पुस्तिका तमिल में भी लिखी जा सकेगी। उन्होंने कहा, मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से छात्रों के लाभ के लिए राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा शुरू करने की अपील करता हूं। राज्य में भाषा को लेकर जारी विवाद के बीच शाह की मुख्यमंत्री को निशाना साधते हुए ये टिप्पणी सामने आई। सत्तारूढ़ द्रमुक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के माध्यम से हिंदी लागू करने का दावा कर रही है, हालांकि केंद्र ने इसका खंडन किया है।

राज्य सरकार ने कहा है कि वह केवल द्वि-भाषा नीति, यानी तमिल और अंग्रेजी का पालन करेगी। उन्होंने तमिलनाडु की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति ने भारत की सांस्कृतिक धारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, चाहे वह प्रशासनिक सुधार हो, आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त करना हो, शिक्षा हो या राष्ट्र की एकता और अखंडता हो, तमिलनाडु ने हर क्षेत्र में भारतीय संस्कृति को मजबूत किया है। इस कार्यक्रम में अर्द्धसैनिक बल की टुकड़ियों का मार्च पास्ट, योग प्रदर्शन और कमांडो अभियान का प्रदर्शन किया गया। शाह ने कहा कि तमिल भाषा, संस्कृति और परंपराएं भारत की विरासत के अमूल्य रत्न हैं, जिन्हें आज पूरा देश गर्व से अपनाता है।

## वंचितों को मिले विकास का लाभ : मुर्मू



एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए। यहां राष्ट्रपति भवन में उनसे मुलाकात करने आए राज्य लोक सेवा अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने उनसे अपने कामकाज में स्थिरता और समावेशिता के सिद्धांतों को बनाए रखने का भी आग्रह किया। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली और सरकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में राष्ट्रीय एवं समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शासन का सार लोगों की आवश्यकताओं के प्रति जवाबदेही और संवेदनशीलता में निहित है। उन्होंने कहा, साथ ही, विकास का फायदा समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए। अधिकारी मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 126वें प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को उनकी पदोन्नति और भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने पर बधाई दी और कहा कि उन्हें अपनी नयी भूमिका में दूसरों को प्रेरित करना चाहिए और उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

संक्षेप

### युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका

ब्रसेल्स। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता अगले सप्ताह सऊदी अरब में होगी। जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह सोमवार को सऊदी अरब जाएंगे और उनकी टीम अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए वहीं रुकेगी। उन्होंने कहा, मैं शहजादे से मिलने के लिए सऊदी अरब जाने वाला हूं। उसके बाद मेरी टीम अमेरिकी भागीदारों के साथ काम करने के लिए सऊदी अरब में रहेगी। यूक्रेन शांति में सबसे अधिक रुचि रखता है।

### यमन और जिबूती के पास पलटी प्रवासियों की नौका

काहिरा। यमन और जिबूती के तटवर्ती जलक्षेत्र में चार नौकाओं के पलट जाने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई और 186 लापता हो गए। इन नौकाओं पर अफ्रीकी प्रवासी सवार थे। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने दी है। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन प्रवक्ता तमिम एलियन ने बताया कि इनमें से दो नौकाएं बृहस्पतिवार देर रात को यमन के तट के पास पलट गईं। उन्होंने बताया कि चालक दल के दो सदस्यों को बचा लिया गया, लेकिन 181 प्रवासी और यमन के पांच चालक दल के सदस्य अभी भी लापता हैं।

## द.कोरिया की अदालत ने राष्ट्रपति को जेल से रिहा करने का आदेश दिया

एजेंसी

सियोल। दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल को जेल से रिहा करने का आदेश दिया है।

यून को तीन दिसंबर को मार्शल लॉ लगाने के अपने आदेश के सिलसिले में, विद्रोह भड़काने के आरोप में जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। जांच अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि यून का मार्शल लॉ लगाने का आदेश विद्रोह के समान है। अगर वह इस अपराध के लिए दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। दिसंबर में सांसदों ने यून पर अलग से महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की थी, जिसके बाद मामला संवैधानिक न्यायालय पर छोड़ दिया गया। यून के राष्ट्रपति पद को औपचारिक रूप से समाप्त किया जाए या उसे बहाल किया जाए, इसका फैसला संवैधानिक न्यायालय करेगा। अगर संवैधानिक न्यायालय यून के महाभियोग को बरकरार रखता है, तो उन्हें आधिकारिक रूप से पद से हटा दिया जाएगा।

## मोदी-चिनफिंग की बैठक से मिले सकारात्मक नतीजे

एजेंसी

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन के संबंधों में सकारात्मक प्रगति हुई है और पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय तक चले सैन्य गतिरोध के पिछले वर्ष समाप्त होने के बाद सभी स्तरों पर उत्साहजनक नतीजे प्राप्त हुए हैं। वांग ने यह टिप्पणी यहां अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान की। उनसे पूछा गया था कि दोनों देशों के बीच संबंधों में लंबे समय तक चले गतिरोध को समाप्त करने के बाद चीन द्विपक्षीय संबंधों को किस तरह देखता है। वांग ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच



रूस के कजान शहर में सफल बैठक के बाद पिछले वर्ष चीन-भारत संबंधों में सकारात्मक प्रगति हुई है। वांग ने यहां आयोजित चीन की संसद के वार्षिक सत्र से इतर कहा कि शी और मोदी दोनों ने कजान में हुई बैठक में संबंधों में सुधार के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद, दोनों पक्षों ने नेताओं के बीच बनी आम समझ का ईमानदारी से पालन किया, सभी स्तरों पर आदान-प्रदान और व्यावहारिक सहयोग को मजबूत किया तथा कई सकारात्मक परिणाम हासिल किए। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद, दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैनिकों को पीछे हटाने पर भारत-चीन समझौते का पिछले साल 23 अक्टूबर को समर्थन किया था।

## रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड पर की भारी बमबारी



एजेंसी

कीव। रूस ने बृहस्पतिवार रात यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। यूक्रेनी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ये हमले राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के इस बयान के कुछ घंटों बाद हुए कि रूस से तीन साल से जारी युद्ध की समाप्ति के लिए अमेरिका के साथ बातचीत अगले हफ्ते होगी।

यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हर्मन हालुशेंको ने फेसबुक पर लिखा, यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि इन हमलों में एक बच्चे समेत कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। हालुशेंको ने कहा, रूस ऊर्जा और गैस उत्पादन सुविधाओं पर हमला करके आम यूक्रेनियों को चोट पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। वह हमें बिजली और गैस से वंचित करने का अपना लक्ष्य नहीं त्याग रहा है, और आम नागरिकों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रहा है। युद्ध के दौरान रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संबंधी बुनियादी ढांचे को लगातार निशाना बनाया है।

हमलों के कारण यूक्रेन की बिजली उत्पादन क्षमता में कमी आई है और सर्दियों के मौसम में अहम तापन व्यवस्था के अलावा पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। यूक्रेनी अधिकारियों ने रूस पर नागरिकों का मनोबल गिराने की कोशिशों के तहत सर्दियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। क्रेमलिन (रूस का राष्ट्रपति कार्यालय) के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को कहा कि ऊर्जा ग्रिड युद्ध में एक वैध लक्ष्य है, क्योंकि यह यूक्रेन के सैन्य औद्योगिक परिसर और हथियार उत्पादन से जुड़ा हुआ है। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने रातभर में 39 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया।

## सीरियाई सेना पर असद समर्थकों का हमला

एजेंसी

दमिश्क (सीरिया)। सीरिया के जबलेह शहर में बंदूकधारियों ने बृहस्पतिवार को सीरियाई पुलिस गश्त दल पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें कम से कम 13 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। हमला ऐसे समय में हुआ है जब सीरिया के जबलेह क्षेत्र में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के लोगों और इस्लामी संगठनों के बीच तनाव तेज है। दिसंबर की शुरुआत में इस्लामवादी हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व में विद्रोही समूहों ने असद शासन का तख्तापलट कर दिया था। ब्रिटेन के मानवाधिकार संगठन सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि लताकिया शहर के पास जबलेह शहर में घात लगाकर किए गए हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए। निगरानी समूह के प्रमुख रामी अब्दुर्हमान ने कहा कि पुलिस बल पर अलावी समुदाय के लोगों ने घात लगा कर हमला किया। अब्दुर्हमान ने कहा, शासन के पतन के बाद से ये सबसे अधिक हिंसक झड़प हैं। दमिश्क में एक स्थानीय अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि घात लगाकर किए गए हमले में जनरल सिक्योरिटी डायरेक्टरेट के 13 सदस्य मारे गए। अरब में प्रसारित होने वाले टेलीविजन चैनल अल-जजीरा ने कहा कि उसके कैमरामैन रियाद अल-हुसैन संघर्ष को कवर करते समय घायल हो गए।

सरकारी मीडिया ने बताया कि अधिकारियों ने पास के शहर टार्टस में 12 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया है। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए क्षेत्र में बड़ी संख्या में अतिरिक्त बल भेजा जा रहा है। स्थानीय मीडिया ने सुरक्षा अधिकारी साजिद अल-दीक के हवाले से कहा कि स्थिति नियंत्रण में है।

## बहुत अधिक शुल्क लगाने वाला देश है भारत : ट्रंप

एजेंसी

न्यूयॉर्क वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत बहुत अधिक शुल्क वसूलने वाला देश है। ट्रंप ने दोहराया कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर जवाबी शुल्क दो अप्रैल से लागू होंगे। उन्होंने कहा, सबसे बड़ी बात दो अप्रैल को होगी जब जवाबी शुल्क लागू होंगे, फिर चाहे वह भारत हो या चीन या कोई भी देश भारत बहुत अधिक शुल्क लगाने वाला देश है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को ओवल ऑफिस (अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय) में कुछ शासकीय आदेशों पर हस्ताक्षर करते हुए कहा, मैं आपको बताता हूं कि उच्च शुल्क वाला देश कौन है। वह कनाडा है। कनाडा हमसे हमारे दूध उत्पाद और अन्य उत्पादों पर 250 प्रतिशत शुल्क लेता है और लकड़ी एवं ऐसी ही चीजों पर बहुत ज्यादा शुल्क लगाता है। हमें उनकी लकड़ी की जरूरत नहीं है। हमारे पास उनकी तुलना में ज्यादा लकड़ी है। हमें कनाडा की लकड़ी की जरूरत नहीं है।

इंटरटेनमेंट...

## माई मेलबर्न फिल्म आप्रवासियों व शरणार्थियों की कहानी : कबीर

मुंबई। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता कबीर खान का मानना है कि प्रवासियों और शरणार्थियों को एक ही नजरिए से नहीं देखना चाहिए। उनकी फिल्म माई मेलबर्न एक ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी पेश करती है जिसमें एक अफगान लड़की तालिबान शासन से बचकर मेलबर्न में नयी जिंदगी शुरू करती है। माई मेलबर्न फिल्म में इम्तियाज अली, रीमा दास और ओनिर के सेगमेंट भी नजर आएंगे। यह फिल्म यौनिकता, स्त्री-पुरुष, विकलांगता और नस्ल जैसे विविधता के चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। कहानी के इस खण्ड का शीर्षक सेटारा है जिसमें 15 वर्षीय अफगान लड़की की यात्रा को जीवंत किया गया है। वह लड़की तालिबान से भागकर मेलबर्न आई है। वह पारिवारिक तनाव और अतीत के आघात के बीच क्रिकेट के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ती है। कबीर खान ने साक्षात्कार में कहा, कियह एक उत्साहजनक कहानी है। क्रिकेट के माध्यम से तारा का सपना पूरा होता है। अगर आप प्रवासियों को सिर्फ एक ही नजरिए से देखेंगे, तो वे कभी समाज में योगदान नहीं कर पाएंगे। लेकिन अगर आप उन्हें अपनाएंगे, तो वे भी आपके लिए योगदान देंगें कबीर खान ने बताया कि उन्हें अफगान महिला क्रिकेट टीम की कहानी से




प्रेरणा मिली। दो साल पहले जब वह अपनी फिल्म 83 के लिए मेलबर्न में एक पुरस्कार लेने पहुंचे थे, तब उन्होंने इन महिलाओं से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा, जब तालिबान ने दोबारा सत्ता संभाली, तो इन खिलाड़ियों को देश छोड़ना पड़ा। मेलबर्न ने उनका स्वागत किया और उन्हें क्रिकेट जारी रखने का अवसर दिया। मैं सेतारा से मिला था। वह अफगानिस्तान में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना चाहती थी, लेकिन उसे अपना देश छोड़ना पड़ा। उसकी कहानी को फिल्म के माध्यम से दिखाने का विचार यहीं से आया। कबीर खान का अफगानिस्तान से पुराना नाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत वृत्तचित्र फिल्म निर्माता के रूप में की थी और अपनी पहली फिल्म काबुल एक्सप्रेस भी वहीं बनाई थी। उन्होंने बताया मैंने अफगानिस्तान में काफी समय बिताया है, वहां के हालात को करीब से देखा है। तालिबान के दोबारा कब्जे के बाद भी मैं वहां के लोगों के संपर्क में हूं। एक वृत्तचित्र फिल्मकार के रूप में मेरे अनुभव ने इस कहानी को अधिक प्रामाणिक बनाने में मदद की। सेतारा की मुख्य भूमिका में कोई प्रसिद्ध अभिनेत्री नहीं, बल्कि वास्तविक सेतारा को लिया गया है। कबीर खान ने बताया कि उन्होंने किसी अन्य अभिनेता की जगह असली किरदार को प्राथमिकता दी ताकि कहानी की प्रामाणिकता बनी रहे। इस फिल्म में एम्मा (रीमा दास), जूल्स (इम्तियाज अली) और नंदिनी (ओनिर) की कहानियां भी शामिल हैं। यह फिल्म 14 मार्च को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कबीर खान ने कहा कि उन्हें इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस सफलता से ज्यादा इसकी सामाजिक महत्ता की परवाह है। उन्होंने कहा हर फिल्म को हर किसी के लिए नहीं बनाया जाता।

### अजय देवगन ने एआई कंपनी की घोषणा की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने शुक्रवार को प्रिसमिक्स नामक कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित मीडिया कंपनी की घोषणा की, जिसमें जनरेटिव एआई स्टोरीटेलिंग की खासियत होगी। देवगन ने कहा कि एआई कहानी कहने की कला और बेहतर बना सकता है।

अभिनेता अजय देवगन ने एक बयान में कहा कि अब सिर्फ एक उपकरण नहीं है, बल्कि यह एक रचनात्मक साथी बन चुका है, जो फिल्म निर्माताओं और ब्रांड्स को उनकी कल्पनाओं को नए और अद्भुत तरीकों से साकार करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है मीडिया क्षेत्र में क्रांति लाना और उच्च गुणवत्ता वाली एआई चालित सामग्री को अधिक सुलभ और विस्तार योज्ञ बनाना है। देवगन प्रिसमिक्स के चेयरमैन के रूप में काम करेंगे।

## अनुपम खेर ने हरिद्वार में मनाया 70वां जन्मदिन, अनिल कपूर भी रहे मौजूद



मुंबई। अनुपम खेर ने हरिद्वार में 70वां जन्मदिन मनाया, अनिल कपूर भी रहे मौजूद विख्यात फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने शुक्रवार को अपना 70 वां जन्मदिन यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि हरिहर आश्रम में अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनाया। इस अवसर पर उनके करीबी मित्र एवं अभिनेता अनिल कपूर पत्नी सुनीता के साथ मौजूद थे। इस मौके पर खेर ने आश्रम के पारद शिवलिंग का अभिषेक किया। आश्रम में उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैंने महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में स्वामी जी के शिविर में दो दिन बिताए थे। मेरा यह जन्मदिन एक मील का पत्थर है, इसलिए मैंने इसे यहां सनातन तरीके से मनाने का फैसला किया। मैंने अपने तथा अपनी पत्नी किरण के अच्छे स्वास्थ्य और अपनी अभी तक रिलीज नहीं हुई फिल्म तन्वी द ग्रेट की सफलता के लिए प्रार्थना की।

## तीन दिन डीआरआई हिरासत में अभिनेत्री रान्या राव

एजेंसी

बेंगलुरु। आर्थिक अपराध मामलों की विशेष अदालत ने शुक्रवार को अभिनेत्री रान्या राव को तीन दिन के लिए राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की हिरासत में भेज दिया। राव को इस सप्ताह की शुरूआत में दुबई से 14.2 किलोग्राम सोने की तस्करी के आरोप में केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। डीआरआई ने तस्करी किए गए सोने के स्रोत और उसके संभावित प्राप्तकर्ताओं की जांच के लिए अभिनेत्री को हिरासत में लेकर पूछताछ करने का अनुरोध किया और मामले में राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से संभावित संबंध की दलील दी। अदालत ने अनुरोध स्वीकार करते हुए मामले में आगे की जांच की अनुमति दे दी। सुनवाई के दौरान, डीआरआई ने



अभिनेत्री की हिरासत के अपने अनुरोध के समर्थन में राव से प्राप्त एक बयान भी प्रस्तुत किया। जांचकर्ताओं ने खुलासा किया कि राव, जिनकी पहचान उनके पासपोर्ट में हर्षवर्दिनी रान्या के रूप में की गई है, पिछले छह महीनों में 27 बार दुबई की यात्रा कर चुकी हैं, जिससे इन लगातार यात्राओं की प्रकृति के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। राव ने अपनी गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर दुबई के रियलएस्टेट सेक्टर में स्वतंत्र रूप से काम करने का दावा किया। राव ने बृहस्पतिवार को जमानत के लिए आवेदन किया था, लेकिन अदालत ने डीआरआई के हिरासत अनुरोध के बाद इस पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 34 वर्षीय कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव के पास से 14.2 किलोग्राम सोने की छड़ें जब्त की गईं, जिनका अनुमानित मूल्य 12.56 करोड़ रुपये है। इसके बाद अभिनेत्री के आवास की तलाशी में 2.06 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपये नकद जब्त किये गए। राव वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com